

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 12 मार्च, 2025 | वर्ष-17 | अंक-334 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



बिहार में अपराध के खिलाफ होती है ... 02
■ झुग्गी में आग से तीन लोगों की मौत पीड़ित परिवारों...
■ एनडीएमसी के सदस्य के रूप में प्रवेश वर्मा ने ली शपथ 03
■ पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को दिए खास उपहार
■ बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध... 07
खत्म नहीं हो रही इंडस्ट्री, इसे पटरी पर लाने ... 10

रमजान मुबारक




## सार संक्षेप

### तुलसी गबार्ड भारत व थाईलैंड की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं।

### अप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक पेश



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी नागरिकों के भारत में आने से संबंधित प्रावधान वाला विधेयक पेश किया। विपक्ष के कुछ सदस्यों के विरोध के बीच नित्यानंद राय ने अप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक, 2025 पेश किया गया।

### तेजप्रताप व हेमा यादव को जमानत




**पटना।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने तेजप्रताप यादव व हेमा यादव समेत अन्य आरोपियों को जमानत दे दी है। कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके पर सभी आरोपियों को जमानत दी है।

### रोशनी नाडार अब देश की सबसे अमीर महिला



**नई दिल्ली।** एचसीएल ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के पास है। रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे।

### सपा नेता अबू आजमी को अदालत से राहत



**मुंबई।** मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा वाले बयान को लेकर विवादों में घिरे समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी को मुंबई की सत्र अदालत से मंगलवार को राहत मिली। अदालत ने 20 हजार रुपए के मुचलके पर उन्हें अग्रिम जमानत दी है। उन्हें 12, 13 और 15 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा गया है। साथ ही उन्हें सबूतों से छेड़छाड़ न करने को भी कहा गया है।

# पाकिस्तान में यात्री ट्रेन हाईजैक

■ बलोच विद्रोहियों ने 214 यात्रियों को बंधक बनाया ■ मुठभेड़ में 30 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या, पटरियां उड़ाईं

**इस्लामाबाद,** 11 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। बीएलए ने बयान जारी कर बताया कि उसने 214 यात्रियों को बंधक बना रखा है। पहले बीएलए ने 100 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाने की बात कही थी।

बीएलए ने बयान में यह भी बताया कि अब तक तीस पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं और एक ड्रोन भी मार गिराया गया है। खबर लिखे जाने तक बीएलए के लड़ाकों का अब भी जाफर एक्सप्रेस पर पूरी तरह नियंत्रण बना हुआ है। बीएलए ने बंधकों के बदले बलोच कैदियों को छुड़ाने की मांग की है वहीं सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। एक बयान में बीएलए ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया। हमने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के एक्टिव ड्यूटी कर्मचारी शामिल हैं, जो पंजाब जा रहे थे। हमने महिलाओं, बच्चों और बलूच यात्रियों को छोड़ दिया है और सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया गया है। इस ऑपरेशन का नेतृत्व बीएलए की फिदायीन यूनिट और मजीद ब्रिगेड कर रही है, जिन्हें फतेह स्क्वाड, एसटीओएय और जिराब इंटेलिजेंस विंग का समर्थन प्राप्त है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी।



### वैश्विक आतंकवाद सूचकांक में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर

सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की तरफ से जारी वैश्विक आतंकवाद सूचकांक रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित देश बताया गया था। पाक का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आंतक प्रभावित इलाके हैं। देश भर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90 प्रतिशत इसी इलाके में हुईं। रिपोर्ट में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं।

### नवंबर में क्वेटा स्टेशन पर ब्लास्ट में मारे गए थे 26 लोग

14 नवंबर को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हुई थी। 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। तब भी हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली थी। इससे पहले 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात बलूच लिबरेशन आर्मी ने कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था। जिसके बाद ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी। 11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हुई। 16 फरवरी 2023 को भी जाफर एक्सप्रेस में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई थी। ब्लास्ट तब हुआ था, जब ट्रेन चिचावतनी रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने ली थी।

#### इमरजेंसी लागू

क्वेटा से पेशावर जा रही ट्रेन पर पहरो कुनरी और गदालार के बीच भारी फायरिंग की खबर आई। इसके बाद इलाके में इमरजेंसी के आदेश जारी कर दिए गए। ट्रेन में 9 कोच थे, जिनमें 500 यात्री सवार थे। इसे हथियारबंद लोगों ने टनल नंबर-8 में रोक लिया। मौके पर अफसरों को पहुंचने में मुश्किल आ रही है, क्योंकि यह पथरीला इलाका है। क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। सभी डॉक्टरों, स्पेशलिस्ट, कंसलटेंट और नर्सों को अस्पताल पहुंचने कहा गया है। पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर छह हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की।

# ओडिशा विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस विधायक भिड़े




**भुवनेश्वर,** 11 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा विधानसभा में मंगलवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी कांग्रेस के विधायक सदन में ही आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच हुई भिड़ंत इस कदर नियंत्रण से बाहर हो गई कि विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी को कार्यवाही अपराह्न तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में उस समय तनाव बढ़ गया जब बीजेपी के वरिष्ठ विधायक जय नारायण मिश्रा, कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति की ओर बढ़े। ताराप्रसाद, शहरी विकास मंत्री के. सी. महापात्र के सामने खड़े थे और मंत्री किसी सवाल का जवाब दे रहे थे। कांग्रेस विधायक बहिनीपति ने सदन के बाहर कहा कि मिश्रा ने मेरे शर्ट का कॉलर पकड़कर मुझे धक्का दिया। मैं मंत्री महापात्र से हाथ जोड़कर निवेदन कर रहा था कि जब सदन में व्यवस्था नहीं है तो वह जवाब न दें।

**भाजपा विधायक की टिप्पणी को लेकर हुई हाथापाई**

### लगातार दूसरे दिन हुआ हंगामा

यह लगातार दूसरा दिन था जब हंगामा देखने को मिला। बीजद विधायकों ने मिश्रा की उस टिप्पणी पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से बयान देने की मांग की जिसमें मित्रा ने 1936 में तत्कालीन कोसल के ओडिशा में विलय को ऐतिहासिक गलती बताया था, विधायक महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर विरोध कर रहे थे।

# संसद में भाषाई मर्यादा पर हुआ हंगामा



■ कांग्रेस व भाजपा अध्यक्ष आए आमने-सामने
■ खरगे ने ठोकेंगे वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष से माफी मांगी

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों को लेकर भारी हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष ने खरगे को बयान के लिए माफी मांगने की मांग की पर वो नहीं माने इसके बाद संसद में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी खरगे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राज्यसभा में मंगलवार को भारी हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान पर भापाज के सांसदों ने कड़ा विरोध जताया। राज्यसभा में खड़गे ने उप-सभापति से आग्रह किया और कहा कि मैं हाथ जोड़कर आपसे अनुरोध करता हूं कि मुझे बोलने दें।

उसका बाद खड़गे ने जो बयान दिए उसको लेकर सत्ता पक्ष में कड़ी आपत्ति जताई। खरगे के बयान पर भापाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संसद सदस्य जेपी नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

### मणिपुर में बंदूक की नोक पर शांति नहीं : कांग्रेस



कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा कहा कि केंद्र सरकार बंदूक की नोक पर मणिपुर में शांति लाने में असफल रही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य का दौरा करने और लोगों की चिंताओं को सुनने का आग्रह किया। गोगोई ने कहा कि मणिपुर के बजट पर राज्य विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# निष्पक्षता प्रत्येक नागरिक का अधिकार

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के साथ निष्पक्ष तरीके से व्यवहार किया जाना चाहिए क्योंकि यह उसका मौलिक अधिकार है। यह संविधान के अनुच्छेद-14 के तहत समानता के अधिकार का एक परिशिष्ट है। अगर इसका उल्लंघन होता है तो यह न्यायिक जांच के साथ-साथ आलोचना के लिए भी उत्तरदायी है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि नौकरशाहों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को विफल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक गांव में एक महिला को सरपंच के रूप में बहाल करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि राज्य में कई मामलों में यह सामने आया है कि जहां अफसरों ने पंचायत में चुने गए प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि हमने दो-तीन ऐसे मामलों में फैसले सुनाए हैं, जहां बाबू ने निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ अभद्र व्यवहार किया। ऐसी घटनाएं अक्सर महाराष्ट्र में होती हैं। यह बाबू निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अधीन होना चाहिए। इन नौकरशाहों को जमीनी लोकतंत्र को विफल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अर्चना सचिन भोसले के वकील से कहा कि नौकरशाह पुराने मामलों को खोलने की कोशिश करते हैं जैसे कि आपके दादा ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है और इसलिए आप अयोग्य हैं। वर्ष 2010 में पलामू जिला प्रशासन ने विज्ञापन में निर्धारित शर्तों के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रोजगार के लिए एक अधिसूचना जारी की थी। पीठ ने कहा कि इस विज्ञापन में चयन के लिए उपलब्ध पदों की संख्या का उल्लेख नहीं किया गया था और इसलिए यह पारदर्शिता की कमी के कारण अमान्य और गैरकानूनी था।



नौकरशाहों को जमीनी लोकतंत्र को विफल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती : सुप्रीम कोर्ट

### हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा

पीठ ने सात मार्च के अपने आदेश में कहा कि हम उच्च न्यायालय के दृष्टिकोण से सहमत हैं। हम कोकले को ग्राम पंचायत, ऐंघार तालुका-रोहा, जिला रायगढ़ के विधिवत निर्वाचित प्रधान मानते हैं। अर्चना का सरपंच के रूप में चुनाव 29 जनवरी को उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने कलावती राजेंद्र कोकले को सरपंच के रूप में बहाल करते हुए रायगढ़ जिले के कलेक्टर के 7 जून 2024 के आदेश को रद्द करने के उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा।

# महंगाई दर चार प्रतिशत से नीचे आने के संकेत



■ देशी-विदेशी एजेंसियों का अनुमान
■ लोन की किश्तें घटने के आसार

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। देश में महंगाई कम होने के संकेत हैं। फरवरी में रिटेल महंगाई दर जनवरी के मुकाबले कम रह सकती है। सभी श्रेणी की वस्तुओं, खास तौर पर खाने की चीजों के दाम घटने से यह 4 प्रतिशत या इससे भी नीचे रह सकती है, जो रिजर्व बैंक के टारगेट के भीतर है। लोन की किश्तें घटने के आसार हैं। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति अप्रैल में एक बार फिर नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट घटा सकती है। इस साल जनवरी में रिटेल महंगाई दर 4.31 प्रतिशत थी। सांख्यिकी मंत्रालय फरवरी के आंकड़े बुधवार को जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2024-25 में रिटेल महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। केंद्रीय बैंक का ये भी अनुमान है कि जनवरी-मार्च तिमाही में महंगाई दर 4.4 प्रतिशत रहेगी।

फरवरी के आंकड़े इससे भी कम रह सकते हैं। कम से कम चार देशी-विदेशी एजेंसियों ने तो ऐसा ही अनुमान लगाया है। जापान की ब्रोकरेज फर्म नोमुरा एशिया भारत में सब्जियों की कीमतें घट रही हैं। इसकी वजह से फरवरी में रिटेल महंगाई दर 4 फीसदी और जनवरी-मार्च तिमाही में 4.1 फीसदी रहने का अनुमान है। भारत में घरेलू मांग कमजोर पड़ रही है।

### 3.7 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ सकती है महंगाई दर

इंडिया रेटिंग्स में वरिष्ठ आर्थिक विश्लेषक पारस जसराय ने कहा कि हालात ऐसे हैं कि फरवरी में रिटेल महंगाई 3.7 प्रतिशत पर आ सकती है। ऐसा हुआ तो देश में रिटेल महंगाई दर 7 महीनों के सबसे निचले स्तर पर होगी। उन्होंने मानना है कि खाने की चीजों की महंगाई दर घटकर 4 प्रतिश रह जाने की संभावना है। इक्रा रेटिंग्स की चीफ इकोनॉमिस्ट अदिति नायर का भी अनुमान है कि फरवरी में रिटेल महंगाई दर 4.1 प्रतिशत रह सकती है।

# मुश्किलों में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल

कोर्ट का दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने शिव कुमार सक्सेना की अर्जी को स्वीकार्य किया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।



■ सरकारी पैसों के दुरुपयोग का मामला

### छह साल पहले कोर्ट में लगाई गई याचिका

2019 में दिल्ली की एक अदालत में याचिका की गई थी। इसमें आरोप था कि अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका से पार्षद नितिका शर्मा ने पूरे इलाके में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है।

# कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटा

केंद्र सरकार के फैसले से कुश्ती जगत में खुशी की लहर

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती महासंघ को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। 26 महीने से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटा लिया गया है। इससे कुश्ती जगत में खुशी की लहर है। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एडहॉक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष संजय सिंह ने इस फैसले के लिए मोदी, अमित शाह और खेल मंत्री को धन्यवाद दिया है। पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया है।




रिपोर्ट — *आईक्यू एयर की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में खुलासा*

# दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के

**नई दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित कैपिटल की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं।**

मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। भारत के 13 सबसे प्रदूषित शहरों में बर्नीहाट (असम), दिल्ली, मुल्लांपुर (पंजाब), फरीदाबाद (हरियाणा), लोनी, नई दिल्ली, गुरुग्राम (हरियाणा), गंगानगर (राजस्थान), ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी (राजस्थान), मुजफ्फरनगर, हनुमानगढ़ (राजस्थान), नोएडा शामिल हैं।



■ दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी
■ वैश्विक प्रदूषण सूची में शीर्ष पर असम का बर्नीहाट शहर

### ओशिनिया दुनिया का सबसे साफ क्षेत्र

ओशिनिया साल 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57 प्रतिशत शहर डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम 2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं।

# देश

**उवाच**

देश में सोलर पावर को बढ़ावा देने और शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से शुरू की गयी प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना से 25 वर्षों में हर परिवार को 15 लाख रुपए का लाभ होगा। रूफटॉप सोलर के लिए 30 हजार रुपए प्रति किलोवॉट का अनुदान दिया जाता है और तीन किलोवाट के लिए अधिकतम 78 हजार रुपए का अनुदान दिया जाता है: **प्रह्लाद जोशी, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.8 | 15.7 |
| मुंबई | 39.2 | 22.8 |
| कोलकाता | 34.8 | 22.8 |
| चेन्नई | 32.2 | 26.5 |

# जब चुनाव आता है तब परेशान किया जाता है : राबड़ी

- **लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार को मिली बड़ी राहत**
- **सभी को 50,000-50,000 रुपए के निजी मुचलके पर दी गई जमानत**



**एक ही केस है और बार-बार चार्जशीट करते रहते हैं। जब चुनाव आता है तब परेशान किया जाता है। जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है: राबड़ी देवी**

**पटना,** 11 मार्च (एजेंसियां)। चर्चित लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार को मंगलवार को बड़ी राहत मिली। दिल्ली की एक कोर्ट ने राजद नेताओं को जमानत दे दी। इस केस में आरोपी बनाए गए राजद नेता तेज प्रताप यादव और हेमा यादव समेत सभी अन्य आरोपियों को जमानत मिली है।

इन सभी को 50,000-50,000 रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी गई। इस राहत के बाद बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि एक ही केस है और बार-बार चार्जशीट करते रहते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब चुनाव आता है तब परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है। केंद्र सरकार हो या बिहार सरकार, परेशान कर रही है, जब-जब चुनाव आता है, ऐसा ही किया जाता है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हम लोगों को राहत मिलेगी। हम लोगों ने गुनाह नहीं किया है। हम लोगों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। हम लोग न्यायालय का सम्मान करते हैं। न्यायालय जैसे कहता है, वैसे करते हैं। न्यायालय का हमेशा सम्मान है।

मामले में सीबीआई ने राजद अध्यक्ष लालू यादव समेत 75 से अधिक लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस चार्जशीट में बताया गया था कि लालू यादव ने 2004 से 2009 के बीच केंद्र की यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहते हुए ग्रेड फोर यानी निचले स्तर की नौकरियां देने के लिए लोगों से जमीन लिखवाई और प्रॉपर्टी ट्रांसफर कराई। आरोप है कि जमीन लेकर लाभार्थियों को हाजीपुर रेलवे जोन सहित कई जगहों पर नौकरियां दी गईं।

# बिहार में अपराध के खिलाफ होती है तुरंत कार्रवाईः नीतीश



**कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कहा कि वे खुद मामले को देख रहे हैं और आपराधिक घटनाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी: नीतीश कुमार**

**पटना,** 11 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में किसी भी आपराधिक घटना के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाती है। श्री कुमार ने विधान परिषद में मंगलवार को भोजनावकाश पूर्व बैठक में आरा के तनिष्क शोरूम में हुई भीषण लूट के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी समेत विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच हस्तक्षेप करते हुए कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्व जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कहा कि वे खुद मामले को देख रहे हैं और आपराधिक घटनाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लूट में शामिल सभी अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से पूछा, 'जब वे खुद सतर्क हैं और तत्काल आवश्यक कदम उठा रहे हैं तो ऐसे मुद्दे पर हंगामा उचित नहीं है।' इस पर विधान परिषद के अन्य सदस्यों ने महिलाओं के खिलाफ कुछ आपराधिक घटनाओं का जिक्र किया।

# बिहार विधानसभा में विपक्षी दलों का विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भी विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन और हंगामा किया। मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के पहले विधानसभा परिसर में विपक्षी सदस्य पोस्टर लेकर जुटे और नारेबाजी की। राजद के विधायकों ने आरक्षण की मांग को लेकर हंगामा किया। वहीं, भाकपा (माले) के विधायकों ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाकपा (माले) के विधायकों ने कहा कि सोन नहर का आधुनिकीकरण किया जाना चाहिए, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने बांध निर्माण को लूट का धंधा बनाना बंद करने, बागमती तटबंध से संबंधित रिव्यू कमेटी की अनुशंसा को सार्वजनिक करने, सभी बंद पड़े सरकारी नलकूपों को जल्द से जल्द चालू करने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। विधायकों ने कहा कि बिहार बाढ़ और सुखाड़ से हमेशा तबाह रहा है। लेकिन, 20 सालों में सरकार बाढ़ और सुखाड़ का कोई निदान नहीं निकाल सकी है। बाढ़ की तैयारी को लेकर पैसों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। भ्रष्टाचार के कारण आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है। विधानसभा के बाहर राजद विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और 'आरक्षण चोर' कहते हुए गद्दी छोड़ने की मांग की। इसके साथ ही आरक्षण से छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया। राजद के विधायकों ने कहा कि जातीय गणना के बाद आरक्षण की सीमा को महागठबंधन सरकार ने बढ़ाने का काम किया था। लेकिन, एनडीए की सरकार में इसे फंसाने का काम किया। उन्होंने भाजपा को 'आरक्षण चोर' बताते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार में जातीय गणना हुई। उसके बाद आरक्षण का दायरा 16 प्रतिशत बढ़ाकर कुल 65 प्रतिशत किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से आग्रह किया गया कि बढ़े आरक्षण को संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद पटना हाईकोर्ट में मामला गया तो रद्द हो गया और अब सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण का मामला चल रहा है।

# नीतीश कुमार ने मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क के सामने पटना स्टेशन के पास थर्ड टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ भी किया। इसके बाद टीबीएम भूमिगत मेट्रो लाइन को कटिंग करते हुए बाहर निकली, जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने पटना मेट्रो एलाइनमेंट कॉरिडोर एक और दो के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

## संसद से

### नई शिक्षा नीति लागू करने या न करने पर निर्णय नहीं, केन्द्रीय राशि रोका जाना अनुचितः द्रमुक

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। नई शिक्षा नीति को लेकर तमिलनाडु और केन्द्र सरकार में चल रही रस्साकशी के बीच राज्य में सत्तारूढ द्रविड़ मुनेत्र कषगम की नेता कनिमोझी एन वी एन सोमू ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि राज्य सरकार ने इस नीति पर एक समिति का गठन किया है और अभी इसे लागू करने या नहीं करने का सवाल ही नहीं उठता इसलिए केन्द्र द्वारा राज्य का पैसा रोका जाना अनुचित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन यह स्पष्ट कर चुके हैं कि राज्य में तीन भाषा की नीति लागू नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु वर्ष 1930 से राज्य में हिन्दी भाषा को थोपे जाने का विरोध कर रहा है और मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि केन्द्र सरकार को राज्य में हिन्दी और संस्कृत थोपने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

### गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का समुचित विकास किया जायेः जगदम्बिका पाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल ने भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और कपिलवस्तु के समुचित विकास की सरकार से मांग की। श्री पाल ने शून्य काल के दौरान कहा कि कपिलवस्तु में तो भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के 29 वर्ष बिताये थे, अतः वहां के विकास के भरपूर प्रयास किए जाने चाहिये। उन्होंने कपिलवस्तु में कॉरिडोर के निर्माण की मांग की। समाजवादी पार्टी के जियाउर्रहमान ने सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिये जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिये जा सकते हैं तो किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं किये जाते। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ भेदभाव और ज्यादती नहीं होनी चाहिये।

### लोकसभा में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा उठाते हुये कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं अतैव पुरानी पेंशन योजना ही लागू की जानी चाहिये। श्री यादव ने शून्य काल के दौरान कहा कि पेंशन को लेकर कर्मचारी आंदोलनरत हैं। कर्मचारी न तो नेशनल पेंशन स्कीम से संतुष्ट थे और न ही वे एक अप्रैल से लागू होने वाली यूनीफाइड पेंशन योजना से संतुष्ट हैं। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू किये जाने को लेकर आंदोलनरत हैं। पुरानी पेंशन योजना से ही कर्मचारी और उनके परिवारों के हितों की पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा होती थी। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की।

### लोकसभा में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा उठाते हुये कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं अतैव पुरानी पेंशन योजना ही लागू की जानी चाहिये। श्री यादव ने शून्य काल के दौरान कहा कि पेंशन को लेकर कर्मचारी आंदोलनरत हैं। कर्मचारी न तो नेशनल पेंशन स्कीम से संतुष्ट थे और न ही वे एक अप्रैल से लागू होने वाली यूनीफाइड पेंशन योजना से संतुष्ट हैं। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू किये जाने को लेकर आंदोलनरत हैं। पुरानी पेंशन योजना से ही कर्मचारी और उनके परिवारों के हितों की पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा होती थी। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की।

## सार संक्षेप

### ओडिशा में पांच वर्षों में 72 छात्रों ने की आत्महत्याः मोहन चरण माझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विधानसभा में कहा कि 2020 से राज्य भर के विभिन्न सरकारी, निजी स्कूलों और कॉलेजों में 72 छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। सोमवार को कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस के आत्महत्या से होने वाली मौतों की संख्या और छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए माझी ने यह जानकारी दी। सीएम माझी ने बताया कि, 'वर्ष 2020 से 2025 (28.02.2025 तक) के दौरान ओडिशा भर के सरकारी और निजी स्कूलों और कॉलेजों में कुल 72 छात्रों के आत्महत्या के मामले सामने आए हैं।' माझी ने आगे अधिकारियों के पहचाने गए प्रमुख कारणों को बताया, जो भोले-भाले युवा छात्रों को अपना जीवन समाप्त करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### हैदराबाद में दंपति सहित चार लोग मृत मिले

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में सोमवार शाम को उस्मानिया विश्वविद्यालय पुलिस स्टेशन के अंतरगत हब्सीगुडा में एक दंपति ने अपने दो बच्चों की जान लेने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान चंद्रशेखर (45), उनकी पत्नी कविता (35), बेटी श्रीथा रेड्डी (15) और बेटे विश्वन रेड्डी (10) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कलवाकुर्ती का मूल निवासी चंद्रशेखर पिछले एक साल से हब्सीगुडा में रह रहा था। उन्होंने बताया कि पहले चंद्रशेखर एक निजी कॉलेज में लेक्चरर के रूप में कार्यरत था। पिछले छह महीनों से उसके पास कोई नौकरी नहीं थी। माना जाता है कि आर्थिक तंगी के कारण परिवार ने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि दंपति ने कथित तौर पर अपने बेटे को जहर दिया और अपनी बेटी को फांसी पर लटका दिया और फिर छत से लटक कर आत्महत्या कर ली।

### बिहार विधानसभा चुनाव में वीआईपी ने 60 सीटों पर लगाया दांव

**बेतिया।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की मंगलवार को दो दिवसीय प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक समाप्त हो गई। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में हुई बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में 60 सीटों पर लड़ने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में कई अन्य प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। बैठक के बाद पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने निर्णयों के विषय में बताते हुए कहा, 'पार्टी अपनी पहचान बना चुकी है। पार्टी के साथ आठ से दस प्रतिशत वोट हैं। बिहार में वीआईपी 150 सीटों पर निर्णायक भूमिका में है।

# आतंकवाद तथा अलगाववाद के कारण पूर्वोत्तर विकास की दौड़ में चार दशक पीछे रह गया : शाह

- **शाह ने छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राजधानी आये पूर्वोत्तर के राज्यों के छात्रों को किया संबोधित**



**पूर्वोत्तर भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है और यह संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासत से लैस है। 'नॉर्थईस्ट में पूरी दुनिया को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षित करने की क्षमता है: अमित शाह, केन्द्रीय गृह मंत्री**

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तमाम विशेषताओं से लैस होने के बावजूद पूर्वोत्तर में मतिभ्रम और विवाद पैदा कर आतंकवाद तथा अलगाववाद खड़ा किया गया जिससे यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से चार दशक पीछे चला गया। श्री शाह ने छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राजधानी आये पूर्वोत्तर के राज्यों के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है और यह संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासत से लैस है। उन्होंने कहा, 'नॉर्थईस्ट में पूरी दुनिया को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षित करने की क्षमता है। साथ ही नॉर्थईस्ट में भारत के सबसे ज्यादा आई क्यू वाले युवा हैं और सबसे मेहनती जनजातियां यहीं हैं। पूर्वोत्तर में 220 से अधिक जनजातीय समूह, 160 से अधिक जनजातियां, 200 से अधिक बोलियां और भाषाएं, 50 यूनिक प्रकार के त्यौहार और पूरी दुनिया में प्रसिद्ध 30 से अधिक नृत्य शैलियां हैं।'

## विपक्ष का पूर्वोत्तर को नजरअंदाज करने, तो सत्तापक्ष का अभूतपूर्व विकास का दावा

**नई दिल्ली।** सत्तापक्ष ने सरकार पर मणिपुर तथा पूर्वोत्तर राज्यों के प्रति उदानसीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि वहां विकास के नाम पर सिर्फ दावे किये जा रहे हैं और जमीन पर कुछ भी नहीं हो रहा है जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि मणिपुर ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र पर मोदी सरकार का फोकस है जिसके कारण वहां अभूतपूर्व तरीके से वकिास के काम हो रहे हैं लोग इसका पूरा लाभ उठा रहे हैं। लोकसभा में कांग्रेस के गौरव गोगोई ने 'अनुदानों की अनुपूरक मांगे : वर्ष 2025-26 के लिए मणिपुर राज्य के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांग' पर हुई सामान्य चर्चा में हिस्सा लेते हुए आज कहा कि पूर्वोत्तर संवेदनशील क्षेत्र है और लोगों की संवेदना वहां से जुड़ी है।

# चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**रांची,** 11 मार्च (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को आज जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग में सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निवार्चन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं।

# अवामी एक्शन कमेटी, जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन पर पांच साल के लिए प्रतिबंध




**राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, अलगाववादी प्रचार और आतंकवाद को समर्थन देने में संगठन की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए लगाया गया प्रतिबंध**

**नई दिल्ली/श्रीनगर,** 11 मार्च (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के दो समूहों मीरवाइज के नेतृत्व वाली अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) और मसरूर अब्बास अंसारी की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित किया। मंत्रालय ने यह निर्णय जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, अलगाववादी प्रचार और आतंकवाद को समर्थन देने में संगठन की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए लिया गया। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि एएसी गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त है, जो देश की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों और राष्ट्र विरोधी प्रचार में शामिल रहे हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलगाववाद को बढ़ावा देने और राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने में उनकी कथित भूमिका के लिए मीरवाइज सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं। मंत्रालय ने मसरूर अब्बास अंसारी के नेतृत्व वाली (जेकेआईएम) पर भी यह कहते हुए प्रतिबंध लगाया है कि समूह के सदस्य सक्रिय रूप से आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के साथ ही राष्ट्र विरोधी प्रचार में लगे हुए हैं और केन्द्र शासित प्रदेश में अलगाववादी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए धन जुटा रहे हैं।

# चार महीने से लापता महिला का शव बरामद, हत्यारा गिरफ्तार

**बेंगलुरु,** 11 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरु में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। पिछले साल 26 नवंबर को 59 साल की महिला अपने घर से लापता हो गई थी और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला था। अब जानकारी मिली है कि उसकी हत्या कर दी गई है। महिला के लापता होने के चार महीने बाद पुलिस ने गहन जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोथुनूर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, महिला के लापता होने के बाद पुलिस ने कई पहलुओं पर जांच की थी, लेकिन चार महीने के बाद अब हत्या की सच्चाई सामने आई है। पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण से पूछताछ की है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस हत्या के मामले में और भी तथ्यों को सामने लाने की कोशिश की जा रही है।



# कांग्रेस विधायकों का अनोखा प्रदर्शन

## प्लास्टिक के सांप और गेहूं की बाली लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे



- **कांग्रेस विधायकों ने गांधी प्रतिमा के सामने विरोध-प्रदर्शन किया**
- **आरोप, सरकारी नौकरियों पर भाजपा सरकार सांप की तरह कुंडली लगाए बैठी है**

**भोपाल,** 11 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन भी कांग्रेस विधायकों ने विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा। बेरोजगारी के मुद्दे पर जहां वे प्लास्टिक के सांप लेकर पहुंचे, वहीं किसानों की समस्याओं को लेकर उनके हाथ में गेहूं की बाली थी। भाजपा की ओर से कांग्रेस विधायकों के विरोध-प्रदर्शन पर तंज कसे गए हैं। बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक पिटारे में प्लास्टिक के सांप लेकर पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने गांधी प्रतिमा के सामने विरोध-प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों पर भाजपा सरकार सांप की तरह कुंडली लगाए बैठी है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने सरकार पर आरोप लगाए। दूसरी ओर कांग्रेस विधायक रजनीश सिंह गेहूं की बालियां लेकर सदन के भीतर जाना चाहते थे, मगर उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने बाहर ही रोक दिया, जिसके चलते धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। कांग्रेस विधायक रजनीश सिंह का कहना है कि उनके क्षेत्र के किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। किसानों को समस्या हो रही है। फसल पक नहीं पा रही है। कांग्रेस विधायकों के इस प्रदर्शन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को डसने में लगे हैं, कमलनाथ को दिग्विजय सिंह डस रहे हैं। जहां तक किसानों की बात है, तो कांग्रेस के शासनकाल में सात लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी, आज 57 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है। कांग्रेस के काल में गेहूं 400 से 500 रुपए क्विंटल खरीदा जाता था, आज 2,600 रुपए क्विंटल खरीदा जा रहा है। इतना ही नहीं, राज्य सरकार किसानों की जिंदगी में बदलाव ला रही है।

राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन पर कहा है कि अगर कांग्रेस के विधायक किसानों की समस्याओं पर बात करना चाहते हैं, तो उन्हें टेबल पर होना चाहिए।

**सवाल जवाब** *भाजपा ने निर्माणाधीन तवी रिवर फ्रंट परियोजना, तवी बैराज, कृत्रिम झील के बारे में पूछे सवाल*

# सरकार का जवाब, तवी रिवर फ्रंट परियोजना का पहला चरण अप्रैल में होगा पूरा

**जम्मू,** 11 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि तवी रिवर फ्रंट परियोजना का पहला चरण अप्रैल 2025 में पूरा हो जाएगा, जिसकी आवंटित लागत 143 करोड़ रुपए है। जम्मू पश्चिम से भाजपा विधायक अरविंद गुप्ता के निर्माणाधीन तवी रिवर फ्रंट परियोजना, तवी बैराज, कृत्रिम झील की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछे गए प्रश्न के जवाब में जल शक्ति विभाग के प्रभारी मंत्री जावेद राणा ने कहा कि तवी रिवर फ्रंट परियोजना का पहला चरण 143 करोड़ रुपए की आवंटित लागत के साथ अप्रैल 2025 में पूरा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाएं तट के लिए निविदाएं 15 नवंबर, 2021 तथा दाएं तट के लिए 11 नवम्बर, 2021 को निकाली गई तथा दोनों तटों के लिए आवंटन एक जनवरी, 2022 को किया गया। मंत्री ने कहा कि बाएं तट के पूरा होने की अपेक्षित तिथि मार्च 2025 है, जिसकी अनुमानित लागत 74.88 करोड़ रुपए (आबंटित लागतः 68.47 करोड़ रुपए) है और दाएं तट के पूरा होने की अपेक्षित तिथि अप्रैल 2025 है, जिसकी अनुमानित लागत 81.50 करोड़ रुपए (74.53 करोड़ रुपए) है। बाएं तट के लिए अब तक 55.36 करोड़ रुपए और दाएं तट के लिए 66.75 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं, जबकि परियोजना की भौतिक प्रगति क्रमशः 96 प्रतिशत और 94 प्रतिशत है।



**निविदाएं 15 नवंबर, 2021 तथा दाएं तट के लिए 11 नवम्बर, 2021 को निकाली गई तथा दोनों तटों के लिए आवंटन एक जनवरी, 2022 को किया गया**

परियोजना की समाप्ति की तारीख के बारे में प्रश्नों को अलग करने के लिए, जिसमें इसके संशोधित बजट का अनुमान और रंजीर नहर में जल निकासी के प्रवाह को रोकने के लिए उठाए गए या उठाए जा रहे कदमों की जानकारी शामिल है, मंत्री ने कहा कि 'आज तक तवी बैराज/कृत्रिम झील का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया 11 मई, 2022 को की गई थी और कार्य आवंटन 07 सितंबर, 2022 को किया गया था।' श्री राणा ने कहा कि परियोजना के पूरा होने का अपेक्षित समय अप्रैल 2025 (तालाब) और जून 2025 (शेष कार्य) है, जिसकी अनुमानित लागत 64.80 करोड़ रुपए है और अब तक खर्च की गई राशि 36.15 करोड़ रुपए है।

## विपक्ष का काम विरोध करना है, उन्हें करने दीजिए : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को दिहाड़ी मजदूरों को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी बनी है। जिसे हमने छह महीने का वक्त दिया है। इन छह महीनों में पूरी प्रक्रिया को संपन्न कर लिया जाएगा। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के संदर्भ में कहा कि उनका काम ही विरोध करना है, उन्हें करने दीजिए। जब नाम ही विरोधी दल है, तो वो विरोध करेंगे ही। हम उनसे तारीफ की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। हम लोग भी विरोधी दलों के खेमे में रहे हैं, तो हमने भी विरोध किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने इंडिया की जगह भारत नाम करने की मांग की है। इस पर उमर अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम इसे भारत कहते हैं, इंडिया कहते हैं, हिंदुस्तान कहते हैं। इसके तीन नाम हैं। आप इसे जिन नाम से पुकारना चाहते हैं, पुकारे। वजीर-ए-आजम के जहाज पर भारत भी लिखा है और इंडिया भी लिखा है।

उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब पर्चे में ये पहली दवा कौन सी है... ?
डॉक्टर : ये दवा नहीं है, मैं तो पेन चलाकर देख रहा था कि चल रहा है कि नहीं... ?

# झुग्गी में आग से तीन लोगों की मौत पीड़ित परिवारों को मुआवजे की घोषणा



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के एजीसीआर कॉलोनी के पास की झुग्गी में सोमवार देर रात आग लगने की घटना से हुई तीन लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मंगलवार को सीएम मौके पर पहुंची और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी और सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार पीड़ित परिवार के हुए नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन सरकार की तरफ से जिन लोगों की जान गई है, उनको 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। सीएम ने पीड़ित परिवारों से बात कर उनसे घटना के बारे में जानकारी ली और घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा भी लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से उनके नुकसान की जानकारी ली और उनको सांत्वना देते हुए सरकार की तरफ से पूरी मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर त्वरित करवाई की। यह हादसा बेहद दर्दनाक है और हमे पीड़ितों के परिवार के साथ सांत्वना है। यह तीनों लोग उत्तर प्रदेश के औरेया जिले के थे। रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान कहा कि इन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

## भाजपा का 2500 रुपए देने का वादा तो जुमला निकला : आतिशी



**नई दिल्ली।** 'आप' ने भाजपा पर होली-दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर मुफ्त देने के चुनावी वादे को पूरा करने का दबाव बना दिया है। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष आतिशी ने दिल्ली के अलग-अलग इलाके आईं महिलाओं के साथ '2500 रुपए तो जुमला निकला, क्या फ्री सिलेंडर मिलेगा?' लिखा पोस्टर दिखाकर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी को उनके चुनावी वादे को याद दिलाया। आतिशी ने कहा कि महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा तो जुमला साबित हो गया, क्या होली पर महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर मिलेगा? तीन दिन बाद ही होली है। महिलाएं बेसब्री से इंतजार कर रही हैं कि उनके घर में मुफ्त सिलेंडर कब आएगा।

# एनडीएमसी के सदस्य के रूप में प्रवेश वर्मा ने ली शपथ



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी की मंगलवार को बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने की।

बांसुरी स्वराज ने बैठक प्रारम्भ होते ही प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, विधायक-नई दिल्ली और दिल्ली सरकार के मंत्री, वीरेंद्र सिंह कादियान विधायक-दिल्ली कैंट और रवि कुमार अरोड़ा, अतिरिक्त सचिव, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार को संविधान के प्रति आस्था और निष्ठा की शपथ भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी 3 मार्च, 2025 के राजपत्र अधिसूचना के अनुसरण में नई दिल्ली नगरपालिका के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की अध्यक्षता में परिषद की बैठक में सांसद नई दिल्ली, बांसुरी स्वराज, अध्यक्ष एनडीएमसी, केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक और सदस्य एनडीएमसी, वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य अनिल वाल्मीकि, सरिता तोमर, दिनेश प्रताप सिंह और रवि कुमार अरोड़ा की उपस्थिति में एजेंडे में शामिल विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया गया और उन्हें मंजूरी दी गई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। जिसमें वैक्सीनेटर कैडर के पद के लिए भर्ती विनियम, एनडीएमसी में जनसंपर्क कैडर के पदों के लिए भर्ती नियम। पशु चिकित्सा एवं पशुधन निरीक्षक के पद के लिए भर्ती नियम (आरआर) शामिल थे।

# इंडियन क्लाइमेट लीडर अवॉर्ड्स 2025 आयोजित



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। एएफएआई नेशनल समिट एंड इंडियन क्लाइमेट लीडर अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंट्रल लोधी रोड में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उद्योग जगत के नेताओं, नीति-निर्माताओं और वित्तीय संस्थानों ने भाग लिया और पर्यावरण को ध्यान में रखकर किए जाने वाले निवेश और वित्तीय योजनाओं पर चर्चा की गई। सम्मेलन में कई प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हुए, जिनमें विवेक कुमार देवांगन सीएमडी, आरईसी लिमिटेड, डॉ. पद्मनाभन राजा जयशंकर एमडी, आईआईएफसीएल, सुधांशु जे. मिश्रा सलाहकार, नीति आयोग, राजीव रंजन झा निर्देशक, पीएफसी लिमिटेड, वीरेंद्र पंकज सीईओ, असीम इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड, निशांत आर्य वाइस चेयरमैन और एमडी, जेबीएम ग्रुप और सब्यसाची मजूमदार सीनियर डायरेक्टर, केयरएज समूह ग्रुप शामिल थे।

# क्रॉम्पटन ने लांच किया 'फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा'

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। भारत के उपभोक्ता टिकाऊ उत्पाद बाजार में अग्रणी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपने नए फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा जूसर को लॉन्च किया है। यह हाई-परफॉर्मेंस जूसर रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन है, जो विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों से आसानी से अधिकतम जूस निकालने की क्षमता रखता है। आज के समय में उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य और पोषण को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो गए हैं। वे ऐसे उपकरण चाहते हैं, जो न केवल तेज़ी से काम करें, बल्कि गुणवत्ता से भी समझौता न करें। क्रॉम्पटन का नया जूसर इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज के पीएल हेड, केतन चौधरी ने इस नए लॉन्च पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्रॉम्पटन में, हम उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इनोवेशन, सुविधा और विश्वसनीयता से भरपूर उत्पाद लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# इस्कॉन द्वारका का नया केंद्र 'बिजवासन' का उद्घाटन

### गोपाल फन स्कूल के बच्चों व गृहस्थ भक्तों के लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर 23 के सामने इस्कॉन द्वारका के एक नए केंद्र 'बिजवासन' का भव्य उद्घाटन किया गया। यहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा महारानी के विग्रहों की सेवा के माध्यम से भक्ति का संदेश प्रसारित किया जाएगा। इस्कॉन के नियमों के अनुसार प्रात:कालीन से सायंकालीन आरती, पूजा एवं अर्चना की जाएगी। इसके अतिरिक्त यहां पर गोपाल फन स्कूल के बच्चों एवं गृहस्थ भक्तों के लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था भी की गई है।

उद्घाटन कार्यक्रम का आरंभ प्रात: साढ़े 9 बजे हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन से किया गया। इसके बाद यज्ञ एवं महाभिषेक किया गया। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा महारानी को तरह-तरह के मीठे-नमकीन 2100 भोग अर्पित किए गए।

## अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी ज्ञान प्रणाली व सतत विकास सम्मेलन आयोजित




**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी ज्ञान प्रणाली और सतत विकास सम्मेलन, जिसका आयोजन शैक्षिक फाउंडेशन, शिवाजी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद द्वारा किया गया, में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में स्वदेशी ज्ञान प्रणाली को आधुनिक शहरी नियोजन, अर्थव्यवस्था, शिक्षा और सतत विकास में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस मंच पर जाने-माने विशेषज्ञों ने चर्चा की।

## एनसीपी ने अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। अजित पवार के नेतृत्व वाली नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने सर्वधर्म संभव की अपनी पहचान को और भी मजबूत करते हुए पार्टी के सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि होली और रमजान पर सौहार्द बढ़ाने का प्रयास करें। पार्टी के बृजमोहन श्रीवास्तव ने मंगलवार को जारी एक सर्कुलर में कहा कि मार्च का यह महीना हमारे देश के दो महत्वपूर्ण पर्व होली और रमजान का साक्षी हैं। ये पर्व उल्लास का प्रतीक हैं।

## निगम के राजभाषा विभाग ने होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के राजभाषा विभाग के द्वारा निगम मुख्यालय में होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उपायुक्त, राजभाषा श्री बी पी भारद्वाज सहित काफी संख्या में निगम कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर निगम कर्मचारियों ने विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये और फूलों से होली खेली। निगम कर्मचारियों ने कविता पाठ, नाटक, गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। उपायुक्त राजभाषा बी पी भारद्वाज ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि हम भारतीय है और हमें अपनी संस्कृति, त्यौहार, भाषा सभी पर गर्व होना चाहिए।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

**होली त्यौहार-2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:-

**दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाणा जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी और बोरीवली स्टेशन। |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन। |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किउल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04072 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04076 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन और सीवान जंक्शन स्टेशन। |
| 04074 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| **दिनांक 13.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन। |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर और नरकटियागंज जंक्शन स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन। |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर , जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. और मानसी जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया और फोर्बसगंज स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली, मशरख और छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैंडेल स्टेशन। |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, शंकरगढ़, मानिकपुर जंक्शन, सतना, मैहर और कटनी स्टेशन। |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जंक्शन, पेंड्रा रोड, उसलापुर और रायपुर जंक्शन स्टेशन। |
| **दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन। |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन। |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. और बापूधाम मोतिहारी स्टेशन। |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन। |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन और हाजीपुर जंक्शन स्टेशन। |
| 07708 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जंक्शन, रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर महाराष्ट्र, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल रामागुंडम और काजीपेट जं. स्टेशन. |
| 02982 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बयाना जंक्शन, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन


उवाच

महेंद्रा एन्क्लेव में रहने वाले सोहनवीर सिंह के मकान में करीब आधा दर्जन किराएदार रहते हैं। उन्होंने मकान के एक हिस्से में पांच कमरे बनाकर किराये पर उठा रखे हैं। करीब एक महीने पहले इसी मकान में किराये पर फरूखाबाद निवासी पीयूष और उसकी पत्नी निशां आए थे। पीयूष एक निजी कंपनी में जॉब करता था : **स्वतन्त्र कुमार सिंह, एसीपी, गाजियाबाद।**

## नोएडा में अवैध रूप से लगी रेहड़ी पटरी पर होगी कार्रवाई

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। अवैध रूप से लगी रेहड़ी-पटरी वालों के खिलाफ जल्द कार्रवाई शुरू करेगी। यह कार्रवाई पुलिस-प्राधिकरण की टीम मिलकर करेगी। सड़कों पर अतिक्रमण होने से शहर में जगह-जगह जाम की समस्या होती है। नोएडा प्राधिकरण ने रेहड़ी-पटरी वालों के लिए वेंडिंग जोन बना रखे हैं। अलग-अलग वेंडिंग जोन में करीब 6 हजार लोग रेहड़ी-पटरी वाले व्यवसाय कर रहे हैं। इन वेंडिंग जोन में काम करने वाले लोग प्राधिकरण को तय शुल्क देते हैं। खास बात यह है इनसे इतर वेंडिंग जोन के आसपास व अन्य स्थानों पर 50 हजार से अधिक लोगों ने अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी लगा रखी है। इससे जाम की समस्या हो रही है। शहर की सूरत भी बिगड़ रही है। इसके अलावा जो लोग फीस देकर वेंडिंग जोन में काम कर रहे हैं, उनका काम भी प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर प्राधिकरण में आए दिन शिकायत आ रही हैं। प्राधिकरण के कर्मचारियों पर भी सुविधा शुल्क लेकर अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी लगवाने के आरोप लग रहे हैं। इसको देखते हुए अब प्राधिकरण ने सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण के 1 से 10 तक के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रेहड़ी-पटरी वालों क खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। इसके अलावा पुलिस आयुक्त को भी पत्र लिखकर कहा गया है कि वे भी अपने स्तर से अवैध रेहड़ी-पटरी वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कोतवाली प्रभारी व पुलिस उपायुक्त को निर्देश जारी करें।

# सीडीटीआई में 144 अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



■ निदेशक सचिन गुप्ता ने किया उद्घाटन

**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। यहां कमला नेहरू नगर स्थित केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) में मंगलवार को 78वें बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीटीआई, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. सचिन गुप्ता पाठ्यक्रम निदेशक अंकुर आले ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण में 78वें बैच के कुल 144 अधिकारी प्रशिक्षु इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सचिन गुप्ता ने बताया कि 13 मार्च तक चलने वाला यह व्यापक दो दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का विस्तृत अवलोकन प्रदान करेगा। जो आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों, डिजिटल वित्त जोखिमों और प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिच्छेदन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही इन चुनौतियों का समाधान करने में भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर जोर देगा। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को सीडीटीआई गाजियाबाद द्वारा व्याख्यान और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से अपनी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सहायक पाठ्यक्रम निदेशक श्रुति फोगाट, उप पुलिस अधीक्षक/पाठ्यक्रम समन्वयक ओपी शर्मा तथा सीडीटीआई गाजियाबाद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।




## जीडीए के आवासीय भवन में संचालित तीन ओयो होटल व एक हॉल सील





**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। जीडीए ने मंगलवार को हापुड़ रोड पर आवासीय भवनों में संचालित किए जा रहे तीन ओयो होटल व एक हॉलनुमा स्ट्रक्चर को कर दिया।

मानवाधिकार आयोग में प्राप्त शिकायत के क्रम में आयोग से प्राधिकरण के प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के निर्देशन में हापुड़ रोड पर स्थित आवासीय भवनों में राम शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल 'होटल ब्लू इन', अनुज शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल 'रायल गेस्ट हाउस व होटल' तथा शिक्षा देवी द्वारा संचालित ओयो होटल 'होटल प्लाजा' कोसील कर दिया गया। 11.03.2025 को स्थल पर प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से उपरोक्त तीनों ओयो होटलों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सील किया गया। साथ ही साथ ब्रहमपाल यादव द्वारा राकेश मार्ग स्थित भूखण्ड सं0-269/7 (400 वर्ग गज क्षेत्रफल) में अवैध रुप से पूर्व निर्मित आंतरिक दीवारों को तोड़कर व्यवसायिक उपयोग हेतु बनाये जा रहे हॉलनुमा स्ट्रक्चर को स्थल पर सील किया गया।

सीलिंग की कार्रवाई के समय प्रवर्तन जोन-4 के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर तथा प्राधिकरण पुलिस दस्ता उपस्थित रहा। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## सार संक्षेप

### एसएफआई नोएडा ने डिजाइन रचनात्मकता 'सत्यम्स तृप्तिक 2025' किया आयोजित



**नोएडा।** सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट, नोएडा, जो मुंबई स्थित एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय से संबद्ध भारत के प्रमुख डिज़ाइन संस्थानों में से एक है, ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक ग्रेजुएशन शो 'सत्यम्स तृप्तिक 2025' का आयोजन किया। यह भव्य कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समकालीन, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक डिज़ाइन युगों से प्रेरित संग्रहों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को ज़बरदस्त सराहना तथा स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त हुआ, जिससे यह शाम एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. स्नेह सिंह सीए डॉ. प्रदीप गुप्ता, डॉ. वंदना जागलान, एवं डॉ. नीतू मल्होत्रा शामिल थे। उन्होंने स्नातक डिज़ाइनर्स को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस भव्य आयोजन में राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली की कुलपति डॉ. शशिकला जी. वंजारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

### तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए पत्रकार सुरक्षा अधिनियम : विजय राघव

**बुलंदशहर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उप्र बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष ठा. विजय राघव ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद मे दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या को अत्यंत दुःखद एवम निंदनीय बताया है जिलाध्यक्ष ठा. विजय राघव ने कहा कि संगठन इसकी कठोर निंदा करते हुये मुख्यमंत्री से मॉग करता है कि पत्रकारो की सुरक्षा को लेकर वह तत्काल दिशा निर्देश जारी करे और पत्रकार सुरक्षा अधिनियम तत्काल प्रभाव से लागू करें।उन्होंने कहा कि आजकल पत्रकारो के विरुद्ध असामाजिक तत्वो द्वारा अनर्गल मुकदमे लिखवाए जाने का भी प्रचलन बढ़ता जा रहा है यह निष्पक्ष निर्भीक पत्रकारिता के लिये बडी चुनौती है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष ठा. विजय राघव ने सरकार से पत्रकार एवं पत्रकार के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हत्यारों एवं साजिश मे शामिल लोगो के विरुद्ध त्वरित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। किशोरी के परिजनों ने मामले की शिकायत संबंधित थाने की पुलिस से की थी। पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर केस में पॉक्सो ऐक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से अलीगढ़ के गोधा का रहने वाला 19 वर्षीय अंकित चोटपुर कॉलोनी में रहता था। वह वहां से एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। शिकायत मिलने के बाद किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए टीम गठित की गई। फेज दो थाने की पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। उसे अगवा कर ले जाने वाले आरोपी अंकित को भी पुलिस ने सेक्टर-62 गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। किशोरी को भगाने के बाद युवक ने उसके साथ गलत काम किया। किशोरी के परिजनों ने पहले ही बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई थी।

## भारत की जीत का जश्न मना रहे पिता-पुत्र को पीटा

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। दुबई में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में भारत की जीत का जश्न मना रहे पिता-पुत्र को पड़ोसियों ने पीट दिया। तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ फेज वन थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस को दी शिकायत में हरौला निवासी पंकज चौहान ने बताया कि वह परिवार के साथ किराये का कमरा लेकर रहते हैं। नौ मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला दुबई में खेला जा रहा था। पंकज चौहान परिवार के साथ क्रिकेट मैच देख रहे थे। भारत की जीत के बाद पंकज चौहान घर के बाहर निकले। पड़ोस का आयुष भी घर से बाहर आया। दोनों जीत का जश्न मनाने लगे। इसी दौरान किसी बात को लेकर आयुष और शिकायतकर्ता के बीच कहासुनी हो गई। इतनी सी बात पर खफा हुए आयुष ने पवन और सुमित को भी मौके पर बुला लिया। तीनों ने शिकायतकर्ता के साथ गाली गलौज और मारपीट की। शिकायतकर्ता का बेटा रोहन जब अपने पिता को बचाने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। भीड़ एकत्र होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। घटनाक्रम को जानने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## कविनगर में नव दम्पत्ति ने पंखे से लटककर की खुदकुशी

**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। कविनगर थाना क्षेत्र के महेंद्र एंक्लेव में मंगलवार को एक नव दम्पति ने छत के पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

एसीपी स्वतन्त्र कुमार सिंह ने बताया कि महेंद्रा एन्क्लेव में रहने वाले सोहनवीर सिंह के मकान में करीब आधा दर्जन किराएदार रहते हैं। उन्होंने मकान के एक हिस्से में पांच कमरे बनाकर किराये पर उठा रखे हैं। करीब एक महीने पहले इसी मकान में किराये पर फरूखाबाद निवासी पीयूष और उसकी पत्नी निशां आए थे।

पीयूष एक निजी कंपनी में जॉब करता था। आज सुबह जब पीयूष के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो दोपहर के समय पड़ोस के कमरे में रहने वाले परिवार के बच्चों ने शक होने पर कमरे की खिड़की से झांककर देखा तो दोनों के शव छत में लगे पंखे को टांगने वाले हुक से लटके थे। उन्होंने तुरंत ही मकान मालिक को सूचना दी। मकानमालिक



■ किराए के मकान में रह रहे थे दम्पत्ति

सोहनवीर सिंह ने पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों शवों को नीचे उतारा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें जो कुछ जानकारी लिखी है वो इशारा कर रही है कि पारिवारिक कलह के चलते ही पति-पत्नी ने सुसाइड किया है। पुलिस अफसरों का कहना है कि बाकी की स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी। मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है।

## चिकित्सा शिविर आयोजित

**खोड़ा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोड़ा के तत्वावधान में अनिल विहार स्थित एस एस इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉक्टर अलका भारद्वाज के नेतृत्व में आंख नाक कान शुगर बीपी जुकाम बुखार क्षय रोग की जांच की गई। सभासद गजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि शिविर में बुखार से पीड़ित आठ नाक कान के चार आंख की समस्या से पीड़ित दस और शुगर के बारह क्षय रोग से संबंधित कई मरीजों की जांच की गई। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया सदस्य देवेंद्र यादव, रविन्द्र यादव, सभासद गजेंद्र सिंह नेगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सोसाइटी की 17वीं मंजिल पर बने कमरे में लगी आग

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-93 स्थित ओमेक्स फॉरेस्ट सोसायटी के 17वें तल पर बने छोटे कमरे में सोमवार रात साढ़े दस बजे के करीब आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दमकल की एक गाड़ी की मदद से आग को 15 मिनट में बुझा दिया गया। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-93 स्थित ओमेक्स फॉरेस्ट सोसायटी के 17वें तल पर बने छोटे कमरे में सोमवार रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। सोसाइटी के लोगों की मदद से आग पर अल्प समय में ही काबू पा लिया गया। जिस कमरे में आग लगी घटना के समय वहां कोई नहीं था,ऐसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि कमरे में रखा लाखों रुपये का सामान इस दौरान जलकर राख हो गया। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बिल्डिंग की ऊपरी तल से उठता हुआ धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था।

## सफल प्रशिक्षार्थियों को कौशल विकास सर्टिफिकेट वितरित

**खोड़ा,** 11 मार्च (देशबंधु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक आईटीआई कॉलेज खोड़ा में मंगलवार को कौशल विकास




सर्टिफिकेट वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार द्वारा दीप प्रवजलित करने के उपरांत सरस्वती वंदना से की गई। दिल्ली पब्लिक आईटीआई खोड़ा में सफल प्रशिक्षार्थियों को कौशल विकास के सर्टिफिकेट नागेंद्र चौहान द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासद नागेंद्र चौहान ने कहा कि किसी भी देश के विकास में वहां के युवाओं का सबसे अहम योगदान होता है और उसमें भी प्रशिक्षित युवा देश के विकास में अपना अहम रोल अदा करते हैं। देश के साथ ही साथ विदेश में भी प्रशिक्षित युवाओं की बड़ी संख्या में मांग है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा देश में नए रोजगार सृजन एवं स्किल्ड मैनपॉवर तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पाठ्यक्रम भी चलाए जा रहे है। युवाओं को प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहिए। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार सिंह कई शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## माली ने बुजुर्ग महिला के गर्दन पर चाकू रखकर की मारपीट

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-36 के सी ब्लॉक स्थित घर में बुजुर्ग महिला के गर्दन पर चाकू रखकर पूर्व में माली का काम करने वाले व्यक्ति ने मारपीट की। महिला को सीढ़ियों से खींचा गया। महिला की बहू की शिकायत पर सेक्टर-39 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। शिकायत में वीनू कक्कड़ ने बताया कि बीते दिनों वह सुबह का नाश्ता करने के बाद दफ्तर चली गईं। घर पर शिकायतकर्ता की बेटी और सास थीं। दफ्तर पहुंचने के बाद शिकायतकर्ता महिला की बेटी ने कॉल की और मदद की गुहार लगाने लगी। इसके बाद वीनू ने पड़ोस में रहने वाले दोस्तों को तुरंत घर पर पहुंचने के लिए कहा। दोस्तों ने कारण पूछा तो शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी बेटी ने कॉल कर बताया है कि घर में कोई घुस आया है और दादी के साथ मारपीट कर रहा है। उसने सास के गर्दन पर चाकू रखा हुआ है। इसके बाद वीनू की दोस्त ने पुलिस को कॉल किया और खुद भी घर पहुंच गई। आरोपी ने जब घर की घंटी बजाई थी तो घरेलू सहायिका सुमन ने दरवाजा खोला और व्यक्ति को अंदर आने के लिए कहा। आरोपी का नाम बंशीधर है और वह पूर्व में शिकायतकर्ता के घर पर माली का काम कर चुका था। दरवाजा खुलते ही वंशीधर अंदर आया और शिकायतकर्ता की सास को सीढ़ियों से घसीटते हुए जमीन पर गिरा दिया। वीनू का कहना है कि आरोपी उसके पति को मारने आया था पर जिस समय यह सब कुछ उसके पति बाहर थे। इसी दौरान आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी वंशीधर को दबोच लिया।

## नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में चौधरी महिपाल सिंह अटौर ने किया जिले का नाम रोशन




**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। 45वीं नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 4 से 9 मार्च को बेंगलुरु में सम्पन्न हुई। जिसमें गाजियाबाद के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

मास्टर एथलीट एसोसिएशन गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख और जिला सेक्रेट्री लिखी राम चौधरी ने बताया 45वीं नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 4 से 9 मार्च को बेंगलुरु में श्री कांटेरवा स्टेडियम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ग्राउंड कर्नाटक में हुई। जिसमें गाजियाबाद से 60 प्लस आयु वर्ग में चौधरी महिपाल सिंह अटौर गांव के रहने वाले ने भाग लिया जिन्होंने 1500 मीटर रेस में गोल्ड, 5000 मीटर रेस में गोल्ड, और 10000 मीटर रेस में गोल्ड जीतकर गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया। चौधरी महिपाल पहले भी नेशनल और इंटरनेशनल जिला, स्टेट और मैराथन प्रतियोगिताओं में अभी तक लगभग लगातार 100 से ज्यादा मेडल 2022 से 2025 तक अर्जित कर चुके हैं। गाजियाबाद की ही रिचा सूद ने बेंगलुरु चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीता है। जो कि दिल्ली स्टेट से खेलती है। दोनों ही खिलाड़ियों ने गाजियाबाद जिले का अपने देश में और इंटरनेशनल लेवल पर नाम रोशन किया है। गाजियाबाद मास्टर एथलीट एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# नोएडा में होली में 350 करोड़ का होगा कारोबार

■ 100-100 करोड़ की मिठाई व कपड़ों का बाजार
■ हर्बल गुलाल व इलेक्ट्रॉनिक गन की डिमांड बढ़ी





**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। होली के अवसर पर खरीदारी करने के लिए लोग बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंच रहे है। चार दिनों में करीब 350 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। ये आकलन होली के दो दिन बाद तक के व्यापार का है। सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स दिल्ली एनसीआर के संयोजक सुशील कुमार जैन ने कहा कि होली के अवसर पर बाजार में फुटकर और कार्यक्रमों की खरीदारी में बढ़ोत्तरी हो रही है। होली के दो दिनों में रंग, मिठाई, कपड़े, घरेलू सामान, आभूषण, पिचकारी, गुब्बारे, सजावट का सामान आदि खरीदने के लिए बाजार आ रहे है।

### इवेंट के लिए जमकर खरीदारी

जैन ने कहा कि नोएडा ग्रेटरनोएडा में 400 सोसाइटी और 100 से ज्यादा आरडब्ल्यूए है। वहं 100 से ज्यादा सामाजिक संगठन है। इनमें से अधिकांश होली मिलन समारोह आयोजित करते है। जिसमें लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं और मिठाइयां बांटते हैं। अधिकांश स्थानों पर फूलों की होली खेली जा रही है। जिससे फूलों के कारोबार में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। रिश्तेदारों और दोस्तों को होली की मिठाइयां, कपड़े और उपहार देकर खुशियां मनाई जा रही है। ऐसे में करीब 350 करोड़ रुपए के कारोबार की उम्मीद है।

### 100 करोड़ के आसपास मिठाई का कारोबार

व्यापारी वर्ग और मार्केट एसोसिएशन का आकलन है कि इस साल होली के सप्ताह में करीब 350 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। जिसमें करीब 100 करोड़ रुपए के होली की कपड़े और 100 करोड़ के आसपास मिठाइयों का कारोबार होगा। ये सभी पिछले साल का 20 से 25 फीसदी ज्यादा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने बताया कि उमंग और उल्लास का माहौल है। हालांकि ऑनलाइन कारोबार में फुटकर व्यापरियों को थोड़ा मायूस किया है। हालांकि लोग बाजार आ रहे है। इस बार हर्बल रंग, गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामग्री ही अपनी दुकान पर रखें और ग्राहकों को होली का सामान देकर बिना हुड़दंग के होली मनाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित करें।

### पुष्पा टी शर्ट का बढ़ा क्रेज

बाजार में पुष्पा टी शर्ट की डिमांड बढ़ी है। टी शर्ट पर लिखा है पुष्पा राज रंगे बिना छोड़ेगा नहीं का क्रेज है। ये टी शर्ट बाजार 200 से 400 रुपए तक है। जिनकी जमकर खरीदारी की जा रही है।

### 500 रुपए तक गुलाल

100 ग्राम के पाउच में आने वाले हर्बल गुलाल 50 रुपए प्रति पैकेट हैं। दुकानदारों ने बताया कि सामान्य रंग-गुलाल के साथ ही इस बार हर्बल कलर और कैप्सूल की मांग ज्यादा है। हर्बल कलर और ऑर्गेनिक गुलाल भी बाजार में उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 100 रुपए से 500 रुपए तक हैं। नोएडा में सेक्टर-18 स्थित अट्टा मार्केट, हरौला मार्केट, भंगेल, सेक्टर-12, 22, इंदिरा मार्केट, ब्रह्मपुत्र मार्केट समेत अन्य बाजारों में रंग गुलाल मिल रहे हैं। खास बात ये है कि इस बार होली पर चीन में निर्मित सामान बाजार से लगभग गायब हैं।

### इलेक्ट्रिक गन की डिमांड

इस बार इलेक्ट्रॉनिक गन और अरारोट से बने रंगों की अधिक मांग है। बैटरी से चलने वाली पिचकारी बच्चों को आकर्षित कर रही हैं, जो 1200 रुपए में बिक रही है। इसी तरह से मास्क पांच रुपए से लेकर 200 रुपए तक, चश्मा 80 रुपए प्रति पीस, दाढ़ी वाले मास्क 80 रुपए प्रति पीस, हर्बल रंग 200 रुपए प्रति 10 ग्राम, हर्बल गुलाल (अबीर) 200 रुपए प्रति 100 ग्राम, आर्गेनिक गुलाल 500 रुपए का 100 ग्राम, मैजिक बैलून 120 रुपए पीस बिक रहा है। सबसे महंगी वाटर गन 1700 रुपए से शुरू होकर तीन हजार रुपए तक में बेची जा रही है।

## गमगीन माहौल में हुआ जीएसटी डिप्टी कमिश्नर का अंतिम संस्कार

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह के आत्महत्या करने के मामले में मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटी मोर्टम इंजरी होना बताया गया है। परिवार और करीबियों की मौजूदगी में मंगलवार को बेहद गमगीन माहौल में अधिकारी का अंतिम संस्कार किया गया। मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने मंगलवार को भी स्थानीय थाने में कोई शिकायत नहीं दी।

पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। अंतिम संस्कार सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास में किया गया। पुलिस मृतक अधिकारी की पत्नी के उस दावे की जांच कर रही है जिसमें उन्होंने पति की मौत के पीछे विभागीय दबाव और व्यवस्था को जिम्मेदार बताया है। पत्नी का वीडियो सोमवार रात को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं मंगलवार को जीएसटी कार्यालय में स्टाफ ने काली पट्टी बांधकर रोष जताया। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-75 के एपैक्स एथेना सोसाइटी स्थित आवास से संजय सिंह के पार्थिव शरीर को मंगलवार दोपहर करीब एक बजे विशेष गाड़ी से सेक्टर-94 स्थित श्मशान घाट ले जाया गया। गमगीन माहौल में संजय के बड़े बेटे ने मुखाग्नि दी। उधर, शव को ले जाने के बाद संजय की पत्नी बेसुध सी रहीं और परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस के मुताबिक दो स्थानीय लोगों का दावा है कि उन्होंने अधिकारी को 15वीं मंजिल से कूदते हुए देखा था। मृतक के पास से कोई सुसाइड नहीं मिला है, ऐसे में मौत को लेकर लोग कई तरह की आशंका जाहिर कर रहे हैं। मंगलवार को राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। नोएडा समेत कई अन्य जगहों पर अधिकारी की मौत को लेकर शोक सभा हुई।

उवाच

वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है : **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी नोएडा।**

# कैपिटल ज़ोन

## नोएडा एयरपोर्ट से अब मई में शुरू हो पाएगी घरेलू विमानों की उड़ान

**ग्रेटर नोएडा,**11 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) से विमानों की उड़ान शुरू होने का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। अप्रैल में नोएडा एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान नहीं शुरू हो पाएगा। निर्माण कार्य पूरा न हो पाने के कारण नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अप्रैल में वाणिज्यिक विमानों के उड़ान शुरू करने के लिए एयरोड्रम लाइसेंस देने से हाथ खड़ा कर दिया है। अब मई 2025 में डीजीएस ने एयरोड्रम लाइसेंस जारी करेगा। इसके बाद जाकर वाणिज्यिक विमानों का उड़ान शुरू हो पाएगा। मई में सिर्फ घरेलू विमानों का उड़ान शुरू हो पाएगी। अंतरराष्ट्रीय विमानों का उड़ान शुरू होने में जुलाई तक होने की उम्मीद है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरफ से मंगलवार को एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की गई है। उधर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एयरपोर्ट के निर्माण कार्य और संचालन को लेकर कार्यदायी संस्था समेत सभी विभागों की बैठक की। जिसमें एयरपोर्ट का निर्माण कार्य निर्धारित समय से पूरा न होने पर नाराजगी जाहिर की है। सूत्रों का कहना है कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की जमकर फटकार भी लगाई। हालांकि नोएडा एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी अब इस पर कोई भी बयान देने से बच रहे हैं।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से एयरसंचालन पहले 30 सितम्बर 2024 से शुरू पर विकासकर्ता



- निर्माण कार्य पूरा न होने पर डीजीसीए ने अप्रैल में एयरोड्रम लाइसेंस देने से खड़े किए हाथ
- अंतरराष्ट्रीय विमानों का उड़ान जुलाई से शुरू होने की उम्मीद
- एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में देरी होने पर मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी

कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट एजी के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ समझौता हुआ था। 31 दिसम्बर 2024 तक का अतिरिक्त समय दिया गया था। शर्तों के तहत 31 दिसम्बर 2024 तक संचालन न शुरू न करने पर दस लाख प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाने का प्रावधान था। इसके बाद भी एयरपोर्ट का संचालन दिसम्बर तक नहीं हो पाया और उसे 17 अप्रैल 2025 तक उड़ान शुरू करने का समय दिया गया। अप्रैल से तीन अंतरराष्ट्रीय, 25



घरेलू विमान और दो कार्गो विमानों का उड़ान शुरू होना था। उससे पहले एयरसंचालन को लेकर विकासकर्ता कंपनी से सारी प्रक्रिया पूरी करनी थी।

**एयरपोर्ट का दौरा करने पर निर्माण कार्य अधूरा मिला**

पांच मार्च को जेवर, एयरपोर्ट साइट पर डीजीसीए, एएआई, बीकस, यापल व टाटा प्रोजेक्ट समेत एयरपोर्ट साइट से जुड़े विभिन्न संस्थानों के अधिकारी गणों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अफसरों ने एयरपोर्ट पर अबतक हुए कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान अफसरों ने रनवे की मार्किंग, लाइटिंग, एटीसी टॉवर, परिसर में बिजली, पानी, सौर ऊर्जा के साधन, वॉच टॉवर, वाइल्ड लाइफ सिस्टम समेत अन्य उपकरणों का जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार की। इस दौरान अफसरों को टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य पूरा नहीं मिला। टर्मिनल का दो फेज में काम चल रहा है, अप्रैल से घरेलू उड़ान के यात्रियों का फेज तैयार होने का दावा किया गया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा के फेज में यात्रियों के लिए अभी सुविधाएं सुदृढ़ नहीं हो सकी है, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीकस), यापल, नायल व टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीजीसीए की तरफ से निर्माण कार्य पूरा न होने पर अप्रैल में एयरोड्रम लाइसेंस देने से हाथ खड़ा कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों की फटकार लगाई। मंगलवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरफ से बयान जारी किया गया कि मई तक एयरोड्रम लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। उसके बाद सिर्फ घरेलू विमानों का उड़ान शुरू हो पाएगा। अंतरराष्ट्रीय विमान के उड़ान भरने में अभी और समय लग सकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरफ से कहा गया है कि अगला महत्वपूर्ण चरण एरोड्रम लाइसेंस प्राप्त करना है, जिसकी उम्मीद मई में की जा रही है। हवाई अड्डा घरेलू उड़ानों के साथ संचालन शुरू करेगा, और उसके बाद आने वाले महीनों में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत होगी। वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत को लेकर राज्य और केंद्र सरकार के साथ चर्चा जारी है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में ज्वलंत मुद्दों के समाधान पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,**11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दादरी ब्लाक कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय रुपवास में जिलासरंक्षक अशोक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र कुमार भाटी एवं मंत्री वेदप्रकाश गौतम ने शिक्षकों की समस्याओं जैसे मानव सम्पदा पोर्टल पर शुद्धिकरण, प्रोन्नति, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, सरकारी एवं राज्यकर्मचारियों की भांति कैशलेश स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन बहाली, 15 मार्च का होली अवकाश एवम् उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में लगी शिक्षकों की ड्यूटी के मानदेय आदि ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर समाधान हेतु जिलामंत्री गजन भाटी ने होली बाद उक्त समस्याओं का निदान का आश्वासन दिया। जिला सरंक्षक अशोक शर्मा ने संगठन के महत्व और संगठन के द्वारा प्रदेश लेवल पर जारी कार्यक्रम और संघ के द्वारा किये जा रहे। कार्यों से अवगत कराया साथ ही एच आर ए की विसंगति को दूर करने हेतु वित्त सचिव उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाकात कर निदान करने का आश्वासन दिया। उक्त बैठक में जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र कुमार भाटी, ब्लॉक मंत्री



वेदप्रकाश गौतम, जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष कपिल नागर, जिला उपाध्यक्ष मिर्दुला शुक्ला, रामगोपाल ब्लॉक उपाध्यक्ष, लेख अहमद ब्लॉक उपाध्यक्ष, मो असलम जिला उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश गौर ब्लॉक संगठन मंत्री, जावेद जिला प्रचार मंत्री, जितेंद्र कुमार ब्लॉक प्रचार मंत्री नरेश तेवतिया, सतीश कुमार ब्लॉक प्रचार मंत्री, भूपेन्द्र नागर ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## ग्रेनो में अवैध रूप से लगे 58 यूनिपोल हटाए गए

- नए आवंटन के तहत यूनिपोल लगाने का काम शुरू, अब तक 14 लगाए गए

**ग्रेटर नोएडा,**11 मार्च (देशबन्धु)। शहर में अवैध रूप से लगे यूनिपोल के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियान के दौरान अब तक 58 यूनिपोल हटाए जा चुके हैं। इनमें ऐसे यूनिपोल भी शामिल हैं, जिनकी अनुमति की समय सीमा समाप्त हो गई थी। वहीं आवंटन के बाद नए यूनिपोल लगाने का काम भी शुरू दिया गया है। चयनित कंपनी द्वारा 14 यूनिपोल लगाए जा चुके हैं। पहली बार क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है।

अवैध रूप से लगे यूनिपोल की शिकायत पर प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अर्बन सर्विसेज विभाग द्वारा बीते साल अवैध यूनिपोल को हटाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया था। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित अधिसूचित क्षेत्र लगे यूनिपोल का सर्वे कर अवैध से लगे यूनिपोल की पहचान की गई। प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक 58 यूनिपोल हटाए गए हैं, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 130 मीटर सड़क



**अवैध यूनिपोल हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अब तक 58 यूनिपोल हटाए जा चुके हैं। साथ ही नए सिरे से यूनिपोल लगाने का भी काम शुरू कर दिया गया है। अगर किसी ने अवैध यूनिपोल लगाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : प्रेरणा सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे थे। कुछ यूनिपोल ऐसे भी थे, जिनकी अनुमति की समय सीमा समाप्त हो गई थी। निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कहीं पर भी अवैध यूनिपोल लगा न मिले। वहीं नई आवंटन के तहत चयनित कंपनी ने निर्धारित लोकेशन पर यूनिपोल लगाने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल 14 यूनिपोल लगाए जा चुके हैं, जबकि 51 प्रक्रिया में हैं।

## खराब रैंकिंग वाले विभाग को जिलाधिकारी का कड़ा निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,**11 मार्च (देशबन्धु)। राजस्व एवं विकास कार्यों को गति देने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत् प्रतिशत फीड कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल पर विभागों की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक करते हुए ऐसे सभी विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जिनकी सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग अच्छी नहीं है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागों में चल रही योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति करते हुए प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर शत् प्रतिशत फीड करायें एवं सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन जिन विभागों की रैंकिंग खराब चल रही है उनकी विरुद्ध पत्राचार करते हुए शासन को भेजा जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष




- जिलाधिकारी ने राजस्व व विकास कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल को लेकर की बैठक

ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी कहा कि यदि किसी भी अधिकारी को कोई समस्या हो वह मुख्य विकास अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुटि रहित डाटा फीडिंग करायें। सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग न करने वाले या गलत डाटा फीड करने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्वाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज सिंह तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 'नो हेल्मेट नो फ्यूल' पॉलिसी को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक

**ग्रेटर नोएडा।** दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा संचालित 'नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी' का जिले में शत् प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके उसी को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक हुई। बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है, परंतु कुछ स्थानीय लोगों द्वारा पेट्रोल पंप पर सेल्समैन द्वारा बिना हेलमेट के फ्यूल देने पर मना करने पर उनके साथ अभद्रता व मारपीट



की जाती है, जिसके संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस को पत्र प्रेषित किया जाए कि वह अपने-अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर नो 'हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी' का पालन कराने में सहयोग करें और सेल्समेनों के साथ मारपीट व अभद्रता करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से यह भी कहा कि नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए, ताकि लोग स्वतरू जागरूक बन सके और वह दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय, क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी बृजेश पाल, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण तथा पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी की मासिक बैठक

**जेवर,**11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जेवर ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक का मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवर न0 1 में आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता हेमराज शर्मा ने की। ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज शर्मा एवं मंत्री रौदास सिंह ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं जैसे मानव सम्पदा पोर्टल पर शुद्धिकरण, प्रोन्नति, चयन, वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान,



सरकारी एवं राज्यकर्मचारियों की भांति कैशलेश स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन बहाली व होली पर्व पर दो दिवसीय को बढ़ाकर 15 मार्च तक करने आदि ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। ज़िलाउपाध्यक्ष भगवत स्वरूप शर्मा ने होली बाद अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराकर निदान कराने का आश्वासन दिया। ज़िला संगठन मंत्री अनिल कुमार ने संगठन के महत्व व संगठन द्वारा प्रदेश स्तर पर जारी कार्यक्रम तथा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। जिला कोषाध्यक्ष मुनीश सिंह ने कहा कि शिक्षकों को जेवर एयरपोर्ट पर कार्यरत कर्मचारियों के समान ही एचआरए दिया जाए। जिसके लिए उच्चाधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। बैठक में ब्लॉक कोषाध्यक्ष फखरुद्दीन खान, ज़िला उपाध्यक्ष दीवान सिंह, मनीष पांडे, जिलासंगठन मंत्री विनोद ठाकुर, मीता वर्मा, शैली सिंह, उम्मे जुर्का, उदय चंद चैधरी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## 'दावत-ए-जीबीयू' में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 'दावत-ए-जीबीयू' सांस्कृतिक खाद्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के छात्रों द्वारा किया गया और यह ग्रैंडवॉक में आयोजित हुआ। इस अवसर पर खेल स्टॉल्स, स्वादिष्ट खाद्य स्टॉल्स, मंत्रमुग्ध कर देने वाली नृत्य प्रस्तुतियां और संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। इस आयोजन में जीबीयू के कुलपति प्रो. राणा प्रताप सिंह और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और इस आयोजन को विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विभिन्न सांस्कृतिक व्यंजनों को प्रदर्शित करना था, बल्कि छात्रों को प्रबंधन और आयोजन कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना भी था। महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मनोरंजन प्रदान किया। खाद्य



स्टॉल्स पर भारतीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का विशाल चयन था, जिसे छात्रों और आगंतुकों द्वारा खूब सराहा गया। प्रो. राणा प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में इस तरह के आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि इससे छात्रों को आयोजन और प्रबंधन में वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है। डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने भविष्य में ऐसे और सांस्कृतिक एवं प्रबंधकीय कार्यक्रमों के आयोजन का समर्थन किया। यह कार्यक्रम न केवल जीबूयू समुदाय के लिए एक यादगार अनुभव रहा, बल्कि छात्रों को अपनी नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल दिखाने का भी एक मंच मिला। शिक्षकों और छात्रों ने इस महोत्सव को अत्यंत सफल और यादगार बताया और भविष्य में ऐसे और आयोजनों के लिए अपनी इच्छा जाहिर की।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1436/एस०टी० एस०डी०एम० सदर/2022 दिनांक 19.12.2022 मृतक श्री खडग सिंह पुत्र स्व० श्री झाऊलाल नि० ग्राम आछेपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धगर की मृत्यु 10.05.2021 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है–

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आछेपुर | 49 | 221 | स्व0 खडग सिंह पुत्र स्व0 श्री झाऊलाल नि0 ग्राम आछेपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती शबदा देवी | पत्नी | 57 वर्ष | |
| | | | | श्री ललित सिंह | पुत्र | 24 वर्ष | |
| | | | | श्री अमित | पुत्र | 24 वर्ष | |
| | | | | श्री रोहित सिंह | पुत्र | 19 वर्ष | |
| | | | | श्री अंकित भाटी | पुत्र | 17 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती नीरज | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती अर्चना | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 49 एस०टी० एस०डी०एम०/2024 दिनांक 19.01.2024 जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र के अनुसार स्व० श्री अमरपाल सिंह पुत्र स्व० रामेश्वर नि० ग्राम जुनैदपुर, परगना सिकन्द्राबाद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 28.08.2023 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:–

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 56 | स्व0 श्री अमरपाल सिंह पुत्र स्व0 रामेश्वर नि0 ग्राम जुनैदपुर, परगना सिकन्द्राबाद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती राजवती | 60 | पत्नी |
| | | | श्री अनूप सिंह | 35 | पुत्र |
| | | | श्री मनोज कुमार नागर | 33 | पुत्र |
| | | | श्री कपिल कुमार | 28 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई0ई0ए0/GM(P)/2025/1021 दिनांक: 10.03.2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मो से ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई–प्रीक्योरमेंटसोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वाई.ई.ए./GM(P)/2025/1020 दिनांक 10.03.2025 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारन्टी/एन0एस0सी0 के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Plantation of trees and shrubs and supply of benches and dustbin on 07 pond in YEIDA Area (Part-A) YEA WC-HORTI | रु0 27.49 लाख |
| 2. | Providing and Fixing of M.S. board (size 2.45 mtr x 1.85mtr) in YEIDA Area, Side at District Aligarh YEA WC-04 | रु0 30.75 लाख |
| 3. | Maintenance of 60.00 mtr wide road ch. 22.50km to 27.00 km along Yamuna Expressway YEIDA WC-04 | रु0 14.78 लाख |
| 4. | C/o Drain slab of 60.00 mtr and 45.00 mtr wide road in Sector-20 pocket-A, B and D YEA WC-02 | रु0 82.23 लाख |
| 5. | C/o RCC drain slab and Toe wall for covering Old Constructed Drain along 45 mtr wide road Sector-20 Pokcet-T and R YEA WC-02 | रु0 146.15 लाख |
| 6. | Resurfacing work with 5 years maintenance of PMGSY road from Rabupura to Nagla Hukum Singh YEIDA WC-04 | रु0 115.26 लाख |

जिन्हें दिनांक 18.03.2025 से 28.03.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन दिनांक 01.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 7. | C/o Remaining main carriageway of 45.00 mtr wide road and service road and drain around pocket R Sector-20 YEA WC-02 | रु0 212.68 लाख |
| 8. | C/o 45 mtr wide road along pocket-5 Sector-18 (part)YEA WC-01 | रु0 512.29 लाख |
| 9. | Providing and laying Sewerage System (balance work) for industrial Sector-32 YEIDA WC-03 | रु0 308.74 लाख |
| 10. | Construction of R.C.C drain covering 100.0 mtr wide road no-14 (L.H.S and R.H.S) and road no12(L.H.S) YEIDA WC-03 | रु0 781.24 लाख |
| 11. | Remaining internal Development work of Pocket Road Drain Sewerage and WaterSupply of pocket E Sector-20 YEA WC-02 | रु0 1212.26 लाख |
| 12. | Balance internal development work of pocket 6A(part) and 6B (part) sector-18 part (road, drain sewer and water supply )group II/2 YEIDA WC-01 | रु0 972.84 लाख |
| 13. | Construction of R.C.C drain along 120m wide road lift side carriagewaych 2.00km to ch4.50km in sector-18 Yamuna Expressway Authority WC-01 | रु0 1166.97 लाख |

जिन्हें दिनांक 19.03.2025 से 02.04.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन दिनांक 04.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी।

1. निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे नियमित रुप से उक्त वेबसाइटों को देखते रहें क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना बेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना)

महत्वपूर्ण सूचनाः यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग/ हाउसिंग/ कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 12 मार्च 2025
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# ताजमहल के साथ देश की दीवारों में रिसता पानी

बजट सत्र के दूसरे चरण में सरकार से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष जवाब चाह रहा है। अमेरिका की तरफ से लगातार भारत का अपमान, दक्षिण भारत में हिंदी थोपने की कोशिश का आरोप और त्रिभाषा फार्मूला, परिसीमन में दक्षिण की सीटें घटाने की कोशिश, किसान आंदोलन और एमएसपी का वादा, मतदाता सूची में गड़बड़ी और मतदाता फोटो पहचान पत्र के अंकों में हो रहा दोहराव, वक्फ संशोधन विधेयक में विपक्ष की आपत्तियों को नजरंदाज करना, मणिपुर में शांति बहाली की कोशिश के बीच फिर से हिंसा, ऐसे अनेक मुद्दे हैं दिन पर सरकार को विपक्ष की बात और सवाल सुनकर यथासंभव जवाब देना चाहिए। इन तमाम सवालों के बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल एआईएमआईएम के सांसद असद्दुदीन ओवैसी ने किया, जिस पर सरकार का जवाब चिंताजनक है।

ओवैसी साहब ने सवाल किया था कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को 'डिटाक्सिफाई' यानी विषमुक्त करने के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी। क्या सरकार सुनिश्चित करेगी कि एएसआई संविधान के धर्मनिरपेक्षता और बहुलवाद के सिद्धांत के साथ काम करे? दरअसल असद्दुदीन ओवैसी ने आरोप लगाया था कि पिछले 50 साल से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। और फिर उन्होंने इस संस्था के संविधान के मुताबिक काम करने पर सवाल किया, साथ ही कहा कि यह सरकार पिछले 11 वर्षों से सत्ता में है। संस्कृति मंत्रालय में 6,516 पद रिक्त हैं, संरक्षण शाखा में 67 से अधिक पद रिक्त हैं, पुरातत्व और पुरालेखशास्त्र के प्रमुख प्रभागों में एक महत्वपूर्ण कमी है, मंत्रालय कैसे सुनिश्चित करता है कि केंद्रीय रूप से संरक्षित स्मारकों का रखरखाव और संरक्षण कैसे किया जाता है?

एआईएमआईएम सांसद के इस सवाल पर केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि 50 साल के बारे में तो मैं टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन पिछले 10 साल आठ महीने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की विचारधारा के साथ साथ काम कर रही है। वहीं उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में मोदी सरकार से पहले चंद लोगों को 'पूजा पद्धति या वोट बैंक की ताकत के आधार पर' कुछ विशेषाधिकार मिलते थे जो समानता की श्रेणी में आने के बाद समाप्त हो गए हैं। मंत्री महोदय का इशारा किन लोगों की तरफ था, यह समझना कठिन नहीं है। लेकिन दुख होता है यह देखकर कि जिस मंत्रालय पर भारत की संस्कृति और विरासत यानी गंगा-जमुनी तहजीब को संभालने और आगे बढ़ाने के साथ ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा की खास जिम्मेदारी है, वहां सही सवाल पर चुनावी नारेनुमा जवाब दिए जा रहे हैं। बता दें कि गजेन्द्र सिंह शेखावत ने असद्दुदीन ओवैसी के सवाल के जवाब में यह स्वीकार किया है कि जहां तक ताजमहल के रखरखाव का विषय है तो यह बात सही है कि पानी के रिसाव की एक घटना सामने आई थी। लगातार बारिश के कारण जो स्थिति बनी, उसमें तुरंत सुधार किया गया है। केंद्र सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए काम कर रही है।

पाठक जानते हैं कि ताजमहल दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक है और विदेशों से बड़ी संख्या में सैलानी इस अद्भुत कलाकृति को देखने आते हैं। उत्तरप्रदेश और केंद्र दोनों सरकारों को ताजमहल के कारण अच्छा-खासा राजस्व प्राप्त होता है। फिर भी इस ऐतिहासिक इमारत में बारिश का पानी चूने लगे, तो समझा जा सकता है कि इसके रखरखाव में कैसी लापरवाही बरती जा रही है। वैसे भी तेल शोधन संयंत्रों के कारण ताजमहल की मौलिक खूबसूरती काफी हद तक नष्ट हो गई है। उधर हिंदुत्व के उन्मादी लोगों के कारण भी ताजमहल को काफी खतरा हो गया है। दक्षिणपंथी इसे तेजोमहालय कहते हैं और पिछले साल कांवड़ यात्रा के दौरान हिंदू महासभा से जुड़े दो युवकों ने ताजमहल के भीतर कब्र पर गंगाजल भी डाल दिया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। लेकिन भारी सुरक्षा व्यवस्था को धता बता कर दोनों युवक गंगाजल लेकर भीतर तक चले गए, इसी से पता चलता है कि सरकार इसके संरक्षण के लिए कितनी संवेदनशील है।

अकेले ताजमहल ही नहीं, मुगलकाल में बनी कई शानदार इमारतों पर इस समय नफरती हमले का खतरा बढ़ गया है। छावा फिल्म आने के बाद से औरंगजेब को लेकर घृणा का माहौल इतना बढ़ गया है कि अब लोकतांत्रिक सरकार भी हिंदुत्व के माइक पर अपनी आवाज बुलंद कर रही है। संस्कृति मंत्री ने मोदी सरकार की विचारधारा संसद में दोहरा दी, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए था कि संरक्षित स्मारकों के रखरखाव के साथ उन्हें खत्म करने की मिल रही धमकियों पर सरकार क्या कोई एहतियाती कदम उठाएगी। क्योंकि अब औरंगजेब से नफरत का इजहार उसकी कब्र को तहस-नहस करने की मंशा से हो रही है। किसी ने कब्र को अरब सागर में फेंकने की बात कही, तो कोई इसे तोड़ने की बात कर रहा है। मनोज मुंतशिर ने तो इस पर बाकायदा सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाला वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डाला, जिसमें कहा गया है कि जब हम हिंदू श्रीराम जन्मभूमि की लड़ाई कोर्ट में लड़ रहे थे, तब शांतिप्रिय समाज के कुछ लोग हमें ज्ञान देते थे कि भगवान तो कण-कण में हैं, फिर श्रीराम मंदिर बनाने की जरूरत क्या? इस जमीन पर कोई स्कूल, कोई अस्पताल, कोई अनाथालय बनवा दो। मैं भी सरकार से अपील करता हूं कि औरंगजेब की कब्र हटाने की जरूरत क्या है उस पर शौचालय बनवा दो। आखिर उस बदजात हिंदुओं के हत्यारे की हड्डियां गलाने के लिए यूरिया और नमक तो हम सनातनी दान कर ही सकते हैं। ये वीडियो देखने के बाद जो सेक्युलर कमेंट करने वाले हैं कि किसी के बाप का हिंदुस्तान थोड़ी है, तो उन्हें मैं कहना चाहता हूं शिवाजी और राणा को पिता कहते हैं, हमारे बाप का हिंदुस्तान था और है।

इसी तरह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने भी कब्र को हटाने की इच्छा तो जताई, लेकिन एएसआई के कानूनों का हवाला देकर मजबूरी भी बता दी। औरंगजेब पर तार्किक बहस हो, इस पर किसी को आपत्ति नहीं, लेकिन 1707 में मर चुके एक बादशाह के लिए इस समय नफरत का इजहार कर समाज का माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। इस पर एएसआई और सरकार दोनों को आपत्ति करनी चाहिए। पानी ताजमहल के साथ देश की दीवारों में भी रिस रहा है।

# भावप्रवण युवाओं के अंसुअन से होता नरेन्द्र मोदी का जलाभिषेक

इन दिनों पीली शर्ट वाले एक युवा का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। रोते हुए उस युवक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माता हीराबेन का बड़ा सा स्केच उठा रखा है। यह शुक्रवार की बात है जब मोदी अपने गृह राज्य गुजरात के एक प्रमुख शहर सूरत में रोड शो कर रहे थे। उनका काफिला आगे बढ़ रहा था तभी उनकी नज़र में वह 20-22 वर्षीय युवक आया। अपनी मां के प्रति बेहद संवेदनशील माने जाने वाले और मासे-चौमासे वडनगर जाकर विभिन्न अवसरों पर अपनी माताजी के जीवित रहने के दौरान उनके साथ फोटो खिंचवाने वाले मोदी ने तत्काल अपनी कारकेड को रुकवाया। उस मोदी आसक्त युवक ने उनके चित्र को और ऊपर उठाया। चित्र के साथ उस युवक की आंखों में मोटे-मोटे आंसू दिख रहे थे जिन्हें वह अपनी आस्तीन से बार-बार पोंछ रहा था। रुक नहीं रहे थे। भीड़ के बीच से सुरक्षा कर्मचारियों के जरिये उस स्केच को मंगवाया जाता है। उस चित्र को देखकर मोदी भी भाव-विभोर होते दिख रहे हैं। उन्होंने उस पर अपने हस्ताक्षर किये तथा वह स्केच वापस युवक तक पहुंचाया गया। मोदी की इस दरियादिली से वह युवक और भी द्रवित हो गया। उसके आंसुओं की धाराएं और भी अधिक तेज़ हो गयीं क्योंकि अब उसके हाथों में वह तस्वीर थी जिसे एक महामानव द्वारा न केवल स्पर्श किया गया था वरन उस पर हस्ताक्षर भी किये थे। आखिरकार मोदी के हस्ताक्षर हैं भी तो बेहद नायाब जो बहुत कम लोगों को नसीब होते हैं। पिछले साल जब मई में मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था, अलबत्ता तब उनसे तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाईडेन ने उनका आटोग्राफ लेकर साबित किया था कि मोदी के दस्तखत की क्या कीमत है और वे केवल नसीबवानों को ही मिलते हैं। वैसे भी 30 दिसम्बर, 2022 को उनके निधन के बाद मोदीजी की मां से सम्बन्धित ऐसा भावुक प्रसंग अब कहीं जाकर देखने को मिला है क्योंकि उसके बाद मोदी उस घर में गये या नहीं, यह नहीं जान पड़ता।

इस पूरे वाकये को गोदी मीडिया कहे जाने वाले न्यूज़ चैनल द्वारा जिस प्रकार से अतिरिक्त प्रमुखता से प्रसारित किया जा रहा है वह उन सभी लोगों की भी आंखों में आंसू लाने के लिये पर्याप्त है जो देश में युवाओं के साथ-साथ मुख्यधारा की मीडिया की दुर्दशा पर थोड़ा सा भी सोचते हैं। बहरहाल, यदि कोई ऐसा सोचता है कि बेरोजगारी, शिक्षा के गिरते स्तर, रद्द होती परीक्षाओं, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के होते पेपर लीक, खराब स्वास्थ्य सेवाओं, बढ़ते भ्रष्टाचार, प्रदूषण जैसे कारणों से वह युवा जार-जार आंसू बहा रहा है, तो वह अपनी राजनीतिक समझ को दुरुस्त कर ले। ऐसा सोचना मोदी की लोकप्रियता को काफी कम करके आंकना ही कहलायेगा। यदि कोई यह भी समझता हो कि युवा हाल ही में प्रयागराज के महाकुम्भ में हुई भगदड़ के कारण लोगों की मौतों पर रो रहा है तो वह भी गलत है; या वह अमेरिका में अवैध प्रवासियों के रूप में रहने वाले भारतीयों को हथकड़ियों-जंजीरों से बांधकर लाये जाने के कारण दुख व अपमान महसूस करके क्रंदन कर रहा है- तो ऐसा भी नहीं है। दरअसल युवा अपने उस आदर्श पुरुष को देखकर भावुक हो गया था जिसके बारे में वह मानता है कि मोदी रोजगार, विकास, कानून-व्यवस्था जैसे सड़े-गले विषयों पर काम करने के लिये नहीं बने हैं। ऐसा निरर्थक काम तो वर्षों पहले जवाहरलाल नेहरू, लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, राजीव गांधी और यहां तक कि डॉ. मनमोहन सिंह जैसे लोग कर चुके हैं। मोदी इन सब कामों में भला समय क्यों जाया करें? उन्हें ईश्वर ने खास मकसद से बेजा है- अब्दुल को टाइट करने; और ऐसा वे बखूबी कर रहे हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> देश के युवाओं की प्राथमिकता अब बदल गयी है। अब उसे न अच्छी शिक्षा चाहिये और न ही काम-धंधे की उसे दरकार रह गयी है। 5 किलो प्रति माह का राशन उसके लिये राष्ट्रीय गर्व का विषय है जो हजार वर्ष के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाले किसी हिन्दू राजा की महान अर्थव्यवस्था का प्रतिफल है। बन्द होते स्कूल और महंगी होती शिक्षा उसे विचलित नहीं करती।

बेशक यह युवा उसी गुजरात से है जहां 1973-74 में जयप्रकाश नारायण ने छात्रों-युवाओं को साथ लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ 'नवनिर्माण आंदोलन' की शुरुआत की थी। इस असंतोष ने कांग्रेस की चिमनभाई पटेल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिये मजबूर कर दिया था साथ ही गुजरात विधानसभा भंग कर दी गयी थी। यह आंदोलन बिहार में भी फैला जिसके बाद के घटनाक्रम ने भारत की सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल लगाने के लिये मजबूर कर दिया था। अंततः वे भी सत्ता से बाहर हो गयीं। अब कोई यह भी न सोचे कि मोदी के काफिले के सामने बिलखता वह युवा देश की आजादी तथा भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिये गुजरात के उपरोक्त उल्लिखित आंदोलन से वाकिफ भी होगा। ये सारी बातें उक्त युवा के उस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से बाहर के विषय हैं जिसे 'वाट्सएप यूनिवर्सिटी' कहा जाता है। जेपी के समय बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चाहे मुद्दे रहे हों, लेकिन अब आज के इन युवाओं व छात्रों को कुछ लेना-देना नहीं है। बहुत सम्भव है कि वह भी उन्हीं बेरोजगारों में से एक हो जिनके लिये मोदी ने भरोसा दिलाया था कि उनके जैसे 2 करोड़ लोगों को हर वर्ष पक्की नौकरी दी जायेगी। पिछले बजट में इसी मोदी सरकार ने हर वर्ष देश की 100 अग्रणी कम्पनियों में लाखों युवाओं को अप्रेंटिसशिप के जरिये काम देने का वायदा किया था- यह सब भी उसे याद नहीं होगा। उसे याद है तो केवल मोदी और उनकी माता।

देश के युवाओं की प्राथमिकता अब बदल गयी है। अब उसे न अच्छी शिक्षा चाहिये और न ही काम-धंधे की उसे दरकार रह गयी है। 5 किलो प्रति माह का राशन उसके लिये राष्ट्रीय गर्व का विषय है जो हजार वर्ष के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाले किसी हिन्दू राजा की महान अर्थव्यवस्था का प्रतिफल है। बन्द होते स्कूल और महंगी होती शिक्षा उसे विचलित नहीं करती। वह धर्म-राज्य को मजबूती देने के लिये सब कुछ छोड़-छाड़कर सड़कों पर है और किसी भी हद तक जा सकता है। उसके मन में सवाल ही नहीं उठता कि दो-चार साल बीत जाने के बाद वह जीवनयापन के लिये क्या करेगा; न ही उसे इस बात को लेकर जानने की उत्सुकता है कि उसके हाथों में झंडे-डंडे पकड़ाने वालों के बच्चे उसके साथ क्यों नहीं हैं? वे क्यों अच्छी शिक्षा पाने के लिये अच्छे स्कूलों में या सीधे विदेशों में जा रहे हैं? फिर लौटकर सीधे किसी बड़ी कम्पनी में काम करते हैं या फिर सांसद बनते हैं अथवा किसी खेल संगठन का बड़ा ओहदा सम्हालते हैं? आखिर उन्हें क्यों नहीं धर्म-राज्य चाहिये?

मोदी ने इन बच्चों की नब्ज़ पकड़ ली है। वे जानते हैं कि किस तरह से इन्हें बुनियादी मुद्दों से दूर रखा जा सकता है। इसलिये जो लोग शिक्षा, रोजगार सम्बन्धी सवाल उठा रहे हैं अथवा काम मांग रहे हैं उन्हें सुनियोजित प्रणाली एवं निर्धारित प्रक्रिया के जरिये जेलों में भेज दिया जाता है या सड़कों पर कूटा जाता हैं- फिर चाहे ये जनप्रतिनिधि हों या फिर छात्र व युवा। बार-बार रद्द होती परीक्षाओं और टलती हुई नौकरियों के बारे में भी कोई सवाल नहीं किया जा सकता। वैसे सही बात तो यह है कि युवाओं की भी इन मुद्दों में कोई रुचि नहीं रह गयी है। इसे अज्ञान कहें या बुनियादी मसलों के प्रति निर्विकार होना- दोनों आत्मघाती है।

दरअसल यही युवाओं द्वारा अपने आंसुओं से मोदी का जलाभिषेक है। फिलहाल ये पानीदार आंसू हैं लेकिन बेरोजगारी और शिक्षा पर सवाल न किये तो इन्हें खून के आंसू बनने में देर नहीं लगेगी।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए भारत अपनी वैकल्पिक योजनाके साथ तैयार रहे

■ **कल्याणी शंकर**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2 अप्रैल से भारत पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा ने नई दिल्ली में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। अमेरिकी वस्तुओं पर भारत के उच्च आयात कर लंबे समय से विवादास्पद रहे हैं, जो अब व्यापार भागीदारों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह कदम अपने परिणामों के बिना नहीं है। यह आभूषण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे निर्यात को जोखिम में डालता है, जिससे भारत को सालाना 7अरब डॉलर का महत्वपूर्ण नुकसान हो सकता है। सवाल यह है कि इस व्यापार युद्ध से भारत को कितना नुकसान होगा? क्या नयी दिल्ली नुकसान होने से पहले कोई रास्ता निकाल सकती है? यह लाख टके का सवाल नीति निर्माताओं और व्यापार विशेषज्ञों को चौकन्ना रखता है, जो स्थिति की संभावित गंभीरता को रेखांकित करता है।

भारत वर्तमान में अमेरिकी उत्पादों पर अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाये जाने वाले करों की तुलना में बहुत अधिक आयात कर लगाता है, जिसमें 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अनुसार, यदि अमेरिका इन शुल्कों को कम करता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का अमेरिका को निर्यात 2 अरब घटकर 7अरब रह सकता है।

> भारत का अमेरिका के साथ 36अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का व्यापार अधिशेष है। अमेरिका को भारतीय निर्यात का हिस्सा 2019-20 में 16.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 17.7प्रतिशत हो गया, जिसके कारण राष्ट्रपति ट्रम्प का प्रशासन शुल्क कार्रवाई कर सकता है। अपने अभियान के दौरान, ट्रम्प ने कई अमेरिकी निर्यातों पर भारतीय शुल्कों की आलोचना की

भारत का अमेरिका के साथ 36अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का व्यापार अधिशेष है। अमेरिका को भारतीय निर्यात का हिस्सा 2019-20 में 16.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 17.7प्रतिशत हो गया, जिसके कारण राष्ट्रपति ट्रम्प का प्रशासन शुल्क कार्रवाई कर सकता है।

अपने अभियान के दौरान, ट्रम्प ने कई अमेरिकी निर्यातों पर भारतीय शुल्कों की आलोचना की और भारतीय निर्यातों पर पारस्परिक कर की संभावना का उल्लेख किया।

ट्रम्प का मानना है कि अब समय आ गया है कि अमेरिका निष्पक्ष व्यापार के लिए टैरिफ लगाये। 'ट्रम्प प्रशासन के तहत, आपको टैरिफ देना होगा और कुछ मामलों में, इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा।' ट्रम्प इस बात पर जोर देते हैं कि अमेरिका अब अनुचित व्यापार प्रथाओं को स्वीकार नहीं करेगा। भारत अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च आयात कर लगाता है।

भारत 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अनुचित व्यापार प्रणाली बनती है। 2 अप्रैल को पारस्परिक शुल्क, अर्थात भारत द्वारा लगाये गये शुल्क, अमेरिका द्वारा बराबर किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त, यदि भारत अमेरिकी बाजार पहुंच को सीमित करने के लिए गैर-मौद्रिक शुल्क का उपयोग करता है, तो अमेरिका भी इसी तरह के प्रतिबंध लागू करेगा।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गयी है कि पारस्परिक कर भारत के निर्यात को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं, जो इसके सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 22प्रतिशत योगदान देता है। यह, धीमी वैश्विक व्यापार वृद्धि और बढ़ती अनिश्चितताओं से जुड़ी चुनौतियों के साथ मिलकर भारत की आर्थिक स्थिति को खराब कर सकता है। भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने अमेरिकी शुल्कों में संभावित बढ़ोतरी के प्रभाव का आकलन करने के लिए हितधारक परामर्श शुरू करके सक्रिय कदम उठाये हैं। ब्लूमबर्ग के अर्थशास्त्रियों के अनुसार, भारत का अमेरिका के साथ टैरिफ गैप काफी बड़ा है और यदि अमेरिका ट्रम्प के कहने के अनुसार टैरिफ को बराबर करने का फैसला करता है, तो इसका भारतीय निर्यात पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

भारत में उद्योग और व्यापार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के शीर्ष निर्यात जैसे ऑटोमोबाइल पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, हीरे, आभूषण, रसायन और फार्मास्यूटिकल्स को वर्तमान भारतीय टैरिफ पर अमेरिका में आयात नहीं कर सकते।

विश्लेषकों का कहना है कि सबसे अधिक असुरक्षित रसायन, धातु उत्पाद और आभूषण हैं, इसके बाद ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य उत्पाद हैं। भारत को अपने संभावित हानियों और लाभों का आकलन करना चाहिए और भविष्य की व्यापार चुनौतियों के लिए अभिनव रणनीति विकसित करनी चाहिए।

यदि राष्ट्रपति ट्रम्प आयातित प्रतिभाओं को नियुक्त करने वाली अमेरिकी कंपनियों को दंडित करते हैं, तो भारत के आउटसोर्सिंग और आईटी सेवा उद्योग को महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को नये अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि, जैमीसनग्रियर से मिलने के लिए अपनी अमेरिकी यात्रा शुरू की, जो ट्रम्प की टैरिफ योजना को लागू कर रहे हैं। ग्रियर ट्रम्प के पहले प्रशासन का भी हिस्सा थे, जिसने चीन को लक्षित किया और भारत के लिए निर्यात के अवसर खोले, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में।

टैरिफ़ के बारे में विवादास्पद मुद्दों के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2024 में 118.2अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस अवधि के दौरान भारत ने 36.8अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष बनाये रखा। ट्रम्प ने ऑटोमोबाइल टैरिफ़ को 100प्रतिशत लागू करने के लिए भारत की आलोचना की, यह दावा करते हुए कि इस तरह के व्यापार असंतुलन ने दशकों तक अन्य देशों को अमेरिका से फ़ायदा उठाने की अनुमति दी।

अन्य व्यापार साझेदारों की तरह, ट्रम्प प्रशासन भारत में अमेरिकी वस्तुओं के लिए वाणिज्यिक बाज़ार तक पहुंच के लिए टैरिफ़ का उपयोग करेगा।

नयी दिल्ली को अब स्थिति का जल्द से जल्द समाधान ढूंढ़ना चाहिए। एक समाधान इस मुद्दे पर चर्चा करना और करों को कम करना होगा। दोनों पक्षों का लक्ष्य बाज़ार तक पहुंच बढ़ाना, टैरिफ़ और गैर-टैरिफ़ बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करना है। भारत को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से टैरिफ़ को कम करने और अपने निर्यात बाज़ारों में विविधता लाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह रणनीति भारत को आने वाली व्यापार चुनौतियों से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने में मदद कर सकती है। यह एक ऐसा रवैया होगा जो नयी दिल्ली को इस संकटपूर्ण स्थिति से उबरने में मदद करेगा।

## आपके पत्र

### हमने अपनी ही खुशी पर पत्थर क्यों बरसाए?

हमने अपनी ही खुशी पर पत्थर क्यों बरसाए ?... सोचिये, जहां पूरा देश क्रिकेट में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर पूरे जोश और खरोश से होली से पहले दिवाली सा जश्न मना रहा था। वहीं इंदौर जिले के एक छोटे से शहर 'महू छावनी' में भी जोश के साथ मना रहे जश्न के दौरान निकल रहे जुलूस पर कथित उपद्रवियों ने पत्थर बरसा दिए और पूरे जश्न को उपद्रव में झोंक दिया। कुछ मोहल्ले, गलियों व प्रमुख बाजारों में झगड़ा फ़ैल गया। दुकानों और वाहनों में आग लगा दी। केंटोनमेंट से जुड़ा शहर सदैव शांत रहा है। 70-80 के दशकों में यदा-कदा छुट-पुट नासमझी की घटनाएं हुआ करती थी किन्तु जब से वहां की प्रशासनिक व्यवस्थाएं मजबूत हुई तब से वहां शान्ति-अमन बना रहा जो अब तक चलता रहा। अचानक चैंपियंस ट्रॉफी के जुलूस पर पथराव सोचनीय है और विचारणीय है दो पक्षों में क्षणिक फैली क्रोध भावना। महू खेलों में अविस्मरणीय रहा. वहां जन्मे बाबा साहेब आंबेडकर ने देश को पुख्ता संविधान दिया। हॉकी में शंकर-लक्षमण के बेहतरीन गोल ने देश को सिरमौर बनाया। देश की प्रमुख छावनी होने के साथ ही यहां की प्रतिभाओं ने विधि, राजनीति व अन्य क्षेत्रों में देश का नाम रोशन किया। ऐसी प्रतिभाशाली सुकून भरी नगरी में जहां पूरा देश चैंपियंस ट्रॉफी की जीत की खुशी मना रहा हो वहां कुछ नासमझों द्वारा ओछी हरकत करके माहौल ख़राब करना चिंतनीय है। आगे ऐसा न हो और सदा हमेशा की तरह हिल-मिलकर सभी तरह की खुशियां मनाएं ऐसा संकल्प महूवासी लें और सबके हर्ष में हमेशा शामिल होते रहें।

**शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर (म.प्र.)**

### जलवायु परिवर्तन के प्रभाव विविध और बेहद हानिकारक

भारत समेत एशिया के कई देशों में समय से पहले ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। यह समस्या जलवायु परिवर्तन के कारण हो रही है, जिसके प्रभाव वैश्विक स्तर पर देखे जा रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण कई हैं, जिनमें से कुछ प्राकृतिक हैं और कुछ मानवजनित। प्राकृतिक कारणों में महाद्वीपीय बहाव, पृथ्वी की कक्षा में भिन्नता, ज्वालामुखीय गतिविधि और महासागरीय धाराएं शामिल हैं। मानवजनित कारणों में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, भूमि उपयोग पैटर्न में परिवर्तन और औद्योगिक गतिविधियां शामिल हैं। इन कारणों के परिणामस्वरूप वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दिखाई दे रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव विविध और बेहद हानिकारक हैं। समुद्री गर्म लहरों के कारण समुद्री जीवों की बड़े पैमाने पर मृत्यु हो सकती है, समुद्र का अम्लीकरण बढ़ सकता है, और हमारे मौसम के पैटर्न को प्रभावित करने वाली धाराओं में व्यवधान आ सकता है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए हमें जलवायु परिवर्तन के कारणों को समझना होगा और उन्हें कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। हमें अपनी दैनिक गतिविधियों में परिवर्तन लाना होगा, जैसे कि ऊर्जा की बचत करना, पेड़ों को लगाना, और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के महासागर तीन खतरों से जूझ रहे हैं। महासागरों में अत्यधिक गर्मी, ऑक्सीजन की कमी और अम्ल बनने की अधिक घटनाएं हो रही हैं। इससे समुद्री सतह का तापमान छह गुना अधिक गर्म हो गया है। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है।

**सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

### तपती रेत पर हरसिंगार :समकालीन ओडिआ कविता का प्रतिनिधि संकलन

*तपती रेत पर हरसिंगार शीर्षक ही अपने अटपटेपन के बावजूद बहुत कुछ कहता है। कवि सदैव सुन्दर का स्वप्न देखता है, सुन्दर की रचना करना चाहता है। हरसिंगार उसके कोमल मनोभावों का प्रतीक है, लेकिन तपती रेत जीवन की कठोर झुलसाने वाली वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करती है।*

*कुमार हसन की कविता है जंगल बुक। इस कविता में गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। कविता की अंतिम पंक्ति व्यवस्था पर तीखा प्रहार करती है-*

*पता नहीं, जंगल में/जनतंत्र का मतलब क्या होता है?/ स्वतंत्रता तलाशते लोग / फिलहाल विदेश दौरे पर।*

*उधर गिरिजाकुमार बलियार सिंह की कविता में सदियों से चले आ रहे आर्थिक शोषण और गैरबराबरी का चित्र इन पंक्तियों में है-*

*नकली बीज से हाय ! भरा है आज तुम्हारा खेत / धान दिखता नहीं... सिर्फ अगाड़े छांट रहा किसान / पूंजी के सर उठाने पर रेंगने लगी है मुनाफे की लट / तुम्हारा यह मजदूर बैठे बांध रहा है मालिक का मचान।*

*रामकृष्ण साहू संकेतों में अपनी बात कहते हैं। वे जानते हैं कि आज के समय में शब्दों को मूल्यहीन बना दिया गया है और एक तरह से उनकी कविता में प्रोमेथ्युस की वेदना प्रतिध्वनित होती है। जब वे कहते हैं-*

*मैं तुम्हारी ही बातें कहता हूं / हां हां तुम्हारी ही / वे जो आखिरी पंक्ति में/ सबके पीछे खड़े हैं कुर्सियों के अभाव में /आधे प्रकाश और आधे अंधकार में / क्या पहुंच पा रही उनके पास / मेरे निरर्थक शब्दों की नीरवता ?*

*ज्ञानी देवाशीष की कविताओं का शीर्षक है- दलित कवि। वे कोई आडम्बर नहीं रचते और बहुत खरे शब्दों में एक दलित लेखक के मनोभाव व्यक्त करते हैं-*

*चूल्हे में लकड़ी की भांति जलता है जो जीवन / उसे कविता बना परोसना होता है / डाइनिंग टेबल पर / वे लोग जल रहे हैं इसीलिए तो / हांडी में उबल रहे हैं शब्द /*

**(अक्षर पर्व फरवरी 2018 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/02/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

### सामूहिकता उमंग और उत्साह का प्रतीक होली

त्यौहार और पर्वों की संस्कृति का देश है भारत । इसमें हर दिन कोई न कोई त्यौहार मनाया जाता है। ये त्यौहार मानव-समाज की उमंगों एवं आशाओं के प्रतीक हैं। मनुष्य सहज ही आशावादी होता है, आशा ही उसे प्रसन्न और कार्यशील रखती हैं। इसलिए आशाओं को जीवित रखने के लिए वह पर्व, त्यौहार आदि उत्सव मनाता रहता है। त्यौहारों में मानव जाति को संस्कार और विचार देने की एक अन्तरधारा इनमें छिपी रहती है। जैसे गंगा-यमुना के प्रवाह के भीतर सरस्वती का प्रवाह छिपा है। वैसे ही हमारे देश में हर त्यौहार व पर्व के भीतर एक आदर्श समाज की कल्पना और भावना, मानव जाति के पारस्परिक प्रेम, समानता, हर्ष-उल्लास का संस्कार और आदर्शों की कल्पना इन पर्वों के पीछे छिपी है। होली का त्यौहार भारतीय त्यौहारों में से एक अपने ढंग का अनोखा और निराला त्यौहार है। अन्य त्यौहारों में देव-मूर्तियों की पूजा होती है, परन्तु इस त्यौहार में किसी मूर्ति की पूजा नहीं की जाती, अपितु कूड़ा-कचरा, गंदगी आदि जलाई जाती है। यह त्यौहार बुराइयों के विध्वंस का प्रतीक है। होली रंगों का त्यौहार माना जाता है। गुलाल-अबीर उड़ाने-लगाने का त्यौहार है यह। अन्य त्यौहारों की भांति इस त्यौहार के मूल में भी मानव जाति की समानता, भाईचारा और परस्पर का मनोमालिन्य मिटाकर एक-दूसरे के संग हर्ष-उल्लास मनाने की भावना निहित है, किन्तु धीरे-धीरे इसमें विकृतियां आ गई हैं। इसलिए आज सभ्य समाज होली जैसे त्यौहार से डरता है। इसे असभ्यता और अश्लीलता का त्यौहार बताने लग गया है।

वैसे हर एक परम्परा, पर्व या त्यौहार का प्रारम्भ किसी खास उद्देश्य के साथ ही होता है, परन्तु अज्ञान व अशिक्षा के कारण, पर्व की मूल भावना को लोक नहीं समझकर लकीर पीटने के आदी हो जाते हैं। होली का त्यौहार भी इसी प्रकार विकृत हो गया है।

वैसे देखा जाय तो यह त्यौहार खेतों में फसल तैयार होने की खुशी में मनाया जाता है। होली की अग्नि में नये अन्न की बालों को भूनकर खाने के पीछे नई फसल का स्वाद और आह्लाद लेने की भावना छुपी है। इस त्यौहार की एक सबसे बड़ी विशेषता कहें या इसका उद्देश्य कहें कि इसमें सामाजिक समानता का बीज विद्यमान है। यह एक ऐसा त्यौहार है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक वर्ण व समुदाय एक-दूसरे से खुलकर गले मिलता है। दिल खोलकर एक साथ मनोरंजन करते हैं। इसलिए ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, ब्राह्मण और शूद्र सभी परस्पर के भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को रंगते हैं, एक-दूसरे से मिलते हैं और परस्पर एक-दूसरे का मुंह मीठा करते हैं। महापुरुषों ने सबको गले लगाने की, सबके साथ समान व्यवहार करने की जो शिक्षा दी है, होली के त्यौहार पर वह साकार होती दिखाई देती है।

**कांति कुमार मांडोत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## परमाणु वार्ता को लेकर ट्रम्प से कोई पत्र नहीं मिला : ईरान

**तेहरान,** 11 मार्च (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने कहा है कि देश के परमाणु कार्यक्रम के बारे में बातचीत के लिए अमेरिका से कोई पत्र नहीं मिला है। शुक्रवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क के साथ एक साक्षात्कार में श्री ट्रम्प ने कहा कि वह ईरान के साथ परमाणु मुद्दे पर बातचीत करना चाहते हैं और उन्होंने इस संबंध में देश के नेतृत्व को एक पत्र भेजा है। श्री बाघई ने कहा कि ईरान ने कभी भी बातचीत के लिए दरवाज़ा बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, हम ऐसे वार्ता प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करते हैं जो धमकी और धमकी पर आधारित हो और मूल रूप से इसे बातचीत नहीं मानते हैं।

# देश विदेश

# पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को दिए खास उपहार

**पोर्ट लुईस,** 11 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के दौरे के क्रम में राष्ट्रपति धरम गोखूल और उनकी पत्नी को खास उपहार भेंट किए हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति गोखूल को कांसे और पीतल के बर्तन में महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। वहीं, पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति गोखूल की पत्नी को उपहार के तौर पर बनारसी साड़ी भेंट की। इसके अलावा उन्होंने बिहार का मशहूर सुपरफूड मखाना भी दिया। इसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं।

पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति की पत्नी को भेंट की बनारसी साड़ी विलासिता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो अपने बेहतरीन रेशम, जटिल ब्रोकेड और भव्य जरी के काम के लिए जानी जाती है। यह शानदार साड़ी रॉयल ब्लू रंग में आती है, जो चांदी की जरी की आकृति और शानदार पल्लू से सजी है, जो इसे शादियों, त्योहारों और भव्य समारोहों के लिए आदर्श बनाती है। इस साड़ी के साथ गुजरात से आया एक सादेली बॉक्स भी है, इसमें जटिल जड़ाऊ काम है, जिसे कीमती साड़ियों, गहनों या यादगार चीजों को रखने के लिए डिजाइन किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत एक



पौधा भी लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा कि प्रकृति, मातृत्व और स्थिरता को श्रद्धांजलि, एक पेड़ मां के नाम में भाग लेने के लिए मेरे मित्र, प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगुलाम के हृदय से किए गए कार्य से मैं अभिभूत हूं। उनका समर्थन हरित और बेहतर भविष्य के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**पीएम मोदी ने महाकुंभ का जल, बिहार का सुपरफूड व बनारसी साड़ी सहित कई उपहार किए भेंट**

इससे पहले उन्होंने मंगलवार को सर शिवसागर रामगुलाम वनस्पति उद्यान, पैम्पलमाउसेस में सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने मॉरीशस की प्रगति और भारत-मॉरीशस संबंधों के लिए एक मजबूत नींव बनाने में दोनों नेताओं की अमिट विरासत को याद किया।

पीएम मोदी दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा पर मंगलवार को पोर्ट लुईस पहुंचे। सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री ने किया पौधारोपण



**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत एक पौधा लगाया। इससे पहले, उन्होंने गुयाना की अपनी यात्रा के दौरान भी इसी तरह एक पौधा लगाया है। पीएम मोदी के निरंतर प्रयासों के कारण, इस पहल के परिणामस्वरूप भारत में 1 बिलियन से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। पीएम मोदी ने 5 जून 2024 को दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। इस पहल का प्रभाव भारत के बाहर के देशों में भी फैल गया है। इसके तहत दुनिया भर के लगभग 136 देशों में कुल 27,500 से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं। पीएम मोदी दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा पर मंगलवार को पोर्ट लुईस पहुंचे।

## मोदी ने की शिवसागर रामगुलाम और अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित



**पोर्ट लुईस,** 11 मार्च (एजेंसियां)। मॉरीशस पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी पोर्ट लुईस में सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री और संस्थापक सर शिवसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। बॉटेनिक गार्डन को पहले रॉयल बॉटेनिक गार्डन, पैम्पलेमौसेस के नाम से जाना जाता था। इसकानाम सितंबर 1988 में सर शिवसागर रामगुलाम की 88वीं जयंती पर बदल दिया गया, जो मॉरीशस के गवर्नर जनरल भी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति एवं पूर्व प्रधानमंत्री सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम मोदी दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा पर मंगलवार को पोर्ट लुईस पहुंचे। सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया। भारतीय समुदाय की तरफ से पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समुदाय की महिलाओं ने 'गीत गवई' नामक पारंपरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उनका सम्मान किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हूं।

## सुडोकू 6851

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 12 मार्च, 2025 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

वृषभ - आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

मिथुन - नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

कर्क - नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

सिंह - आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

कन्या - आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला - आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु - आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

मकर - आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

कुंभ - रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

मीन - आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता रह सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी

### बलात्कार के आरोप में सात लोगों को किया गया गिरफ्तार

**ढाका,** 11 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इस बीच स्थानीय मीडिया के मुताबिक मंगलवार को छह जिलों में छह बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। सोमवार को छह जिलों में बलात्कार के आरोप में कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न हुआ, वे सभी छह से चौदह साल की उम्र के हैं।

प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, इन घटनाओं में से एक में, यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर कर दिया है।

बांग्लादेश में हाल ही में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के खिलाफ महिला के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों को लेकर कई प्रदर्शन हुए हैं। देश में महिलाएं बलात्कार के अपराधियों के लिए सख्त सजा और गृह



मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरीं। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया के अनुसार, देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों ने हाल की बलात्कार की घटनाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपराधियों के लिए कठोर सजा की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान ढाका विश्वविद्यालय की प्रोफेसर तस्नीम सिराज महबूब ने गृह मामलों के सलाहकार को उनके इस्तीफे के बजाय बर्खास्त करने की मांग की, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने महीनों पहले इसकी मांग की थी। देश के प्रमुख दैनिक ढाका ट्रिब्यून ने उनके हवाले से कहा, इस्तीफा एक सम्मानजनक विदाई है।

# पाकिस्तानी राजदूत को एंट्री देने से अमेरिका का इनकार, एयरपोर्ट से ही लौटाया





**इस्लामाबाद,** 11 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में पाकिस्तान के लिए एक शर्मिंदगी भरी घटना घटी है। यहां शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक को प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया और विवादास्पद वीजा संदर्भों के कारण निर्वासित कर दिया गया। यह जानकारी पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी।

तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत केके वागन कथित तौर पर एक निजी यात्रा के लिए लॉस एंजिल्स जा रहे थे, लेकिन वहां पहुंचने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया।

अमेरिकी अधिकारियों ने विवादास्पद वीजा संदर्भों के लिए वागन को तत्काल निर्वासित कर दिया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी अधिकारियों ने यह कदम किन विशिष्ट चिंताओं के कारण उठाया। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि उनके अधिकारी निजी यात्रा पर अमेरिका गए थे। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय अमेरिका से दूत के निर्वासन के मामले की जांच कर रहा है।

# यूक्रेन का मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक

### रूस ने किया हमले को नाकाम करने का दावा

**मॉस्को,** 11 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन ने मंगलवार को रूसी राजधानी पर अपना सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस में कुल 337 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। 91 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में गिराए गए जबकि और 126 कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जहां से यूक्रेनी सेनाएं पीछे हट रही हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन अटैक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, एयरपोर्ट बंद हो गए और दर्जनों उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। यह बड़ा ड्रोन हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेनी अधिकारियों का एक दल तीन वर्ष पुराने युद्ध में संभावित शांति वार्ता के लिए आधार तलाशने के लिए सऊदी अरब में अमेरिकी दल से मिलने की तैयारी कर रहा है। वहीं रूसी सेना पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क में हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेरने की कोशिश कर रही है। बता दें पिछले साल अगस्त में हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था।

# हूती ने इजरायल के जहाजों पर फिर से हमला करने की दी धमकी

**सना,** 11 मार्च (एजेंसियां)। यमन के हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने ऐलान किया है कि अगर मानवीय सहायता चार दिन की समय-सीमा के भीतर गाजा नहीं पहुंचती है, तो उनका समूह इजरायल से जुड़े जहाजों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू कर सकता है।

अब्दुल मलिक अल-हूती ने सोमवार को समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल पर एक टेलीविजन भाषण में इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हम गाजा में मदद भेजने के लिए अपनी तय की गई समय सीमा पर कायम हैं और हमारे सशस्त्र बल अभियान चलाने के लिए तैयार हैं।


समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हूती नेता ने पहले इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थों को चार दिन का अल्टीमेटम दिया था, ताकि गाजा में सहायता पहुंचाने का काम फिर से शुरू किया जा सके। हूती नेता का यह अल्टीमेटम मंगलवार



■ **इजरायल व हमास के बीच युद्धविराम समझौते के बाद हूती हमले बंद हो गए**

को समाप्त होने वाला है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूती समूह ने नवंबर 2023 से लाल सागर और इजरायली शहरों में इजरायल से जुड़े जहाजों पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए हैं। उन्होंने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में ये हमले किए हैं।

## वर्ग पहेली 6851




**बायें से दायें:-**

१. वह स्त्री जिसने हाल ही में बच्चे को जन्म दिया हो
४. कर्ण
६. मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को सारे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१२. बांटने वाला
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करने वाला
१७. ध्वनि, आवाज
१९. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी-मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. उंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. विभाजन
१४. बरदाश्त करना
१५. पका हुआ 'मेच्योर्ड'
१६. वह जगह जहां खेतों से फसल काटकर रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6850



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1913-भारतीय राजनीतिज्ञ यशवंतराव चव्हाण का जन्म।
1927-अर्जेंटीना के राष्टपति रॉल अलफोन्सिन का जन्म।
1960-मध्यकालीन संत साहित्य के मर्मज्ञ समीक्षक क्षितिजमोहन सेन का निधन।
1984-भारतीय गायिका श्रेया घोषाल का जन्म।
1992-मारिशस गणराज्य घोषित।
1993-मुंबई में कई बम धमाके हुए और उनमें 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।
1998-प्रथम टर्बोनेट इंजन निर्माता हेन्स जोशिम पाबस्ट वान ओहेन का निधन।
2003-सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या।
2004-दक्षिण कोरियाई संसद में महाभियोग पारित होने के बाद राष्टपति रोह मू हुन पद से निलम्बित, लाहौर में दसवाँ दक्षेस लेखक सम्मेलन प्रारम्भ।
2006-ईराक में सद्दाम हुसैन के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई प्रारम्भ।
2007-जमैका में 9वें विश्वकप क्रिकेट का उद्घाटन हुआ।
2008-पुदुचेरी के उपराज्यपाल मुकुट मिथी ने अपने पद से इस्तीफा दिया। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने नागालैण्ड में राष्टपति शासन हटाने का निर्णय लिया।
2009-वायुसेना में आपरेशंस निदेशालय के पहले महानिदेशक के तौर पर एयर मार्शल डी ? सी ? कुमारिया ने कार्यभार सम्भाला।
2010-भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञों में से एक पी. सी. वैद्य का निधन।
2012-आंध्र प्रदेश के कार्यवाहक राज्यपाल बी. जे. दीवान का निधन।
2018-नेपाल के त्रिभुवन अन्तर्राष्ट्रीय विमानक्षेत्र में यूएस-बांग्ला एयरलाइन्स का विमान दुर्घटनाग्रस्त, कम से कम 51 लोगों की मृत्यु।

**मामला** *संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया के तटीय इलाकों में बढ़ती हिंसा पर जताई चिंता, कहा*

# सीरिया के लोगों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए

**संयुक्त राष्ट्र, 11 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सीरिया के तटीय इलाकों में बढ़ती हिंसा पर गहरी चिंता जताई है, जहां बड़े पैमाने पर हत्याएं हुई हैं, जिनमें एक संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी भी शामिल था। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि महासचिव ने सीरियाई लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है जो अपने प्रियजनों को खो चुके हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।**

■ **हिंसा से नागरिकों व बुनियादी ढांचे पर पड़ रहा गंभीर प्रभाव**

गुटेरेस ने सभी पक्षों से अपील की है कि वे आम नागरिकों की सुरक्षा करें और हिंसा भड़काने वाली बयानबाजी व कार्रवाइयों को रोकें। सीरिया में 14 वर्षों से जारी संघर्ष के बीच उन्होंने समुदायों के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की है।

प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने रक्तपात को तुरंत रोकने और हिंसा करने वालों को सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीरिया के लोगों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने कार्यवाहक अधिकारियों द्वारा एक जांच समिति और नागरिक शांति बनाए



**सीरिया में स्थायी शांति के लिए निष्पक्ष व पारदर्शी न्याय प्रक्रिया और सुलह अत्यंत आवश्यक है : स्टीफन दुजारिक**

रखने के लिए एक समिति की घोषणा का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि सीरिया में स्थायी शांति के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय प्रक्रिया और सुलह अत्यंत आवश्यक हैं।

सीरिया के लटाकिया और टार्टूस प्रांतों में बड़े पैमाने पर हत्याओं और झड़पों की खबरों के बीच यह बयान आया है। यहां सुरक्षा बल पूर्व सरकार के बचे हुए संदिग्ध लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

गुरुवार को इन तत्वों ने लटाकिया में कई हमले किए, जिनमें 16 सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई। सरकार ने इन हमलों को पहले से सुनियोजित बताया है।

संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता दुजारिक ने बताया कि हिंसा के कारण आम नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। रविवार तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी थी, जिनमें महिलाएं, बच्चे और चिकित्सा कर्मी शामिल हैं। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, रविवार तक जारी झड़पों में 1,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक **73/2024-2025** दिनांक **19-11-2024**
ii) निविदा संख्या **15245204 13/03/2025** को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **773/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप. मु. सं. एवंदू. अभि. नि./सी.डब्लू., नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राईटेरिआ फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के रोजा – सीतापुर दोहरीकरण के सम्बन्ध में रोजा जंक्शन स्टेशन (चरण–III) पर मेधा के ईआई में संशोधन का प्रावधान। | | | | |
| **पूरा होने की अवधि** | 06 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथी से) | **कार्य की अनुमानित लागत** | **₹114 लाख** (अनुमानित) | **धरोहर राशि** | **₹2,07,000/-** (रूपए दो लाख सात हजार केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| **निविदा खुलने की तारीख एवं समय** | निविदा कर्ता केवल ई– निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **07.04.2025** को **11:30** बजे तक **IREPS** की वेव साइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड करे। निविदा दिनांक **07.04.2025** को **11:30** बजे के बाद खोला जाएगा | | | | |
| **स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है।** | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज–**IREPS** की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **13.03.2025** से **11:30** बजे दिनांक **07.04.2025** तक **IREPS** की वेव साइट **www.ireps.gov.in** पर उप्लब्ध रहेगा, दिनांक **13.03.2025** से **07.04.2025** को **11:30** बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदा कर्ता जो उपरोक्त वेब साइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम **2000** के तहत क्लास सी.सी.ए.III डिजिट्ल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। | | | | |

संख्या: 178-सिग/सी.डब्लू./32/112 दिनांक: 11.03.2025 **764/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

## सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन होगा मजबूत : भट्ट

**रुद्रप्रयाग।** भारतीय जनता पार्टी ने रुद्रप्रयाग जनपद में नए जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। अब तक पार्टी में जिला महामंत्री का पद संभाल रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता भारत भूषण भट्ट को नया भाजपा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनके अध्यक्ष बनते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। भट्ट को शुभकामनाएं देने का तांता लगा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी में सांगठनिक चुनाव को लेकर बीते कई दिनों से प्रक्रिया जारी है। पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया गया और इसके बाद अब जिलाध्यक्ष का चयन किया गया है। प्रदेश चुनाव अधिकारी खजान दास के अनुमोदन एवं पर्यवेक्षकों की सहमति के बाद जिला चुनाव अधिकारी मुकेश कोली ने सोमवार को विधिवत नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा की। भारत भूषण भट्ट को रुद्रप्रयाग का भाजपा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले भारत भूषण भट्ट भाजपा जिला महामंत्री के पद पर कार्यरत थे और भाजपा संगठन में अनेक पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# 17053 करोड़ 78 लाख रुपए का अनुपूरक बजट पारित

■ हिमकिरण मांटा



**शिमला,** 11 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने मंगलवार को 17053 करोड़ 78 लाख रुपए का अनुपूरक बजट पारित कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस संबंध में सदन में वित्त वर्ष 2024-25 के अनुपूरक बजट की पहली व अंतिम किस्त प्रस्तुत की। सदन ने इसे बिना चर्चा के ही पारित कर दिया।

उधर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अनुपूरक बजट को लेकर हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक भी सदन में पेश किया और उसे भी सदन ने पारित कर दिया। इसके पारित होने के बाद सरकार को 17053 करोड़ 78 लाख रुपए से अधिक की राशि को खर्च करने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सदन में 17053 करोड़ 78 लाख रुपए की अनुपूरक मांगें प्रस्तुत की। इनमें से 15776 करोड़ 19 लाख राज्य स्कीमों और 1277 करोड़ 59 लाख रुपए केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए प्रावधित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्कीमों के तहत मुख्य रूप से 10137 करोड़ 7 लाख रुपए 'वेज एंड मींस' और 'ओवरड्राफ्ट' के लिए, 1033 करोड़ 63 लाख रुपए विद्युत उत्पादन, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त 33 केवी के ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और एचपीपीटीसीएल, एचपीपीसीएल, एचपीएसईबीएल व एचपीएसएलडीसी को ऋण, 814 करोड़ 94 लाख रुपए हिमाचल पथ परिवहन निगम को यात्रियों की विभिन्न श्रेणियों को किराए में दी जा रही छूट के एवज में उपदान, ई-बसों की खरीद, 763 करोड़ 26 लाख रुपए पेंशन और अन्य अन्य सेवानिवृत्त लाभ, 455 करोड़ 91 लाख रुपए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण व मशीनरी की खरीद तथा हिम केयर योजना को प्रावधित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 329 करोड़ 44 लाख रुपए जलापूर्ति एवं मल निकासी योजनाओं, 303 करोड़ 67 लाख रुपए प्राकृतिक आपदा राहत, 173 करोड़ 25 लाख रुपए पर्यटन विकास, 150 करोड़ 19 लाख रुपए मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त पाठशाला भवनों की मरम्मत व पुनर्निर्माण, नई पाठशालाओं व कालेजों के भवनों में निर्माण, इंडोर ऑडिटोरियम के निर्माण तथा फार्मेसी कालेज सिराज के लंबित दायित्व के भुगतान को प्रावधित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 142 करोड़ 83 लाख रुपए 15वें वित्तायोग के तहत ग्रामीण स्थानीय निकायों को सहायता अनुदान, 135 करोड़ 88 लाख रुपए सड़कों, पुलों के निर्माण व मुआवजे, 130 करोड़ 16 लाख रुपए कामकाजी महिला हास्टलों के निर्माण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के मानदेय, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि के तहत विभिन्न व्ययों, 127 करोड़ 77 लाख द्वारका, नई दिल्ली में राज्य अतिथि गृह के निर्माण, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के छात्रावास के निर्माण और कार्यालय भवनों के निर्माण व रखरखाव. 124 करोड़ 50 लाख रुपए रेल परियोजनाओं, 120 करोड़ 72 लाख रुपए मनरेगा के तहत मजदूरी के भुगतान, 88 करोड़ 97 लाख रुपए बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क और हिमस्वां कनेक्टिविटी, 81 करोड़ 52 लाख रुपए शहरी स्थानीय निकायों की सहायता अनुदान, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त विभिन्न मल निकासी योजनाओं, रास्तों, एंबुलेंस सड़कों, पार्किंग की मरम्मत व पुनर्निर्माण और एसजेपीएनएल में निवेश, 79 करोड़ 62 लाख रुपए जायका प्रोजेक्ट, एमआईएस के लंबित दायित्व और 73 करोड़ 54 लाख रुपए आवासीय भवनों के निर्माण व रखरखाव, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्रावधित किए गए हैं।

### सुक्खू ने सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर जवानों को दी बधाई

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखिविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के स्थापना दिवस पर समर्पित वीर जवानों को हार्दिक बधाई दी। श्री सुक्खू ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी निडरता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से जो मिसाल सीआईएसएफ के जवान कायम कर रहे हैं, वह अतुलनीय है। आपकी अटूट सेवा देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। जय हिन्द।

उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की तैयारी

# सीएम धामी ने योजना पर काम करने के लिए दिए निर्देश

**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड को डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए प्रमुख स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में नए वेडिंग डेस्टिनेशन की पहचान करने और उनके विकास के लिए पर्यटन विभाग को जल्द से जल्द गाइडलाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही त्रियुगीनारायण जैसे लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन को बेहतर सड़क संपर्क और हेलीपैड की सुविधा से जोड़ने के आदेश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों से उत्तराखंड को डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण इसे वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए उपयुक्त बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को इस दिशा में तेजी से कार्य करने और अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे पर्यटन, होटल व्यवसाय, कैटरिंग और परिवहन जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं का संयोजन इसे देश-विदेश के जोड़ों के लिए एक आदर्श वेडिंग डेस्टिनेशन बनाएगा। चारधाम यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजनों के बेहतर प्रबंधन के लिए उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद के गठन की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।



### त्रियुगीनारायण बनेगा वेडिंग हब

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से त्रियुगीनारायण को वेडिंग हब के रूप में विकसित करने की बात कही। यहां बेहतर सड़क संपर्क और हेलीपैड निर्माण की योजना बनाई जा रही है ताकि देश-विदेश से आने वाले मेहमानों को आसानी से यहां पहुंचने की सुविधा मिले। त्रियुगीनारायण को पहले से ही एक प्रसिद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में जाना जाता है। अब इसे एक प्रमुख डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में स्थापित करने की तैयारी है।

### नई वेडिंग डेस्टिनेशन की होगी पहचान

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को राज्य के विभिन्न हिस्सों में नए वेडिंग डेस्टिनेशन की पहचान करने और उनके विकास की योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इन स्थानों को सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि यहां शादी समारोहों के आयोजन के लिए उपयुक्त माहौल तैयार हो सके।

## सार संक्षेप

### महिलाओं ने अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन की दी बधाई



**देहरादून।** महिला साहित्यिक सांस्कृतिक कलामंच तिलवाड़ा के तत्वाधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विनीता देवी ने किया। क्षेत्र की प्रतिभावान महिलाओं ने नाटक, गीत, नृत्य के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कलामंच की संयोजिका विमल राणा ने ग्रामीण महिलाओं व अध्ययनरत बालिकाओं के ज्ञानार्जन की जानकारी दी। नगर पंचायत अध्यक्ष विनीता देवर ने स्वयं का उदाहरण देकर कहा कि हमारे संविधान में प्रदत्त अधिकारों की वजह से ही वह लोकतंत्र में वर्णित प्रावधानों के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई हैं। प्रीती बुटोला ने रानी कर्णावती व संगीता नेगी ने सत्यवान सावित्री व द्रोपदी की कहानी सुनाकर महिलाओं में जोश भरा। वहीं, संगीता गौड़ ने महिलाओं को स्वास्थ्य व योग के बारे में जानकारी दी। वर्षा की टीम ने रामी बौराणी नाटक, रेखा भंडारी की टीम द्वारा बगड़वाल नृत्य, संगीता किमोठी की टीम ने हास्य नाटक का मंचन व सावित्री व रजनी ने हास्य गीत गाकर महिलाओं को खूब गुदगुदाया। कला मंच ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष विनीता देवी सहित सभासद रंजना असवाल व ममता रावत और क्षेत्र की प्रतिभावान महिलाओं को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### जेल में मोबाइल फोन उपलब्ध करवाने के आरोप में कर्मचारी गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर सेंट्रल जेल में चाय के बहाने मोबाइल फोन आपूर्ति करने वाले एक जेल कर्मचारी को अधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जेल कर्मचारी जगदीप सिंह सुबह चाय से भरी केतली लेकर जेल पहुंचा था। जगदीप सिंह की ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों सहायक अधीक्षक प्रभदयाल सिंह, हेड वार्डर हरजीत कुमार पेटी तथा कांस्टेबल सुखविंदर सिंह द्वारा गहनता से तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जगदीप सिंह के पास से केतली में छिपाए गए दो मोबाइल फोन और दो चार्जर बरामद किए गए। इसकी सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और मुख्य अधिकारी, इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन, अमृतसर को दी गई। बरामद मोबाइल फोन को मुख्य अधिकारी, पुलिस स्टेशन इस्लामाबाद को भेज दिया गया।

### सुडोकू 6851 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |

# देहरादून से नैनीताल-बागेश्वर व मसूरी के लिए हवाई सेवा शुरू

■ मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ
■ चार हेली सेवाओं से राज्य में पर्यटन और आर्थिक विकास को मिलेगी गति: धामी

■ अमरनाथ तिवारी




**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर सरकार जोर दे रही है। जिसके तहत तमाम शहरों को हेली सेवाओं से भी जोड़ रही है। ताकि, ज्यादा से ज्यादा पर्यटक आ सकें। इसी कड़ी में देहरादून से नैनीताल, बागेश्वर और मसूरी के साथ ही हल्द्वानी से बागेश्वर के लिए हेली सेवा शुरू हो गई है। जिसका शुभारंभ सीएम पुष्कर धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी कहा कि 'उड़ान' योजना के तहत शुरू की जा रही इन चार हेली सेवाओं से राज्य में पर्यटन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। बागेश्वर, नैनीताल और मसूरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थल हैं। इन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वादियां, हरे-भरे पहाड़, ऐतिहासिक मंदिर और समृद्ध संस्कृति देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। नैनीताल अपनी मनोरम झीलों, नयना देवी शक्तिपीठ और कैंची धाम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। सरयू और गोमती नदी के पावन संगम पर स्थित बागेश्वर का क्षेत्र पवित्र बागनाथ मंदिर और प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले के लिए जाना जाता है। हेली सेवा की शुरुआत से अब इन क्षेत्रों की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का आनंद लेने वाले पर्यटक यहां और भी आसानी से पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार राज्य में हवाई संपर्क को और अधिक सशक्त बनाने के लिए घरेलू उड़ानों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के विस्तार के लिए भी लगातार प्रयासरत है।

**8 से 10 घंटे की यात्रा अब 1 घंटे में होगी**

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून से इन स्थानों पर पहुंचने में सड़क मार्ग से लगभग 8 से 10 घंटे लगते हैं। अब हेली सेवा शुरू होने से यह यात्रा करीब 1 घंटे की हो जाएगी। इमरजेंसी की स्थिति में इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आम आदमी को भी हवाई यात्रा करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से उड़ान योजना शुरू की थी।

**उत्तराखंड में 18 हेलीपोर्ट्स से हेली सेवाएं शुरू करने की योजना**

**देहरादून।** इस योजना ने उत्तराखंड में हवाई संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके अंतर्गत राज्य के कई हिस्सों में हवाई पट्टियों और हेलीपोर्ट्स का विकास किया गया है। उत्तराखंड में 18 हेलीपोर्ट्स से हेली सेवाओं के संचालन की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिनमें से अब तक 12 हेलीपोर्ट्स पर सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं।

**प्रदेश के इन शहरों से जुड़ी अब तक हेली सेवा**

**देहरादून।** इन हेली सेवाओं से अब तक गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, हल्द्वानी, मुनस्यारी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत और अल्मोड़ा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि हेली सेवाएं राज्य में न केवल आवागमन को सुगम बनाएंगी। बल्कि, दैवीय आपदा के समय दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के लिए भी एक जीवन रेखा के रूप में भी कार्य करेंगी।

**शुरू की गई हेली सेवाओं के संचालन का समय और किराया**

**देहरादून।** देहरादून से नैनीताल का किराया 4,500 रुपए प्रति यात्री रखा गया है। देहरादून से सुबह 8.15 और दोपहर 2.25 बजे हेलीकॉप्टर उड़ान भरेगा। इसी तरह नैनीताल से वापसी के लिए सुबह 9.10 और दोपहर 3.20 बजे उड़ान भरेगा। देहरादून से बागेश्वर का किराया 4,000 रुपए प्रति यात्री रखा गया है।

## उत्तराखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी गठित

■ मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में पेश किया शपथ पत्र

**नैनीताल,** 11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति न करने के खिलाफ दायर याचिका पर नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से मुख्य सचिव ने पूर्व के आदेश का अनुपालन करते हुए शपथ पत्र पेश किया। जिसमें कहा गया कि कोर्ट के आदेश के अनुपालन में लोकायुक्त की नियुक्ति करने के लिए राज्य सरकार ने सर्च कमेटी गठित कर ली है। जिसकी एक बैठक 22 फरवरी 2025 को हो चुकी है। मुख्य सचिव ने कोर्ट को बताया कि लोकायुक्त नियुक्त करने के लिए राज्य सरकार लोकायुक्त एक्ट के प्रावधानों का पूरी तरह से पालन कर रही है। जिस पर मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने सरकार से अगली तिथि तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए चार हफ्ते बाद की तिथि नियत की है। संस्थान के नाम पर सालाना खर्च हो रहा 2 से 3 करोड़ रुपएरू दरअसल, हल्द्वानी के गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी ने नैनीताल हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार ने अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की है। जबकि, लोक आयुक्त संस्थान के नाम पर सालाना 2 से 3 करोड़ रुपए खर्च हो रहा है। जनहित याचिका में कहा गया है कि कर्नाटक और मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के हर एक छोटे से छोटे मामले को हाईकोर्ट में लाना पड़ रहा है। इसके अलावा याचिका में ये भी कहा गया है कि वर्तमान में राज्य की सभी जांच एजेंसी सरकार के अधीन हैं, जिनका पूरा नियंत्रण राज्य के राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में है। वर्तमान में उत्तराखंड में कोई भी ऐसी स्वतंत्र जांच एजेंसी नहीं है, जिसके पास ये अधिकार हो कि वो बिना शासन की पूर्व अनुमति और दबाव के किसी भी राजपत्रित अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत कर सकें।

## रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**चंडीगढ़,** 11 मार्च (एजेंसियां)। लेन-देन के मामले को साइबर फ्रॉड का मामला बनाने और गिरफ्तार करने का दबाव डालकर 80 हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक सहायक उप निरीक्षक(एएसआई) को हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि शिकायतकर्ता, जो पेहवा गुरुद्वारा में सेवा करता था, के अनुसार उन्होंने जुलाई 2024 में किसी से दो लाख रुपये का कर्ज लिया था। दो महीने बाद कर्ज वापस मांगने पर उन्होंने एक और जानकार से वह रकम लेनदार के खाते में डलवा दी। इस साल फरवरी में उनके पास लेनदार का फोन आया कि सोनीपत साइबर थाना से पुलिस उनके पास आई है और पूछ रही है कि उनके खाते में डाले गए दो लाख रुपये का स्रोत क्या है। बाद में एएसआई संजय कुमार ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख रुपये फ्रॉड राशि है।

## धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करते हुए सदन में आक्रामक हुए जयराम

■ मौजूदा सरकार के वक्त एक लाख करोड़ तक पहुंचा प्रदेश का कर्ज



**शिमला,** 11 मार्च (देशबन्धु)। बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को हिमाचल विधान सभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा का आगाज करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अलग ही संजीदा व आक्रामक अंदाज में दिखाई दिए। चर्चा की शुरूआत करते हुए जयराम ठाकुर ने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धि के नाम पर कुछ नहीं। उन्होंने अभिभाषण में पुराने ही बिंदुओं का समावेश है, बस इसे लंबा कि.। गया है। अभिभाषण के वक्त सदन में सिर्फ दो मर्तबा मेजे थपथपाई गई। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के दौर में प्रदेश बर्बादी के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि गारंटियों को पूरा करने के नाम पर सरकार गलत बयानी कर रही है। ओपीएस की तो शुरूआत हुई है। मगर ओपीएस बंद किसने की थी? 2003 में तत्कालीन वीरभद्र सरकार ने? उन्होंने कहा कि एनपीएस के तहत जमा कम कर्मचारियों की है। उनके रिटायर होने पर वह वापस मिलेगी। सरकार इस रकम को अपना नहीं बता सकती। उन्होंने कहा कि ओपीएस बहाली के प्रभाव का बाद में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि लोक सभा व विधान सभा उप चुनाव के वक्त 30 हजार महिलाओं को 1500-1500 रुपयों की सम्मान निधि की किस्त दी गई। इसके बाद बंद है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती का जिक्र अभिभाषण में है। इसे भाजपा सरकार ने शुरू किया था। उन्होंने कहा कि सरकार मक्की का आटा खरीदने की बात कह रही है, मगर डिपो में राशन कार्ड धारकों पर मक्की का आटा जबरन खरीदने की शर्त लगा दी गई है। दो माह रोटी न बनाओं को यह आटा खराब हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के विधायकों के चुनाव क्षेत्रों की विधायक प्राथमिकता की एक भी डीपीआर दो सालों में नहीं बनी। योजना की बैठक में अधिकारियों ने भाजपा सरकार के वक्त मंजूर डीपीआर की फेहरिस्त मुख्यमंत्री को सौंपी और उन्होंने इसे पढ़ दिया।

केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

# स्थानीय लोगों को यात्रा व्यवस्थाओं से जोड़ने का हो रहा प्रयास : बहुगुणा

■ यात्रा मार्ग पर लगाए जाएंगे पहाड़ी उत्पादों के स्टॉल
■ केदारनाथ रोपवे परियोजना से मिलेगी राहत
■ यात्रा को सुगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम



**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के दुग्ध विकास एवं पशुपालन मंत्री तथा जनपद रुद्रप्रयाग के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विकासखंड ऊखीमठ में अधिकारियों, होटल संचालकों, विभिन्न व्यापारी संगठनों एवं आम जनता के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर गहन मंथन किया गया और सभी संबंधित विभागों को जल्द से जल्द तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त किया जाय ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। केदारनाथ धाम में हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए यात्रा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, साफ-सफाई और परिवहन से जुड़ी सभी तैयारियां उच्च स्तर पर होनी चाहिए। उन्होने कहा कि केदारनाथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में घोड़े-खच्चर यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को पहुंचाने का कार्य करते हैं। ऐसे में घोड़े-खच्चरों के लिए भी रहने, खाने-पीने और स्वास्थ्य की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को घोड़ों-खच्चरों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच कर बीमारी के लक्षण पाए जाने पर तुरंत उपचार करने के निर्देश दिए कहा कि केदारनाथ यात्रा से स्थानीय लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है, इसलिए सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को यात्रा व्यवस्थाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर स्थानीय उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाकर पर्यटकों को पहाड़ी संस्कृति और स्वाद का अनुभव कराये। इस दौरान जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने यात्रा प्रबंधन की जानकारी को प्रभारी मंत्री के सामने रखी बताया कि केदारनाथ यात्रा को सुचारु रूप से संचालित करने को लेकर सभी विभाग तैयारियों में जुटे है। बताया कि इस वर्ष यात्रा मार्ग को अधिक सुगम बनाने के लिए कई नई व्यवस्थाएँ लागू की जा रही हैं। इसके लिए यात्रा मार्ग पर स्थानीय व्यापारियों को दुकानें आवंटित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय और चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था की जा रही है, यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत सहायता मिल सके, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग पर कचरा प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

## यात्रा रजिस्ट्रेशन के साथ स्वप्रमाणित पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग

■ ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों के हितों को देखते हुए व्यवस्था को करें खत्म

**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। आगामी चारधाम यात्रा में यात्रा रजिस्ट्रेशन के साथ स्वप्रमाणित पत्र देने की अनिर्वायता से श्री केदारनाथ होटल ऑनर्स एसोसिएशन में आक्रोश बना हुआ है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की और इस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रभारी मंत्री के ऊखीमठ आगमन पर होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी एवं सचिव नितिन जमलोकी ने कहा कि पहले ही पंजीकरण व्यवस्था होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश बना है। अब सरकार की नयी व्यवस्था से तीर्थ पुरोहितों के साथ ही व्यापारियों में भी आक्रोश बना हुआ है। यात्रा के दौरान वाहन में सवार यात्रियों के रहने एवं खाने की व्यवस्थाओं का ब्योरा अनिवार्य रुप से देने जैसी व्यवस्था से श्रद्धालुओं को बहुत सारी परेशानियों का सामाना करना पड़ेगा। कहा कि यह व्यवस्था तीर्थयात्रियों के लिए सही नहीं है। चारधाम यात्रा में देश के सभी प्रांतों से तीर्थ यात्री दर्शनों के लिए पंहुचते हैं। यात्रा के दौरान 30 प्रतिशत तीर्थयात्री ही ऑनलाइन होटल बुक कर यात्रा करते हैं।

# प्रादेशिकी

## भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल है और बढ़ी महंगाई के कारण लोगों का त्योहार फीका नज़र आ रहा है। श्री यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन सरकार ने कोई काम नहीं किया। इस सरकार ने मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, आटा, चावल, तेल, सूजी, खोया सब चीजों की कीमतें आसमान पर है। एक तरफ महंगाई शिखर पर है दूसरी तरफ लोगों के पास काम धंधा नहीं है। उन्होने कहा कि होली के मौके पर पारंपरिक व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाली चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। मनरेगा मजदूरों को महीनों से काम न मिलने से पैसा नहीं मिला है। बिना पैसे मजदूर अपनी होली कैसे मना पाएंगे।

# दुनिया अब करेगी बुंदेलखंड की ताकत का अहसास : मुख्यमंत्री



- एकदिवसीय दौरे पर झांसी पहुंचे योगी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 1070 लाभार्थियों को किया ऋण वितरित
- स्मार्ट सिटी द्वारा नव निर्मित स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

**लखनऊ/ झांसी,** 11 मार्च (देशबन्धु)। एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को झांसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा शक्ति को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत झांसी और चित्रकूट मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के 1070 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया और योजना से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने बुंदेलखंड की प्रगति और प्रदेश के बदलते स्वरूप को लेकर सरकरा द्वारा किए गए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया। साथ ही महाकुंभ की सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और युवाओं के आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश भी अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका मकसद युवाओं को उद्यमी बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में 1070 युवाओं को इस योजना के तहत ब्याज और गारंटी मुक्त 5 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जिसमें 10त्न मार्जिन मनी अनुदान के रूप में दी गई। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा जो पूंजी के अभाव में कारोबार शुरू नहीं कर पा रहा, उसके लिए यह योजना तैयार है। सीएम योगी ने कहा कि ईमानदारी और धैर्य से काम करने वाले ये युवा अगली बार 10 लाख रुपये के क्रेडिट के साथ आएंगे और कुछ ही वर्षों में लखपति से करोड़पति बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को बिजनेस में नवाचार और टेक्नोलॉजी के उपयोग की सलाह दी। महाकुंभ के उदाहरण से प्रेरित होकर उन्होंने बताया कि वहां युवाओं ने बाइक से पैसेंजर ढोकर अतिरिक्त आय कमाई। प्रदर्शनी में युवाओं के नवाचारों को देखकर उन्होंने कहा कि यह योजना नई संभावनाएं खोल रही है। योगी ने 24 जनवरी से 31 मार्च के बीच एक लाख युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य रखा, जिसमें 2.7 लाख आवेदन मिले और 30,000 युवाओं को लोन मिल चुका है। 25 मार्च को सरकार के 8 साल पूरे होने पर हर जनपद में 1000 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। एमएसएमई नीति की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं।

# सशक्त हुईं अमृत मित्र महिलाएं, सीतापुर में स्वच्छता और बदलाव की पेश की मिसाल



- महिला स्वयं सहायता समूह की चार महिलाओं ने संभाला फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का संचालन
- सीतापुर मॉडल पूरे देश के लिए बन सकता है उदाहरण

**लखनऊ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। योगी सरकार प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता को प्राथमिकता दे रही है। सीतापुर में अमृत मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूह की चार साहसी महिलाओं को फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन का दायित्व सौंपा गया है। ये महिलाएं न सिर्फ मशीनें चला रही हैं, बल्कि पूरी तकनीकी प्रक्रिया को भी संभाल रही हैं। एफएसटीपी शहर से एकत्रित किए गए मल कीचड़ को वैज्ञानिक तरीके से शुद्ध कर पर्यावरण के अनुकूल निपटान सुनिश्चित करता है। परंपरागत रूप से पुरुष-प्रधान इस कार्य क्षेत्र में इन महिलाओं ने अपनी योग्यता और समर्पण से यह साबित कर दिया कि सही प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं।

योगी सरकार के महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता को जोड़ने के प्रयासों से ये महिलाएं अब एफएसटीपी की तकनीकी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। शुरुआत में समाज ने सवाल उठाए। क्या महिलाएं मशीनें संभाल पाएंगी? क्या वे इस क्षेत्र में टिक पाएंगी? लेकिन इन चार महिलाओं ने अपने समर्पण और मेहनत से सभी संदेहों को गलत साबित कर दिया।

अब वे न केवल संयंत्र का संचालन कर रही हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया को समझकर उसमें सुधार भी कर रही हैं। योगी सरकार के समर्थन से इन्हें स्वच्छता क्षेत्र में सम्मानजनक स्थान मिला है। सीतापुर में महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से स्वच्छता मिशन को नया आयाम मिला है। स्वच्छ भारत मिशन और अमृत मिशन के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। अन्य शहरों में भी महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। महिलाओं की भागीदारी से स्वच्छता को लेकर जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी।

## हाथरस में जल संरक्षण का मॉडल गांव बना 'चिंतागढी'

**हाथरस,** 11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को वाटरशेड हेल्थ इनिशिएटिव के तहत 'गाँव का पानी गाँव में' मॉडल गाँव का उद्घाटन किया गया। पेप्सिको इंडिया ने पंडित जगत राम मेमोरियल फोर्स ट्रस्ट के सहयोग से जिले के चिंतागढ़ी गाँव में 'गांव का पानी गांव में' मॉडल गाँव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीरेन्द्र सिंह राणा, विधायक सिकंदराराऊ समेत कई मेहमान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 45 'स्मार्ट किसानों' को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जलवायु-स्मार्ट और जल-संरक्षणीय कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेप्सिको इंडिया और दक्षिण एशिया की मुख्य कॉर्पोरेट अफेयर्स अधिकारी यशिका सिंह ने कहा कि इस पहल के तहत 2,300 से अधिक किसान परिवारों तक पानी पहुँचाया गया और उन्हें जलवायु-स्मार्ट, जल-संरक्षणीय और टिकाऊ खेती के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। वाटरशेड हेल्थ इनिशिएटिव के तहत हर साल लगभग 8.12 करोड़ लीटर पानी संरक्षित किया गया है, जिससे 45 जल-संरक्षणीय फार्म विकसित किए गए और किसानों की आजीविका में सुधार हुआ। चिंतागढ़ी मॉडल गाँव सतत जल संरक्षण का एक आदर्श उदाहरण है, जहाँ वर्षा जल संचयन संरचनाएँ, एक पुनर्जीवित तालाब, जल-संरक्षणीय खेती, और व्यापक सामुदायिक जागरूकता अभियान शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### 14 अप्रैल को आंबेडकर शोभायात्रा निकाली जाएगी



**मवाना।** भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर समाज सुधार समिति मवाना गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा साहब की जयंती पर 14 अप्रैल को शोभायात्रा निकालेगी और 16 मार्च रविवार को शाम चार बजे एक आम सभा की जाएगी, जिसमें नई कमेटी के गठन पर विचार-विमर्श किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष विनोद कुमार जाटव ने बताया कि आम सभा में समिति के सभी सदस्यों का आना अनिवार्य है। बैठक में मवाना नगर व आसपास के आंबेडकर वादी आकर अपने सुझाव व मार्ग दर्शन कर बैठक को सफल बनाएं।

### होली के पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारीः ईशा

**मेरठ।** पीवीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने बताया कि होली के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रमुख मार्गों/स्थलों पर पड़ने वाली विद्युत लाईनों तंत्रों, विद्युत खम्बों, लटके/ढीले जर्जर तारों का सघनता से निरीक्षण कर, उन्हें शीघ्र ठीक करा लिया जाये। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि प्रमुख मार्गों/स्थलों पर पड़ने वाले समस्त विद्युत ट्रांसफार्मर, सुचारू रूप से कार्यरत हैं तथा उनके चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक गार्डिंग इत्यादि करा ली जाये जिससे रात्रि के समय विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न हो। सभी मानव संसाधन एवं सामग्री विकेन्द्रीकृत रूप से माग/स्थल के पास चिन्हित उपकेन्द्रों पर रखी जाये जिससे कि न्यूनतम समय में फॉल्ट को ठीक कराया जा सके।

### कौशांबी में दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**कौशांबी।** कौशांबी जिले की एक अदालत ने मंगलवार को दुष्कर्म का दोषी पाए जाने पर एक अभियुक्त को 20 वर्ष की कठोर कारावास और 20000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार वादी ने 11 जून 2022 को सैनी थाना में सूचना दर्ज कराई कि आरोपी धीरेंद्र कुमार उर्फ धुनकारी उसकी छह वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर घर के बाहर सुनसान जगह पर ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 376 पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। जिसकी सुनवाई स्पेशल जज पाक्सो एक्ट की अदालत में शुरू हुई। उभय पक्ष के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के उपरांत अदालत में आरोपी धीरेंद्र कुमार को दुष्कर्म का दोषी पाया।

### मैनपुरी में सिलेंडर में लगी आग, एक की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के किशनी क्षेत्र में मंगलवार शाम रसोई में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने से दो सगे भाई झुलस गये जिनमें एक की मृत्यु हो गयी जबकि दूसरे को गंभीर हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## श्री वैंकटेश्वरा विवि में पांच दिवसीय 'जॉब फेयर' का आयोजन

# साक्षरता के आधार पर 97 छात्र- छात्राओं का चयन, खिले चेहरे



- 1200 से अधिक छात्र- छात्राओं ने कराया था रजिस्ट्रेशन
- 2 अप्रैल से होगी सभी चयनित छात्र-छात्राओं की ज्वाईनिंग

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उत्तर प्रदेश शासन सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय 'रोजगार मेला-2025' (जॉब फेयर) का शानदार समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सहायक निदेशक सेवा योजन उत्तर प्रदेश सरकार रत्नेश कुमार सिंह, जिला रोजगार अधिकारी एस.के.सिंह, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्ण कान्त दवे, डा. अनिल जायसवाल आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित कर की गई। जिसमे इंजीनियरिंग, प्रबन्धन, फार्मा, एग्रीकल्चर, एप्लाइड साइंस के 97 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया द्य कई राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद विभिन्न कम्पनीयों ने 97 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये। वैंकटेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओ को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ संकल्पित है। इस अवसर पर ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड डा. लक्ष्मण रावत, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल, डीन इंजीनियरिंग डा. आशुतोष सिंह, डा. राजेश सिंह, डा. सर्वानन्द साहू, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. टी.पी. सिंह, डा. पवनजीत कौर, डा. ज्योति सिंह, आई.टी. हेड विशाल शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट मैनेजर सौरभ मित्रा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूफ चौधरी एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, डा. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सफलता हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया



- प्रशिक्षित सफल महिलाओं का किया गया सम्मान

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ में महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अग्रणी प्रबंधक, केनरा बैंक एवं संस्थान के निदेशक श्री विवेक सुकृष्ण द्वारा इन महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सम्मानित महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया और उनसे यह अपेक्षा की गई कि वे अपनी सफलता की यह ज्योति जलाए रखते हुए समाज की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें। साथ ही, वे अपने गांव एवं समुदाय के लोगों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। संस्थान के निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान सिर्फ इन महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए एक प्रेरणा है जो आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कौशल विकास और प्रशिक्षण से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की नई राहें मिल रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अग्रणीय बैंक प्रबंधक अतिथियों सुनील कुमार मजूमदार ने शबनूर अंसारी ,ज्योति उपाध्याय, मोनिका देवी, संतोष, जानकी मेहरा, सविता आदि महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य न केवल इन सफल महिलाओं का उत्साहवर्धन करना था, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करना था, ताकि वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। जिसमे संकाय रमेश जोशी व माधुरी शर्मा ने सकारात्मक परिवर्तन ला सकें और आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएं दी।

# ए,एस, इंटर कॉलेज में हाई स्कूल में 71 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी



**मवाना,** 11 मार्च (एजेंसियां)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में प्रथम पाली में हाई स्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 734 छात्र छात्राओं में से 71 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट की संस्कृत की परीक्षा में 12 छात्राओं में सभी छात्राएं उपस्थित रही हाई स्कूल की परीक्षा का अंतिम दिन था छात्र-छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए चैन की सांस ली तनाव मुक्त दिखाई दिए छात्र-छात्राएं तथा कक्षा 12 संस्कृत की छात्राओं की परीक्षा समाप्त हुई छात्राओं ने एक अलग अंदाज में अपनी खुशी जाहिर की। प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह , स्टेटिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शैलत बाह्य केंद्र व्यवस्थापक आशा भारती के साथ केंद्र का निरीक्षण किया परीक्षा सुचिता पूर्ण सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान परीक्षा प्रभारी सचिन कुमार , सचल दल प्रभारी निशिकांत शर्मा एवं अंजू सिंह तथा सहायक प्रभारी सत्येंद्र बहादुर सिंह की निगरानी में शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित कराई गई ।

## लखनऊ में बजाज गोगो की पहली डिलीवरी

**लखनऊ,** 11 मार्च (एजेंसियां)। बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज नवाबों के शहर लखनऊ में अपने क्रांतिकारी गोगो इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के 51 यूनिट डिलीवर किए। बजाज ऑटो लिमिटेड के इंट्रा सिटी बिजनेस यूनिट के अध्यक्ष समरदीप सुबंध ने इस मौके पर कहा कि पूरी तरह इलेक्ट्रिक बजाज गोगो थ्री-व्हीलर रेंज का लॉन्च इस सेगमेंट के लिए नए मानक स्थापित करेगा। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर मार्केट है और इसलिए बजाज गोगो के लिए एक उपयुक्त लॉन्चपैड है। 251 किमी तक की प्रमाणित रेंज, सेगमेंट में पहली बार दिए गए फीचर्स, और बजाज की भरोसेमंद सेवा व गुणवत्ता के साथ, बजाज गोगो उन ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा जो अधिक कमाई करना चाहते हैं और मेंटेनेंस व डाउनटाइम की परेशानी से बचना चाहते हैं।

# कृषि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन



**मोदीपुरम,** 11 मार्च (देशबन्धु)। आनुवंषिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, कृषि महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोशित 21 दिवसीय विन्टर स्कूल 'बीज क्षेत्र में कृषि उद्यमिता विकास' जो 18 फरवरी से 10 मार्च तक सफलापूर्वक आयोजित किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ. रामजी सिंह, कुलसचिव द्वारा की गयी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 7 विभिन्न राज्यों जैसे कर्नाटक, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड़ एवं उत्तर प्रदेश के 23 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया एवं सफलातापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. रामजी सिंह, कुलसचिव, डॉ. विवेक, अधिष्ठाता, कृषि, डॉ. बी.पी. ध्यानी, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर संकाय, डॉ. कमल खिलाड़ी, निदेशक शोध एवं डॉ. एल.के. गंगवार, कोर्स डायरेक्टर द्वारा दीप प्रजलन एवं मार्ल्यापण किया गया। तत्पश्चात् डॉ. विवेक, अधिश्ठाता, कृशि द्वारा समापन सत्र में पधारे सभी आगन्तुकों का स्वागत किया किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. बी.पी. ध्यानी, अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर संकाय द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवानी साहू, द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में डॉ. आर.एस. सैंगर, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. यू.पी. शाही, डॉ. पूरन चन्द्र, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. एस.के. लोधी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. हरिओम कटियार आदि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय में स्पीक मैके कार्यक्रम का भव्य आयोजन'

# भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देना रहा उद्देश्य

- भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया
- विवि में भारतीय संगीत और संस्कृति पर आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा



**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के स्पीक मैके हेरिटेज क्लब द्वारा स्पीक मैके के सहयोग से भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात सरोद वादक पंडित बिस्वजीत रॉय चैधरी एवं प्रसिद्ध तबला वादक अनुराज झा रहे, जिन्होंने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया। इस अवसर पर पंडित बिस्वजीत रॉय चैधरी ने राग भीमपलासी प्रस्तुत किया, जिसकी मधुर ध्वनि ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी इस उत्कृष्ट प्रस्तुति ने छात्रों, संकाय सदस्यों और संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत के सौंदर्य और गूढ़ता का अनुभव कराया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पंडित बिस्वजीत रॉय चैधरी से प्रत्यक्ष संवाद करने और उनके मार्गदर्शन में सरोद की बारीकियों को समझने का भी अवसर मिला। इस अद्भुत अवसर ने छात्रों को शास्त्रीय संगीत की महत्ता और उसके अभ्यास की प्रेरणा दी। इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाते हुए कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र की उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया। कुलाधिपति ने विवि में भारतीय संगीत और संस्कृति पर एक क्रेडिट आधारित वैकल्पिक पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को औपचारिक रूप से सीखने और अपनाने का अवसर प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, शोभित विश्वविद्यालय और स्पीक मैके के बीच एक सहमति पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष 10 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा एवं वार्षिक रूप से विरासत श्रृंखला का भी आयोजन करेगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल विश्वविद्यालय परिसर में, बल्कि मेरठ और गंगोह शहर के अन्य क्षेत्रों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में भी भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी के त्यागी द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया। इस आयोजन के दौरान स्पीक मैके के समन्वयक पंकज मल्होत्रा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को सराहा और भारतीय शास्त्रीय संगीत को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ गणेश भारद्वाज डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ दिव्या प्रकाश स्पीक मैके कोआर्डिनेटर डॉ नेहा त्यागी आउटरीच डायरेक्टर डॉ नेहा वशिष्ठ डीन एकेडमिक्स डॉ अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## मिनी एचआईवी एड्स जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया



**किठौर,** 11 मार्च (एजेंसियां)। मंगलवार को कस्बे में स्थित गंग नहर के पास 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय में विरेन्द्र सिंह सम्पूर्ण सुरक्षा मैनेजर के नेतृत्व में जनरल हेल्थ स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिक्षक डॉ.आलोक नायक के द्वारा फीता काटकर, हरित पौधा देकर एवं दीप प्रजाव्लित करके किया गया। शिविर मे दिशा कलस्टर दृ मेरठ के अधिकारीगण, वन स्टॉप सेंटर एंव सम्पुर्ण सुरक्षा केन्द्र स्टाफ के द्वारा शिविर मे आये लाभार्थीयो को स्वास्थय सुविधाए दी गयी। शिविर मे एचआई वी. परामर्श और परिक्षण, सिफलिस जाँच, एसटीआई प्रबन्धन हीमोग्लोबीन, मधुमय, टी.बी. जाँच, प्रसर्व पूर्व जाँच, किशोर किशोरी को परामर्श,फैमली प्लानिंग परामर्श आदि सेवा प्रदान की गयी। शिविर मे वीरेन्द्र सिंह सम्पुर्ण सुरक्षा मैनेजर, डॉ. सुनिल कुमार, डॉ. रमजान अली व अन्य चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेकिन्शियन, कांउसलर एसएसके परामर्श दाता, लैब टैक्निशियन, आरती परामर्शदाता, एएनएम आशाएं अन्य उपस्थित टीम के द्वारा के स्वास्थय सेवाए प्रदान की गयी। शिविर के सफल बनाने हेतु डॉ. सुनिल कुमार के द्वारा समस्त टीम को प्रोत्साहित किया गया। शिविर मे सम्पूर्ण सुरक्षा मैनेजर वीरेन्द्र सिंह के द्वारा हैल्थ शिविर में वस्तुओं का प्रबंध किया गया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## 'द कश्मीर फाइल्स' ने व्यथित किया, तो 'द दिल्ली फाइल्स' झकझोर देगी : विवेक रंजन

मुंबई। कश्मीरी पंडितों के विस्थापन की कहानी को पर्दे पर उतारकर सिनेमाघरों में धमाल मचाने वाली फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को तीन साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का मिशन इन फिल्मों के जरिए इतिहास के सच को सामने लाना है। विवेक रंजन का कहना है कि अगर कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार और विस्थापन की कहानी को देखकर लोग आहत हुए तो 'द दिल्ली फाइल्स' उन पर और गहरा असर डालेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए अग्निहोत्री ने कैप्शन में लिखा, उन्होंने मुझे चुप कराने की कोशिश की।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा में वरदान है 'वच'

## अनजाने में नहीं करें ये गलती, नहीं तो हो सकता है कैंसर

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। वच, जिसे अंग्रेजी में स्वीट फ्लैग (वैज्ञानिक नाम- एकोरस कैलेमस) के नाम से जाना जाता है, औषधीय गुणों से युक्त ऐसा पौधा है, जो सदियों से आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके औषधीय गुण पाचन को सुधारने के साथ-साथ तंत्रिका तंत्र के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। 'वच' मुख्य रूप से दलदलों और नदियों के किनारे पाया जाता है। 'वच' के पौधे का मुख्य हिस्सा उसका प्रकंद (जड़) होता है, जिसे औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। यह पौधा भारतीय उपमहाद्वीप में प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 'वच' के औषधीय उपयोग आयुर्वेद में सदियों से दर्ज हैं। वच मूत्रवर्धक, ऐंठन-रोधी, रक्तशोधक, वातहर, कृमिनाशक के तौर पर इस्तेमाल होता रहा है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में वच का उल्लेख मिर्गी, मानसिक विकारों जैसे सिज़ोफ्रेनिया और स्मृति हानि के उपचार के रूप में किया गया है। इसके अलावा, यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं जैसे पेट के दर्द, अपच, और डायरिया में भी कारगर माना जाता है।

'वच' का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में विभिन्न शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए किया गया है। उदाहरण के लिए, इसे ब्रोन्कियल सर्दी, अस्थमा, बुखार, पेट के ट्यूमर, गठिया, और एग्जिमा जैसी बीमारियों में सहायक पाया गया है। 'वच' का उपयोग जड़ी-बूटियों के रूप में पाउडर, बाम, और काढ़े के रूप में किया जाता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा में इसे श्वसन, पाचन, और तंत्रिका तंत्र से संबंधित समस्याओं के उपचार के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

'वच' का उपयोग पारंपरिक रूप से संज्ञानात्मक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए भी किया जाता है। इसे याददाश्त में सुधार और मानसिक स्पष्टता में सहायता के रूप में जाना जाता है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में इसे मानसिक कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए उपयोगी माना गया है, और यह ध्यान केंद्रित करने में भी सहायक हो सकता है। इसके अलावा, 'वच' को तंत्रिका तंत्र के समर्थन के रूप में भी उपयोग किया जाता है, जिससे यह मानसिक विकारों को दूर करने और तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद कर सकता है। इसका उपयोग पाचन स्वास्थ्य में भी किया जाता है। यह पाचन तंत्र को उत्तेजित करने में मदद करता है और पेट की सूजन, गैस, और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायक होता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में, 'वच' का उपयोग श्वसन संबंधी समस्याओं, जैसे खांसी और अस्थमा, के इलाज के लिए भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यह दर्द को कम करने और त्वचा से संबंधित कुछ समस्याओं के उपचार में भी उपयोगी पाया गया है।



- दलदलों और नदियों के किनारे पाया जाता है 'वच'
- ऐंठन-रोधी, रक्तशोधक, वातहर, कृमिनाशक के तौर पर होता है इस्तेमाल

इसके औषधीय उपयोगों के साथ-साथ, इसके दुष्प्रभावों और इसके असुरक्षित उपयोग की संभावना को लेकर जानकार सतर्क रहने की बात करते हैं। 'वच' में बीटा-एसारोन नामक रसायन पाया जाता है, जो कैंसर का कारण बन सकता है। इसके अतिरिक्त, इसका असुरक्षित उपयोग मतली, उल्टी, और पेट में असुविधा का कारण बन सकता है। इसलिए, इसका उपयोग एक स्वस्थ दिशा-निर्देश के तहत ही किया जाना चाहिए, और इसे उपयोग करने से पहले एक योग्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से परामर्श करना अत्यंत आवश्यक है। गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान वच का उपयोग असुरक्षित हो सकता है, इसलिए इन स्थितियों में इसे लेने से बचना चाहिए। इसके अलावा, हृदय रोगियों को भी 'वच' का अत्यधिक सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह रक्तचाप और हृदय गति को प्रभावित कर सकता है। इसके सेवन से हृदय की समस्याएं और बढ़ सकती हैं, विशेष रूप से यदि किसी व्यक्ति को पहले से हृदय रोग हो। 'वच' का सेवन करते समय दवाइयों के साथ इसके इंटरैक्शन का भी ध्यान रखना आवश्यक है। यह अवसाद, शामक दवाओं, और उच्च रक्तचाप की दवाओं के साथ इंटरैक्ट कर सकता है, जिससे दवाओं के प्रभाव में बदलाव आ सकता है। विशेष रूप से, जो लोग अवसाद की दवाइयां ले रहे हैं, उन्हें वच का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए, क्योंकि यह दवाइयों के प्रभाव को बढ़ा सकता है। वच के पारंपरिक उपयोगों के साथ-साथ, इसके रासायनिक गुणों और इसके शरीर पर प्रभाव को लेकर अधिक अध्ययन की आवश्यकता है। वैज्ञानिक अनुसंधान से यह स्पष्ट हो सकेगा कि वच का शरीर पर प्रभाव क्या होता है और इसे सुरक्षित रूप से कैसे उपयोग किया जा सकता है।

# 'लौंग एक, फायदे अनेक'

## मसालों से लेकर स्वास्थ्य तक गुणों की है खान



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। लौंग, जिसे हमारे किचन में एक सामान्य मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद है। लौंग का इस्तेमाल भारतीय और एशियाई व्यंजनों में सदियों से होता आया है और यह अपने अद्भुत स्वाद, सुगंध और औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध है। आयुर्वेद में लौंग का उल्लेख शरीर के कई प्रकार के विकारों को ठीक करने के लिए एक शक्तिशाली औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है। लौंग के छोटे से फूल की कलियों का उपयोग न केवल मसाले के रूप में बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी किया जाता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट, सूजन-रोधी और दर्द निवारक तत्व के रूप में काम करता है।

- विटामिन 'के', फोलेट और अन्य आवश्यक खनिज जैसे मैंगनीज, पोटैशियम और बीटा-कैरोटीन
- हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह जैसे जटिल रोगों के खतरे को करता है कम

लौंग की तासीर गर्म होती है और विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में इसका सेवन स्वास्थ्य को कई लाभ प्रदान करता है। लौंग में कई प्रकार के पोषक तत्व पाए जाते हैं,

## एनएसईएफआई ग्रीन डेटा सेंटर कोएलिशन ने नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण के रोडमैप पर की चर्चा

नई दिल्ली 11 मार्च (एजेंसियां)। आज नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NSEFI) के ग्रीन डेटा सेंटर कोएलिशन ने अपनी पहली बैठक नई दिल्ली में आयोजित की, जिसमें डेटा सेंटर उद्योग को हरित ऊर्जा की ओर ले जाने और इसे अधिक टिकाऊ बनाने पर चर्चा हुई। इस मंच का उद्देश्य भारत में डेटा सेंटरों के डीकार्बनाइजेशन को तेज़ी से आगे बढ़ाना और उनके लिए एक मजबूत ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम तैयार करना है। कोएलिशन की अध्यक्षता विक्रम श्रीधरन (डायरेक्टर, इंफ्रास्ट्रक्चर और पब्लिक पॉलिसी, एशिया पैसिफिक और जापान, AWS) और शरद अग्रवाल (सीईओ, Sify Infinit Spaces Limited) कर रहे हैं। बैठक में उद्योग जगत के प्रमुख खिलाड़ियों ने भारत की विशाल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का उपयोग कर डेटा सेंटरों को कैसे क्लीन और ग्रीन एनर्जी पर स्थानांतरित किया जाए, इस पर विचार-विमर्श किया। एडब्ल्यूएस के विक्रम श्रीधरन ने कहा, 'भारत में डेटा की मांग बढ़ रही है, जिससे ऊर्जा की खपत भी तेज़ी से बढ़ रही है। एआई, ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण यह ट्रेंड और तेज़ होगा। अमेज़न इस बढ़ती जरूरत को पूरा करने के साथ-साथ अपने संचालन को 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर स्थानांतरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम भारत में ग्रीन डेटा सेंटर को बढ़ावा देने के लिए इस कोएलिशन को एक अहम मंच के रूप में देखते हैं।'

## लाइव बैंड परफॉरमेंस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेली गई होली

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस ने होली के शानदार उत्सव को शानदार तरीके से मनाया, जिसमें प्रसिद्ध एआर बैंड द्वारा लाइव बैंड परफॉरमेंस, छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और एक अनूठी 'फूलों वाली होली' का जश्न मनाया गया। इस कार्यक्रम में एआर बैंड ने अपने ऊर्जावान और भावपूर्ण संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने कहा कि होली खुशी, एकता और रंगों का त्योहार है। हम अपने छात्रों और शिक्षकों




को इस भव्य उत्सव में एक साथ लाने के लिए उत्साहित थे, जिसमें संगीत, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक उत्सव शामिल थे। समूह निदेशक, प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार ने रंग-बिरंगी और आनंदमय होली की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया, जिन्होंने संगीत, नृत्य, रंगों और एकजुटता से भरे दिन का आनंद लिया, जिससे यह होली उत्सव वास्तव में एक यादगार अनुभव बन गया। अनिल कुमार बंसल, एचआईएमटी समूह के सचिव, अनमोल बंसल, समूह के संयुक्त सचिव, डॉ. विक्रांत चौधरी, कार्यकारी निदेशक, प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार, निदेशक, प्रबंधन अध्ययन, प्रो. (डॉ.) अनुज मित्तल, निदेशक, एचआईएमटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रमा दत्त, कार्यवाहक प्रिंसिपल, हरलाल स्कूल ऑफ लॉ, नरेंद्र उपाध्याय, एचओडी-आईटी विभाग आदि मौजूद रहे।


## भारत वेब3 एसोसिएशन ने शुरू किया 100-दिवसीय क्रिप्टो SAFE अभियान




नई दिल्ली 11 मार्च (एजेंसियां)। भारत वेब3 एसोसिएशन (बीडब्ल्यूए), जो भारत में वेब3 और डिजिटल एसेट इंडस्ट्री की अग्रणी संस्था है, ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 100-दिवसीय 'क्रिप्टो SAFE' अभियान लॉन्च किया है। SAFE यानी Secure Asset & Financial Education के तहत, यह अभियान लोगों को डिजिटल निवेश, साइबर सुरक्षा और 'डू योर ओन रिसर्च' (DYOR) जैसे अहम पहलुओं पर जागरूक करने के लिए शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को फिशिंग, रग पुल्स, फेक प्रोफाइल, और साइबर धोखाधड़ी जैसी खतरनाक गतिविधियों के बारे में सतर्क करना है। साथ ही, निवेशकों को यह समझाने पर जोर दिया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली हर सलाह सही नहीं होती, खासकर जब वह बिना किसी विश्वसनीय स्रोत के दी जा रही हो। CloudSEK की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे ज्यादा साइबर हमलों का शिकार होने वाला देश था, जहां 95 से ज्यादा भारतीय संस्थाएं डेटा चोरी की चपेट में आईं। ऐसे में, क्रिप्टो SAFE अभियान डिजिटल दुनिया में जागरूकता और सुरक्षा को लेकर बेहद जरूरी हो जाता है।

## खत्म नहीं हो रही इंडस्ट्री, इसे पटरी पर लाने की जरूरत : हंसल मेहता

**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। निर्देशक हंसल मेहता ने सोशल मीडिया पर एक वैचारिक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह कहते नजर आए कि इंडस्ट्री को फिर से पटरी पर लाने की जरूरत है और अभिनेताओं, फिल्म निर्माताओं और लेखकों की एक नई पीढ़ी है, जो शानदार काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने लक्ष्य लालवानी, आदर्श गौरव, ईशान खट्टर, जहान कपूर का जिक्र करते हुए फिल्म इंडस्ट्री में प्रतिभाओं पर भी बात की। एक्स पर मेहता ने लिखा कि हिंदी सिनेमा को री-सेट की जरूरत है। बॉलीवुड के खत्म होने की भविष्यवाणी करने वालों रुको। इंडस्ट्री खत्म नहीं हो रही है। समस्या यह नहीं है कि दर्शकों की रुचि खत्म हो रही है। हिंदी सिनेमा का भविष्य कच्ची प्रतिभा, बोल्ड स्टोरीटेलिंग और ऐसे निर्देशकों पर दांव लगाने में है, जो स्क्रिप्ट लेकर उसे बेहतरीन तरीके से निर्देशित कर सकें। पिछले कुछ सालों ने यह साबित कर दिया है कि दर्शकों को जुटाने के लिए स्टार जरूरी नहीं हैं, बल्कि मंझे हुए कलाकारों, फिल्म निर्माताओं और लेखकों की एक नई पीढ़ी खेल को बदलने के लिए तैयार है। लेकिन इसके लिए दूरदर्शी निर्माता, आंकड़ों की बजाय कहानियों का समर्थन करने वाले प्लेटफॉर्म और जान पहचान की बजाय प्रामाणिकता की मांग करने वाले निर्देशकों की आवश्यकता होगी। उन्होंने आगे लिखा कि इसके लिए प्रदर्शन, रणनीति, अच्छी तरह से सोची-समझी मार्केटिंग की आवश्यकता होगी न कि टेम्पलेट पेड पब्लिसिटी की जो प्रचारकों को अमीर और इंडस्ट्री को गरीब बना रही है। इसके साथ ही उन्होंने कुछ प्रतिभाओं का भी परिचय दिया। उन्होंने लिखा कि प्रतिभा को विश्वास की आवश्यकता होती है।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक्टर मॉडल ने महिला शक्ति को दिया संदेश

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस देश विदेश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं के सामाजिक,राजनीतिक और आर्थिक योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर का होता है। ये दिन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, समानता और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का माध्यम बनता है दुनिया भर में इस दिन को महिला सशक्तिकरण और उनके संघर्षों की सराहना के रूप में मनाया जाता है इस दिन महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को बढ़ावा देने का होता है।

इसी बीच उत्तर प्रदेश के गोरखपुर कुशीनगर की रहने वाली इंटरनेशनल सुपर मॉडल एक्टर और दीप्ति फिल्म प्रोडक्शन्स की डायरेक्टर प्रीति शर्मा ने भी अपनी शोशल मीडिया के जरिए देश विदेश की महिलाओं को



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। मॉडल एंव एक्टर प्रीति शर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाएं चांद को भी छू रही हैं और पुरूषों के कदम से कदम मिला कर आगे भी बढ़ रही है राजनीति से लेकर देश विदेश में अपना और अपने परिवार देश का नाम भी रोशन कर रही है। मॉडल, एक्टर प्रीति शर्मा ने कहा कि जहां एक तरफ महिलाएं सशक्त बन रही है वहीं कुछ हैवान दरिंदे किस्म के लोग जो हमारे ही आसपास रहते है हमे कमजोर करने और आगे बढ़ने से रोकने का काम करते है ऐसे लोगो के लिए हमारीं देश की महिलाओं और बेटियों को और मज़बूद सशक्त होने की जरूरत है जब हमारीं देश की महिलाएं और बेटियां पूरी तरह से सशक्त और मजबूत हो जाएंगी और ऐसे दरिंदो को सबक सिखाने का काम करेंगी तो इस देश मे पूरी तरह महिलाओं को सशक्त और मजबूत होने से कोई नही रोक सकता इसी लिए में सभी देश की महिलाओं और बेटियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई देते हुए ये भी अपील करती हूँ कि हमे अभी भी इस देश में और सशक्त,और मजबूत होने की जरूरत है तभी हम ऐसे दरिंदो को सबक सिखा सकेंगे जो हमारीं बेटियों और महिलाओं पर गलत नजर डालते है और उनको कमजोर करते है।

## जूस पीना सेहत के लिए फायदेमंद



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। जूस पीना सेहत के लिए फायदेमंद होता है और गर्मियों के सीजन में इसका सेवन और भी अधिक किया जाता है। लेकिन यह जानना जरूरी है कि किस बीमारी में कौन-सा जूस लाभदायक रहेगा। आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार, विभिन्न बीमारियों में अलग-अलग फलों और सब्जियों के रस का सेवन करना चाहिए। जैसे भूख लगाने के लिए कौन सा जूस पीना चाहिए या खून साफ करने के लिए कौन सा जूस फायदेमंद होता है।

अगर भूख कम लगती है, तो सुबह खाली पेट नींबू पानी पीना फायदेमंद होता है। इसके अलावा, खाने से पहले अदरक को सैंधा नमक के साथ लेने से भी भूख बढ़ती है। नींबू, गाजर, चुकंदर, पालक, तुलसी, नीम, बेल के पत्तों और गोभी का रस पीने से खून साफ होता है और त्वचा में निखार आता है। दमा के मरीजों के लिए लहसुन, अदरक, तुलसी, चुकंदर, गाजर और मीठे अंगूर का रस लाभकारी है। ऐसे मरीजों को घी, तेल और मक्खन से परहेज करना चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को गाजर, अंगूर, मौसमी और ज्वारों का रस पीना चाहिए।पीलिया के रोगियों के लिए अंगूर, सेब, रसभरी और मौसम्मी का रस सबसे अच्छा माना जाता है। एसिडिटी की शिकायत होने पर गाजर, पालक, तुलसी, अंगूर और मौसम्मी का रस फायदेमंद होता है। अल्सर के मरीजों को गाजर, गोभी और अंगूर के रस का सेवन करना चाहिए। दूध भी फायदेमंद होता है, लेकिन सिर्फ देशी गाय का शुद्ध दूध ही पीना चाहिए।

सुंदरता निखारने के लिए नारियल पानी या बबूल का रस पिया जा सकता है। नारियल पानी से चेहरा धोने से भी लाभ होता है। मुंहासों के दाग मिटाने के लिए गाजर, तरबूज, प्याज, तुलसी और घृतकुमारी का रस लेना चाहिए।

# पिछले 5 वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। भारत में पिछले पांच वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस योजनाओं में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मर्सर मार्श बेनिफिट्स (एमएमबी) की रिपोर्ट से पता चला है कि देश में वर्कफोर्स बढ़ने के बावजूद, कंपनियां कर्मचारियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए लाभों को दोबारा खोज रही हैं।

वैधानिक प्रावधानों से परे, कंपनियां फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस प्लान जैसे इनोवेटिव सॉल्यूशन पेश कर रही हैं। इंक्लूसिव कवरेज ऑप्शन पैरेंट्स कवर, भाई-बहन कवर और वेलनेस प्रोग्राम और फाइनेंशियल प्लानिंग टूल पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में टॉप टैलेंट को आकर्षित करने और बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

मर्सर मार्श बेनिफिट्स इंडिया लीडर के प्रबंध निदेशक प्रवाल कलिता ने कहा कि



- दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में टॉप टैलेंट को आकर्षित करने में मदद
- फर्टिलिटी ट्रीटमेंट, सरोगेसी और गोद लेने के लाभ शामिल

भारत में कर्मचारी लाभ अब केवल हेल्थकेयर कवरेज तक सीमित नहीं रह गए हैं, वे समग्र कल्याण समाधानों में विकसित हो रहे हैं। फ्लेक्सिबल, इंक्लूसिव, फ्यूचर-रेडी बेनेफिट्स की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले पांच वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस को अपनाने में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नियोक्ता अपने कर्मचारियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए माता-पिता के बीमा से लेकर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों तक की पेशकश के महत्व को पहचान रहे हैं।

रिपोर्ट में भारत के कर्मचारी लाभ परिदृश्य में परिवर्तनकारी बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें माता-पिता के बीमा के लिए नियोक्ता स्पॉन्सरशिप शामिल है, जो 2019 में 35 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 53 प्रतिशत हो गया है।

संगठन और बीमाकर्ता कैशलेस अस्पताल में कैशलेस भर्ती को भी बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे पेआउट रेशियो में वृद्धि हुई है और अस्पताल में रहने का औसत समय 5.9 से घटकर 5.3 दिन रह गया है।

इसके अलावा, कर्मचारियों की जरूरतों को समझते हुए नियोक्ता तेजी से कवरेज का विस्तार कर रहे हैं, जिसमें फर्टिलिटी ट्रीटमेंट, सरोगेसी और गोद लेने के लाभ शामिल हैं।

कर्मचारी लाभ चुनने में अधिक स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं, जिससे कस्टमाइजेबल इंश्योरेंस कल्याण कार्यक्रमों को अपनाने में वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन लॉन्ग टर्म मेडिकल खर्च को कम करने के लिए प्रारंभिक निदान, स्क्रीनिंग और कल्याण कार्यक्रमों सहित प्रिवेंटिव हेल्थकेयर मेजर्स जैसे उपायों को प्राथमिकता दे रहे हैं।


## भारत में मचेगा प्रो-रेसलिंग का महासंग्राम! डब्ल्यूएक्सएम के लॉन्च की खबरों ने मचा दी देश में हलचल

नई दिल्ली। भारतीय प्रो-रेसलिंग के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया (WXM) के लॉन्च की खबरों ने देश भर में सनसनी फैला दी है—एक नई ताकत जो भारत में प्रो-रेसलिंग मनोरंजन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। हालांकि आधिकारिक घोषणाएं अभी दूर हैं, लेकिन उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने एक वैश्विक प्रो-रेसलिंग मंच की ओर इशारा किया है, जिसमें वैश्विक प्रो-रेसलिंग सितारे और शानदार प्रोडक्शन वैल्यू देखने को मिलेगी। अफवाहों का बाज़ार तब गर्म हो गया जब पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार जीत को एक नए प्रो-रेसलिंग प्रोजेक्ट से जुड़ा हुआ देखा गया। इससे कयास लगाए जाने लगे कि डब्ल्यूएक्सएम सिर्फ एक नई प्रो-रेसलिंग लीग नहीं, बल्कि एक ग्लोबल लेवल का बड़ा कॉम्पिटिटर बन सकता है। सोशल मीडिया भी इस खबर से आग की तरह जल उठा है। मशहूर टीवी होस्ट और अभिनेता रणविजय सिंहा ने भी एक रहस्यमयी पोस्ट डालकर इस आयोजन को लेकर सस्पेंस बढ़ा दिया है। इसके अलावा डब्ल्यूएक्सएम के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए हाई-क्वालिटी टीज़र वीडियो ने दर्शकों को हैरान कर दिया। ये वीडियो डब्ल्यूडब्ल्यूई स्तर की प्रोडक्शन क्वालिटी, रोमांचक मुकाबलों और शानदार प्रस्तुति को दर्शा रहे हैं।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 2.62 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.49 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.93 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.22 प्रतिशत |
| मारुति | 0.86 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 27.17 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.48 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.81 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.77 प्रतिशत |
| जोमैटो | 1.52 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 88,003 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 33 | 87.40 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9250-9350 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पीएम मित्र पार्क योजना के तहत कपड़ा क्षेत्र में 18,500 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी

- योजना 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए की गई मंजूर
- लगभग 3 लाख रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने कपड़ा क्षेत्र में उत्पादन, रोजगार और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम मित्र पार्क योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों के तहत 18,500 करोड़ रुपए के निवेश पर हस्ताक्षर किए हैं। मंगलवार को यह जानकारी लोकसभा को दी गई। कपड़ा उद्योग की वैल्यू चेन के लिए इंटीग्रेटेड लार्ज स्केल और मॉडर्न इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा डेवलप करने के उद्देश्य से केंद्र ने 4,445 करोड़ रुपए की योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में सात पीएम मित्र पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। यह योजना 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए मंजूर की गई है।

सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए सात साइटों को फाइनल किया है, जिसमें तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को शामिल किया



गया है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद में एक लिखित उत्तर में कहा कि एक बार पूरा हो जाने पर, यह उम्मीद की जाती है कि प्रत्येक पीएम मित्र पार्क लगभग 10,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित करेगा और लगभग 3 लाख (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों) रोजगार के अवसर पैदा करेगा। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि कपड़ा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही दूसरी पहलों में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क (एसआईटीपी), इंटीग्रेटेड प्रोसेसिंग डेवलपमेंट स्कीम (आईपीडीएस), उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम), समर्थ - वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए योजना (एटीयूएफएस), रेशम समग्र-2, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) शामिल हैं।

### पिछले 5 वर्षों से कपड़ा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही स्टार्टअप की संख्या : गिरिराज

**नई दिल्ली।** केंद्र के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हर साल कपड़ा क्षेत्र में स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त नई संस्थाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ रही है। स्टार्टअप की यह संख्या 2020 में 204 से बढ़कर 2023 में 703 और 2024 में 765 हो गई है। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में पेश की गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत सरकार तीन प्रमुख योजनाओं, स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) और स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएस) को लागू कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य अलग-अलग कैटेगरी और सेक्टर के स्टार्टअप को उनके बिजनेस साइकल के अलग-अलग स्टेज में सपोर्ट करना है। वेंचर कैपिटल निवेश को कैटालाइज करने के लिए 2016 में एफएफएस को मंजूरी दी गई और स्थापित किया गया और इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा किया जाता है।

## भारत व कतर के बीच आर्थिक सहयोग पर सहमति

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और बढ़ाने की दिशा के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, कतर और भारत के बीच वित्तीय एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर हुए समझौते को पूर्ववर्ती तिथि से मंजूरी दे दी गई है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि कतर के अमीर की भारत यात्रा के दौरान गत 18 फरवरी को भारत और कतर के बीच वित्तीय और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इससे जुड़े समझौता ज्ञापन पर 5 मार्च 2025 को यहां वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के संयुक्त सचिव बलदेव पुरुषार्थ और कतर में भारत के राजदूत मोहम्मद हसन जाबिर अल-जाबिर ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौता का उद्देश्य आर्थिक नीतियों, वित्तपोषण साधनों के उपयोग, सार्वजनिक-निजी भागीदारी ढांचे और निवेश के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और विकसित करना है। यह सहयोग कतर के साथ



- दोनों देशों में निवेश के लिए नए व उभरते अवसरों की खोज होने की उम्मीद

पारस्परिक रूप से लाभकारी और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता को संस्थागत रूप देगा। इस समझौता से दोनों देशों में निवेश के लिए नए और उभरते क्षेत्रों और अवसरों की खोज होने की उम्मीद है। यह समझौता दोनों देशों के साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। दोनों देशों के वित्त मंत्रालय अपने बीच संयुक्त सहयोग के मॉडल और क्षेत्रों को बढ़ावा देंगे, जैसे विशेषज्ञ कार्यशालाएं, सेमिनार और सम्मेलन आयोजित करना; संयुक्त कार्य के क्षेत्रों में दस्तावेजी और तकनीकी जानकारी का आदान-प्रदान करना है।

## जल्द जारी होंगे 100 व 200 के नए नोट : आरबीआई

**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपए मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा।

आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपए के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपए के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे। उल्लेखनीय है कि यह कदम नकदी की आपूर्ति को बनाए रखने और बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। साथ ही नए

- नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे
- पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपए के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे

गवर्नर के हस्ताक्षर वाले नोट जारी करना एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद किया जाता है।

## भारत में इलेक्ट्रिक बसों की बिक्री में होगी वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2027 में देश में इलेक्ट्रिक बसों की वार्षिक बिक्री 17,000 यूनिट से अधिक होने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2024 में कुल बस बिक्री से लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

भारत में सालाना बस रजिस्ट्रेशन में इलेक्ट्रिक बसों की हिस्सेदारी 4 प्रतिशत है, वित्त वर्ष 2024 में 3,644 यूनिट बिकीं, जो सालाना आधार पर 81 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, क्लीन फ्यूल में ट्रांजिशन के कारण पारंपरिक डीजल और पेट्रोल बसों की बाजार हिस्सेदारी एक दशक पहले के 97-98 प्रतिशत से घटकर



- पूरे देश में ई-बसों को अपनाए जाने की उम्मीद

वित्त वर्ष 2024 में 90 प्रतिशत रह गई है। केयरएज रेटिंग्स की एसोसिएट डायरेक्टर आरती रॉय ने कहा कि अभी तक ई-बसों की पहुंच कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन धीरे-धीरे ई-बसों को और अधिक शहरों में शुरू किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पूरे देश में ई-बसों को अपनाए जाने की उम्मीद है।

अलग-अलग नीतिगत पहलों के जरिए सरकारी समर्थन भी प्रदर्शित किया गया है, जिसके निकट भविष्य में जारी रहने की उम्मीद है। भारत में इलेक्ट्रिक बसों (ई-बसों) की संभावना काफी अधिक है, यहां प्रति मिलियन लोगों पर केवल छह ई-बसें हैं, जबकि विश्व औसत 85 है।

वर्तमान में, ई-बसों को अपनाना कुछ राज्यों और शहरों तक ही सीमित है, लेकिन मध्यम अवधि में व्यापक रूप से अपनाए जाने से बिक्री में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ई-बस निर्माण की काफी क्षमता है, जिसके तहत पांच कंपनियों की ई-बस बाजार हिस्सेदारी 85 प्रतिशत से अधिक है,।

### सार संक्षेप

#### भारत का इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी पर खर्च में होंगी बढ़ोतरी

**मुंबई।** भारतीय एंटरप्राइजेज का इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी पर खर्च 2025 में सालाना आधार पर 16.4 प्रतिशत बढ़कर 3.3 अरब डॉलर रहने की संभावना है। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी पर खर्च में बढ़ोतरी की वजह साइबर सुरक्षा खतरों में बढ़ोतरी, रेगुलेशन में बदलाव होना और क्लाउड टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में इजाफा होना है। गार्टनर की एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनियां रैनसमवेयर हमलों, जनरेटिव एआई (जेनएआई) से जुड़े डेटा उल्लंघनों और जटिल नियामक आवश्यकताओं जैसी लगातार चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षा में अधिक निवेश कर रही हैं। कंपनियां अपने हाइब्रिड आईटी वातावरण को सुरक्षित करने के लिए रियल-टाइम में खतरे का पता लगाने और घटना के रिस्पॉन्स पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

#### भारत 2028 तक सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बन जाएगा

**बेंगलुरु।** भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हैशड इमर्जेंट की लेटेस्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' रिपोर्ट से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े। यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं।

#### तेजी से बढ़ेगा भारत का वेयरहाउसिंग सेक्टर : रिपोर्ट


**नई दिल्ली।** भारत का वेयरहाउसिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है और कंपनियां सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन को तेजी से अपना रही हैं। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में मंगलवार को दी गई। जेबरा टेक्नोलॉजीज की रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र और भारत सहित वैश्विक स्तर पर 63 प्रतिशत वेयरहाउस लीडर्स अगले पांच वर्षों में एआई आधारित सॉफ्टवेयर को लागू करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लगभग 65 प्रतिशत वेयरहाउस संचालक इसी अवधि के दौरान ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) को अपनाने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक स्तर पर 64 प्रतिशत वेयरहाउस ऑपरेटर और भारत सहित एपीएसी में 63 प्रतिशत ऑपरेटर अगले पांच वर्षों में वेयरहाउस को आधुनिक बनाने के लिए निवेश को बढ़ाने जा रहे हैं।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में घटबढ़

- सेंसेक्स 12.85 अंक फिसलकर 74,102.32 पर रहा
- निफ्टी 37.60 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,497.90 पर बंद

**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स फिसलकर जबकि लिवाली की बदौलत निफ्टी बढ़कर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.85 अंक फिसलकर 74,102.32 अंक पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.60 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,497.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,589.67 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 44,330.32 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4092 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2506 में गिरावट जबकि 1466 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 33 कंपनियां हरे जबकि अन्य 17 लाल निशान पर बंद हुईं।

बीएसई के आठ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे एफएमसीजी 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.87, यूटिलिटीज 0.15, ऑटो 0.09, बैंकिंग 0.36, टेक 0.04 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, रियल्टी 3.92, ऊर्जा 1.20, दूरसंचार 2.78,




कैपिटल गुड्स 0.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.62 और तेल एवं गैस समूह के शेयरों में 1.58 प्रतिशत की तेजी रही। विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत गिर गया। वहीं, जर्मनी का डैक्स 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 371 अंक की भारी गिरावट लेकर 73,743.88 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,663.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,195.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, अंत में पिछले दिवस के 74,115.17 अंक के मुकाबले 0.02 प्रतिशत फिसलकर 74,102.32 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 114 अंक टूटकर 22,345.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,314.70 अंक के निचले जबकि 22,522.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,460.30 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत चढ़कर 22,497.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान में रही कंपनियों में इंडसइंड बैंक 27.17, इंफोसिस 2.48, बजाज फिनसर्व 1.81, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.77, जोमैटो 1.52, पावरग्रिड 1.49, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.35, एक्सिस बैंक 0.98, अल्ट्रासिम्को 0.67, अडानी पोर्ट्स 0.56, टीसीएस 0.37, एचडीएफसी बैंक 0.12, टाटा स्टील 0.07, बजाज फाइनेंस 0.02 और टाटा मोटर्स 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.62, आईसीआईसीआई बैंक 2.49, भारती एयरटेल 1.93, एचसीएल टेक 1.22, मारुति 0.86, एलटी 0.79, रिलायंस 0.74, कोटक बैंक 0.68, टाइटन 0.59, एशियन पेंट 0.32, एनटीपीसी 0.32, आईटीसी 0.26, नेस्ले इंडिया 0.23, एसबीआई 0.22 और टेक महिंद्रा के शेयरों में 0.01 प्रतिशत की तेजी रही।

## एलआईसी के समूह व व्यक्तिगत प्रीमियम में 28.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**कोलकाता,** 11 मार्च (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2025 के पहले 11 महीनों में समूह वार्षिक नवीकरणीय प्रीमियम और व्यक्तिगत प्रीमियम दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है।

एलआईसी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि समूह वार्षिक नवीकरणीय प्रीमियम में 28.29 प्रतिशत और व्यक्तिगत प्रीमियम में 7.90 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। फरवरी 2025 तक एलआईसी का कुल प्रीमियम संग्रह 1.90 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1.86 लाख करोड़ रुपए से 1.90 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, फरवरी 2025 में व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह 1.07 प्रतिशत घटकर 4,837.87 करोड़ हो गया जबकि फरवरी 2024 में यह 4,890.44 करोड़ था। इस दौरान समूह प्रीमियम के तहत कुल 4,898 पॉलिसियां जारी की गईं, जो पिछले वर्ष की 4314 पॉलिसियों की तुलना में 13.53 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2025 में एलआईसी ने व्यक्तिगत श्रेणी में 12.02 लाख पॉलिसियां जारी कीं और समूह वार्षिक नवीकरणीय खंड में 1430 पॉलिसियां जोड़ीं, जिससे कुल पॉलिसियों की संख्या 12.04 लाख हो गई। एलआईसी ने बताया कि अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह 52382.58 करोड़ रुपए तक पहुंच गया और इस अवधि में 1.46 करोड़ व्यक्तिगत पॉलिसियां जारी की गईं।

## खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती, चीनी महंगी

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई वहीं चीनी के भाव चढ़ गए।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4810 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 42.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## एशिया में सबसे बेहतर स्थिति में भारत : स्टेनली

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। मॉर्गन स्टेनली की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि व्यापार तनाव एशिया के विकास में बाधा बने रहेंगे, लेकिन इस पृष्ठभूमि में कम माल निर्यात, मजबूत सेवा निर्यात और घरेलू मांग के लिए पॉलिसी सपोर्ट की वजह से भारत अभी भी इस क्षेत्र में सबसे बेहतर स्थिति में है।

राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों में अनावश्यक रूप से दोहरी सख्ती को वापस लेने से भारत में सुधार को गति मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मौद्रिक ढील तीन मोर्चों रेट्स, लिक्विडिटी इंजेक्शन और विनियामक ढील पर पूरी तरह से लागू हो रही है। व्यापार तनाव क्षेत्र के व्यापार परिदृश्य को प्रभावित करेगा, लेकिन भारत अपने कम माल निर्यात और जीडीपी अनुपात के कारण कम जोखिम में है। इस बीच, पॉलिसी सपोर्ट जो इसके घरेलू मांग आउटलुक को बदल देगा, भारत को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगा।

मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा मानना है कि आने वाले महीनों में



- एशिया के विकास में बाधा बने रहेंगे व्यापार तनाव

सुधार जारी रहेगा। हाल ही के आंकड़ों में पहले से ही सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं। हमारी हाई-फ्रिक्वेंसी मीट्रिक - माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व - जनवरी-फरवरी 2025 में औसतन 10.7 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि 2024 की तीसरी तिमाही में यह औसतन 8.9 प्रतिशत और 2024 की चौथी तिमाही में 8.3 प्रतिशत था। अगर हम इस फैक्ट को एडजस्ट करते हैं कि पिछले वर्ष फरवरी में एक अतिरिक्त दिन (लीप वर्ष) था, तो जनवरी-फरवरी 2025 में जीएसटी राजस्व में लगभग 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### भारत-अमेरिका समझौता 2025 तक हो सकता है पूरा : स्टेनली

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता 2025 के अंत तक पूरा हो सकता है। यह जानकारी मंगलवार को मॉर्गन स्टेनली द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। ट्रेड टैरिफ जोखिम को लेकर ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि भारत पर इसका काफी कम असर होगा। इसकी वजह देश का एशिया में गुड्स एक्सपोर्ट्स टू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) रेश्यो सबसे कम होना है।रिपोर्ट में बताया गया कि भारत पर टैरिफ वृद्धि को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि पारस्परिक टैरिफ किस प्रकार लगाए जाएंगे।

# खेल जगत

## विश्वकप 2027 में खेलने को लेकर अभी मुश्किल है : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने विश्वकप 2027 में अपनी भागीदारी को लेकर कहा कि अभी इस पर कुछ भी कहना मुश्किल है। मैं अभी अच्छा खेल रहा हूं और टीम के साथ खेल का आनंद उठा रहा हूं। रोहित ने सोमवार को 2027 संस्करण में अपनी भागीदारी पर कहा कि अभी यह कहना बहुत मुश्किल है। लेकिन मैं अपने सभी विकल्प खुले रख रहा हूँ। मैं देखना चाहता हूँ कि मैं कितना अच्छा खेल रहा हूँ। अभी, मैं वास्तव में अच्छा खेल रहा हूँ और इस टीम के साथ हर चीज का आनंद ले रहा हूँ। आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को जीत दिलाने के बाद रोहित ने अपने संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि अगला विश्व कप अभी भी भविष्यवाणी करने के लिए बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलना बहुत गर्व की बात है और जिस तरह से यह टीम खेल रही है।



# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से गौतम गंभीर की गाड़ी पटरी पर

■ गंभीर के हेड कोच के रूप में लिए गए कड़े फैसले टीम इंडिया के काम आए

■सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। भारत के अजेय रह तटस्थ स्थान दुबई में अपने सभी पांचों मैच जीत आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट खिताब जीतने टीम से पूर्व धुरंधर ओपनर गौतम गंभीर की टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में गाड़ी पटरी पर आ गई है। गंभीर भारत के मेहमान न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट की सीरीज 0-3 से और मेजबान ऑस्ट्रेलिया से पहला टेस्ट जीतने के बाद पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 1-3 से हारने के बाद आलोचकों के खासे निशाने पर रहे।

हेड कोच गंभीर के मार्गदर्शन में भारत की टीम इससे पहले श्रीलंका से उसके घर में तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज 0 -2 से हार गया था। भारत के मेहमान इंग्लैंड से पांच टी 20 की सीरीज 4-1 और तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 3-0 से जीतने के बाद दुबई में जीत के 'पंजे' के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से हेड कोच गंभीर ने अपने और टीम इंडिया के आलोचकों का मुंह बंद दिया। सच तो यह है कि गंभीर के हेड कोच के रूप में लिए कड़े फैसले फैसले टीम इंडिया के काम आए। भारत को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में जिस तरह उसके दो सबसे सीनियर क्रिकेटरों विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने बल्ले से धमाल कर मौके पर चौका जड़ दोनों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले 'शुभचिंतकों' को एकदम शांत करा हेड कोच गंभीर के भरोसे को सही साबित किया। अब एक बात तो लगभग तय है कि विराट और रोहित जैसे धुरंधर बल्लेबाजों तो के साथ हेड कोच गौतम गंभीर की त्रिमूर्ति 2027 के वन डे विश्व कप मे भारत की नुमाइंदगी करती दिखेगी। भारत अब दक्षिण अफ्रीका , जिम्बाब्वे व नामिबिया की संयुक्त मेजबानी में 2027 में होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले 27 वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। बेशक भारत का हेड कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतना भविष्य में कामयाबियों की नई कहानी लिखने का बस आगाज भर है। गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट टीम सही राह पर है। गौतम गंभीर बतौर हेड कोच बिंदास हो अपनी बात कहने में संकोच नहीं करते और मुमकिन है उनकी कोई बात किसी सीनियर क्रिकेटर को कभी चुभ भी जाती हो। गंभीर के लिए बेहतर होगा कि वह यदि टीम के खिलाड़ियों के साथ बेहतर संवाद कर भारत को अपने तीन बरस के इस कार्यकाल में यदि 2027 दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामिबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाला आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व तीसरी बार जिताए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता है। इससे पहले गंभीर के मार्गदर्शन में हालांकि मौजूदा चैंपियन भारत के सामने अपने घर में तीसरी बार टी 20 विश्व कप भी जीतने की चुनौती होगी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत के 2024 में आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद राहुल द्रविड़ के हेड कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद गौतम गंभीर ने 9 जुलाई, 2024 को भारत के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली।

## भारत 2027 वन डे विश्व कप से खेलेगा 27 मैच

दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद 2027 में दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी वन डे विश्व से पहले 27 वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। भारत अब अगली तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज बांग्लादेश के खिलाफ उसके घर में अगस्त सितंबर को इसी साल खेलेगा। इसके बाद एशिया कप खेलेगी और फिर इसी साल अक्टूबर नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ तीन और फिर दिसंबर, 2025 में ही दक्षिण अफ्रीका से अपने घर तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत 2026 के शुरू में मेहमान न्यूजीलैंड के खिलाफ वन डे सीरीज खेलेगा भारत इसके बाद 2026 में ही अपने घर में आईसीसी टी 20 विश्व कप की मेजबानी करेगा और इसमें क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह चुके विराट,रोहित, रवींद्र जडेजा की अनुभवी त्रिमूर्ति नही होगी। भारत जून, 2026 में मेहमान अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज और जून में इंग्लैंड के खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज खेलने जाएगी। वहां से वापस आ भारत अपने घर में मेहमान वेस्ट इडीज से सितंबर अक्टूबर में तीन वन डे मैचों खेलने के बाद दिसंबर में वन डे सीरीज खेलने जाएगा। 2027 के शुरू में मेहमान श्रीलंका के खिलाफ वन डे सीरीज खेलेगा। भारत इसके बाद 2027 में दक्षिण अफ्रीका में वन डे विश्व कप क्रिकेट खेलने जाएगा।

# अक्षर पटेल को बनाया जा सकता है दिल्ली कैपिटल्स का नया कप्तान



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। अपने हरफनमौला कौशल से भारत की 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद, अक्षर पटेल को अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का नया कप्तान बनाए जाने की संभावना है। ऑलराउंडर ने आईपीएल 2024 में डीसी का कप्तान बनने का फैसला किया था, जब उनके पूर्ववर्ती ऋषभ पंत को ओवर-रेट अपराध के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मैच में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी। सूत्रों ने मंगलवार को को बताया कि हां, अक्षर पटेल को आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाए जाने की संभावना है। फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को टीम का कप्तान बनाने के लिए कहा था, लेकिन वह आगामी टूर्नामेंट में एक खिलाड़ी के रूप में टीम के लिए योगदान देना चाहते हैं। अक्षर 2019 से डीसी के साथ हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले उन्हें 18 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर रिटेन किया गया था। 150 मैचों के अपने आईपीएल करियर में, अक्षर ने 130.88 की स्ट्राइक रेट से 1653 रन बनाए हैं,

■ पिछले साल मेगा नीलामी में 14 करोड़ रुपए में फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने के बाद राहुल भी नेतृत्व के दावेदार थे

जबकि 7.28 की इकॉनमी रेट से अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से 123 विकेट लिए हैं। अक्षर इस साल घरेलू मैदान पर इंग्लैंड पर 4-1 की टी20 सीरीज जीत के दौरान भारत के उप-कप्तान थे, लेकिन आईपीएल 2025 के लिए डीसी के कप्तान के रूप में उनका संभावित उत्थान उनके नेतृत्व कौशल का एक बड़ा परीक्षण होने जा रहा है, खासकर तब जब फ्रेंचाइजी अभी भी अपनी पहली चैंपियनशिप जीत की तलाश में है। पिछले साल मेगा नीलामी में 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने के बाद राहुल भी नेतृत्व के दावेदार थे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने इससे पहले आईपीएल में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए दो-दो सीजन खेले थे, जिसमें से एलएसजी ने उनके नेतृत्व में 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में प्रवेश किया था। लेकिन सूत्रों के अनुसार, अब वह नेतृत्व की भूमिका के बिना डीसी के लिए खेलेंगे। डीसी का आईपीएल 2025 का पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ होगा। 17 मार्च को विशाखापत्तनम के लिए रवाना होने से पहले, टीम का इस सप्ताह नई दिल्ली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होना है।

# बचपन से ही मेरा एक सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं : ऋषभ

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था।

हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पंत ने जियो हॉटस्टार पर



कहा कि बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं। पंत अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा कि पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे।

## ऋषभ पंत की बहन की शादी में क्रिकेट सितारों के मसूरी में जुटने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सितारों के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत की शादी में शामिल होने के लिए उत्तराखंड के मसूरी में जुटने की संभावना है। शादी समारोह मंगलवार और बुधवार को मसूरी में एक गुप्त स्थान पर होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के शादी में शामिल होने की उम्मीद है। साक्षी पंत व्यवसायी अंकित चौधरी से शादी कर रही हैं। दोनों ने लगभग नौ साल तक डेटिंग करने के बाद पिछले साल सगाई की थी। जनवरी 2024 में लंदन में जोड़े की सगाई समारोह में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी भी शामिल हुए थे। यूके में पढ़ाई करने वाली साक्षी के अपनी यात्रा की तस्वीरों और ट्रेंडी आउटफिट्स की बदौलत सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर हैं।



## मेरे कोच ने मुझे 'पहले डिफेंस' सीखने को कहा था : पंत

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उनकी अपरंपरागत खेल शैली और सहजता से छक्के मारने के कौशल के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है, लेकिन अपने शुरुआती क्रिकेट के दिनों में उन्हें अपने तत्कालीन कोच तारक सिन्हा द्वारा रक्षात्मक खेल सीखने के लिए मजबूर किया गया था। पंत, जो भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, उन्हें भारत की खिताब जीतने वाली चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि केएल राहुल को उनके आगे चुना गया था। अपने क्रिकेट के सफर का एक किस्सा साझा करते हुए, पंत ने बताया कि उनके कोच नेट्स में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर कैसे प्रतिक्रिया देते थे। पंत ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि जब मैंने रुड़की से आने के बाद खेलना शुरू किया, तो मैंने ज़्यादातर लॉफ़्टेड शॉट खेले - लगभग 80 फीसदी समय। मैं मैदान के साथ खेलने के बारे में नहीं सोचता था क्योंकि मैं पारी की शुरुआत करता था। मेरे पिता हमेशा कहते थे कि अपने आयु वर्ग के खिलाफ खेलना सामान्य है, लेकिन अगर आप क्रिकेट में सुधार करना चाहते हैं, तो आपको बड़े खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए।

# आईपीएल 2025 का पहला हाफ मिस करेंगे मयंक यादव



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर रहेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मयंक पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी करना फिर से शुरू किया है, जहां वह पिछले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू करने के बाद चोटिल हो गए थे। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन यदि वे सभी फिटनेस मानकों को पूरा करते हैं और अपनी गेंदबाजी के वर्कलोड को बढ़ाते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं। मयंक का टूर्नामेंट के पहले हाफ में अनुपलब्ध रहना एलएसजी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी ने 11 करोड़ रुपए में रिटेन किया था।

यह मयंक की सैलरी में एक बड़ा उछाल था क्योंकि 2024 सीजन से पहले एक अनकैप्ड तेज गेंदबाज के रूप में उन्हें केवल 20 लाख रुपये में खरीदा गया था। मयंक को इतनी बड़ी सैलरी मुख्य रूप से उनकी तेज गति के लिए मिली थी।

# अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता

■ शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में किया प्रवेश

**इंडियन वेल्स,** 11 मार्च (एजेंसियां)। कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया। दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में



10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया। अल्काराज ने जल्द ही 5-0 की बढ़त ले ली। हालांकि शापोवालोव ने अपनी लय पाई , लेकिन हाल ही में डलास ओपन चैंपियन विजेता को कभी भी मुश्किल में नहीं डाल पाया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एक घंटे और 24 मिनट में आगे बढ़ गया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज ने कहा कि मुझे पता है कि उसने सीजन की शुरुआत बहुत मजबूती से की, डलास में खिताब के साथ वास्तव में अच्छा टेनिस दिखाया, अकापुल्को में अच्छा टेनिस खेला, इसलिए मुझे पता था कि मुझे मैच की शुरुआत वास्तव में मज़बूती से करनी होगी, वास्तव में अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि अच्छी टेनिस खेलने की कोशिश करो, शुरुआत में अच्छी रैलियां करो ताकि अच्छी गति मिल सके, मैच में आ सकूं। मैंने देखा कि यह वास्तव में एक अच्छा और कठिन मुकाबला होने वाला था, इसलिए जिस तरह से मैंने मैच की शुरुआत की, उससे मैं वास्तव में बहुत खुश हूं।

# हरियाणा का सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी के फाइनल में झारखंड से मुकाबला

**पंचकूला,** 11 मार्च (एजेंसियां)। हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने सोमवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 - डिवीजन 'ए' में अपने-अपने रोमांचक सेमीफाइनल में विपरीत अंदाज में जीत हासिल की। डिवीजन 'ए' के पहले सेमीफाइनल मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से हराया। सोनम (41%), मोनिका (42%), मनीषा (47%) और कप्तान रानी (57%) ने हॉकी



मिजोरम के मजबूत डिफेंस के बाद एक-एक गोल करके बुधवार को अंतिम मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की की। डिवीजन 'ए' के दूसरे सेमीफाइनल मैच में हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड दोनों ने अंतिम सीटी बजने तक एक-दूसरे को गोल करने से रोकने के लिए शानदार कौशल दिखाया और मैच 0-0 पर समाप्त हुआ। इसके बाद टूर्नामेंट के अन्य फाइनलिस्ट का पता लगाने के लिए शूटआउट का सहारा लिया गया और हॉकी झारखंड ने करीबी मुकाबले में 3-2 से जीत हासिल की। हॉकी महाराष्ट्र के लिए काजल सदाशिव अटपडकर और प्रीति ने गोल किए, जबकि हॉकी झारखंड के लिए रजनी केरकेट्टा, कप्तान अलबेला रानी टोप्पो और शम्मी बारा ने गोल करके हॉकी हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जगह पक्की की।

# पांड्या मुंबई इंडियंस की टीम में हुए शामिल

**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले फ्रेंचाइजी टीम में मंगलवार को शामिल हो गए। पांड्या दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिताब जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर आठ टीमों के टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। मुंबई इंडियंस ने एक्स पर अपने कप्तान की एक तस्वीर साझा की और पोस्ट पर कैप्शन दिया, 'द गन हैज अराइव'। पांड्या ने अपने ऑलराउंड कौशल से टूर्नामेंट में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 31 वर्षीय पांड्या



ने चार स्पिनरों के साथ जाने की भारत की रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि उन्होंने नंबर 7 पर आते हुए अपने बल्ले से कुछ मैच जीतने वाली पारियां भी खेलीं। आईपीएल 2024 सीजन मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका पहला सीजन था, लेकिन यह उनके लिए अच्छा नहीं रहा क्योंकि 14 मैचों में से चार जीत के साथ मुंबई

■ आईपीएल 2024 सीजन मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका पहला सीजन था, लेकिन यह उनके लिए अच्छा नहीं रहा

स्टैंडिंग में सबसे निचले स्थान पर रही। ऑलराउंडर को आगामी सीजन में बेहतर परिणाम की उम्मीद होगी।

हालांकि, पांड्या पिछले संस्करण के अंत में एक मैच के निलंबन के कारण 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ एमआई के शुरुआती मैच से चूकने वाले हैं। यह जुर्माना आईपीएल 2024 के दौरान तीन ओवर-रेट उल्लंघन के बाद लगाया गया है। आईपीएल नियमों के अनुसार, एक कप्तान को एक मैच के निलंबन का सामना करना पड़ता है, जब कोई टीम एक सीजन में तीन ऐसे उल्लंघन करती है। सोमवार को, एमआई के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने और पारस म्हाम्ब्रे और लसिथ मलिंगा (गेंदबाजी कोच), जे अरुण कुमार (सहायक बल्लेबाजी कोच), और कार्ल हॉपकिंसन (फील्डिंग कोच) के कोचिंग स्टाफ ने मैदान पर कदम रखा, जिससे उन लड़कों के लिए एक गहन प्रशिक्षण सत्र की व्यवस्था की गई जिन्होंने अपना शिविर शुरू कर दिया है। इस सत्र में नमन धीर, बेवन जैकब्स, रॉबिन मिंज, केएल श्रीजीत, राज अंगद बावा, पीएसएन राजू, अश्विनी कुमार और विग्नेश पुथुर शामिल हुए। जयवर्धने ने कहा कि नए सत्र में नए सिरे से शुरुआत की जाएगी।

# दीप्ति पांचवें स्थान और अथापथु संयुक्त सातवें स्थान पर



**दुबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। श्रीलंका की अनुभवी ऑलराउंडर चामरी अथापथु ने आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में संपन्न श्रृंखला में अपने प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर श्रेणी में दो स्थान ऊपर चढ़ गई हैं जबकि भारत की दीप्ति शर्मा पांचवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। अथापथु, जो लंबे समय से श्रीलंका की महिला क्रिकेट की आधारशिला रही हैं, रैंकिंग में संयुक्त सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के साथ स्थान साझा किया है। बाएं हाथ की इस

■ टी-20 सीरीज की शुरुआत 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगी

खिलाड़ी ने श्रीलंका के संघर्ष के बावजूद न्यूजीलैंड की अनुभवी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन को पीछे छोड़ दिया, जिसमें उन्हें 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। अथापथु ने तीन वनडे मैचों में 25 रन बनाए और तीन विकेट लिए, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपनी ऑलराउंड क्षमताओं का प्रदर्शन किया। टी-20 सीरीज की शुरुआत 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगी, इसके बाद 16 मार्च को इसी मैदान पर दूसरा मैच खेला जाएगा। इसके बाद सीरीज का समापन 18 मार्च को डुनेडिन में अंतिम टी20 मैच के साथ होगा। इस बीच, भारत की दीप्ति शर्मा ने भी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार करते हुए अमेलिया केर को पछाड़कर ऑलराउंडरों में पांचवां स्थान हासिल किया।

## सार संक्षेप

### हैरी ब्रूक ने आईपीएल से नाम लिया वापस

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस ले लिया है। यह लगातार दूसरी बार है जब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है।इंग्लैड के 26 वर्षीय ब्रूक ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि वह इस साल दिल्ली कैपिटल्स के लिए नहीं खेलेंगे। उन्होंने लिखा कि मैंने आगामी आईपीएल से नाम वापस लेने का बहुत कठिन फैसला लिया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है। जब से मैं छोटा था, मैंने अपने देश के लिए खेलने का सपना देखा है और मैं इस स्तर पर अपने पसंदीदा खेल को खेलने का अवसर पाकर बहुत आभारी हूं।

### शापोवालोव को हराकर अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में

**कैलिफोर्निया।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। आज यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है। बुधवार को अल्काराज का सामना नंबर 14 सीड ग्रिगोर दिमित्रोव और गेल मोनफिल्स के होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### गढ़वाल यूनाइटेड ने जीता फुटसल लीग खिताब

**नई दिल्ली।** गढ़वाल यूनाइटेड ने दिल्ली फुटसल महिला लीग के फाइनल मुकाबले में जुबा संघा को 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इंदिरा गाँधी केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में अनुभवी खिलाडियों से सुसज्जित गढ़वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सनफिदा नॉन्गरोम, श्रुति कुमारी, लीडिगी किम और थीमलालजी रूबी ने एक एक गोल किये। वहीं जुबा संघा की ओर से एकमात्र गोल निधि ने किया। गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल और सूझबूझ रही तो युवा संघा के खेल में अनुभव की कमी दिखी जिसके कारण उसने हार का सामना करना पड़ा। गढ़वाल की सनफिदा को प्लेयर ऑफ द लीग, फ्रैंग्रेसी रीवान को टॉप स्कोरर और ईमी की एलिश को श्रेष्ठ गोल कीपर का सम्मान मिला।

### मुम्बई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को नौ रनों से हराया

**मुम्बई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (54) और नेट सायवर ब्रंट (38) की पारियों के बाद एमेलिया केर (तीन विकेट), हैली मैथ्यूज और शबनिम इस्माइल (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंम्बई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल के 19वें मुकाबले में सोमवार को गुजरात जायंट्स को नौ रनों से हरा दिया।